राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार , 29 मार्च 2025

वर्ष 06, अंक 179, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

कीचड़ भरे रास्ते पर होकर जाना पड़ा.....03

जनपद में जनकल्याणकारी योजनाओं का भव्य वितरण समारोह का....12

# सुप्रीम कोर्ट से इमरान प्रतापगढ़ी को बड़ी राहत, गुजरात पुलिस की प्राथमिकी खारिज

**ब्यूरो प्रयागराज।** कथित रूप से भड़काऊ गीत पोस्ट करने के लिए प्रतापगढ़ी के खिलाफ 3 जनवरी को मामला दर्ज किया गया था। प्रतापगढ़ी पर धर्म, नस्ल आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देने से संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। यह एफ़आईआर उनकी सोशल मीडिया पर साझा की गई एक कविता को लेकर दर्ज की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक अहम फ़ैसले में कहा कि अभिव्यक्ति की आज़ादी एक स्वस्थ और सभ्य समाज का अभिन्न हिस्सा है। जस्टिस एएस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने गुजरात पुलिस की कार्रवाई पर कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि शत्रुता को बढ़ावा देने जैसे अपराध को %असुरक्षित लोगों% के स्टैंडर्ड से नहीं आँका जा सकता, जो हर बात को ख़तरा या आलोचना मान लेते हैं। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब हास्य कलाकार कुणाल कामरा का शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे के ख़िलाफ़ %गद्दार% वाली टिप्पणी को लेकर मानहानि का मामला भी सुर्खियों में है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना अदालत का कर्तव्य है।पीठ ने कहा, ''भले ही बड़ी संख्या में लोग किसी के द्वारा व्यक्त किए गए विचारों को नापसंद करते हों लेकिन व्यक्ति के विचार व्यक्त करने के अधिकार का सम्मान और संरक्षण किया जाना चाहिए। कविता, नाटक, फिल्म, व्यंग्य और कला सहित साहित्य मानव जीवन को अधिक सार्थक बनाते हैं।'' कांग्रेस नेता ने गुजरात



हाईकोर्ट के 17 जनवरी के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की उनकी याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया गया था कि जांच अभी प्रारंभिक चरण में है। यह विवाद तब शुरू हुआ था जब इमरान प्रतापगढ़ी ने सोशल मीडिया पर एक कविता पोस्ट की। इसके बैकग्राउंड में गाना ऐ खून के प्यासे बात सुनो चल रहा था। इस कविता को बीजेपी शासित गुजरात सरकार पर तंज के रूप में देखा गया। इसके बाद गुजरात पुलिस ने उनके ख़िलाफ़ आईपीसी की धारा 153ए (धर्म, जाति आदि के आधार पर शत्रुता को बढ़ावा देना) के तहत एफ़आईआर दर्ज की। 17 जनवरी को गुजरात हाई कोर्ट ने इस एफ़आईआर को रद्द करने से इनकार कर दिया था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने जनवरी में सुनवाई के बाद फ़ैसला सुरक्षित रखा और अब इसे रद्द कर दिया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि यह कविता न तो धर्म-विरोधी थी और न ही राष्ट्र-विरोधी, और पुलिस को संवेदनशीलता दिखानी चाहिए थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फ़ैसले में अभिव्यक्ति की आज़ादी को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सम्मानजनक जीवन का आधार बताया। बेंच ने कहा, विचारों और भावनाओं की स्वतंत्र अभिव्यक्ति एक स्वस्थ सभ्य समाज का हिस्सा है। इसके बिना सम्मानजनक जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। साहित्य, कविता, नाटक, कला, व्यंग्य - ये सब जीवन को समृद्ध करते हैं। कोर्ट ने गुजरात हाई कोर्ट के रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि अदालतों और पुलिस का कर्तव्य संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना है। इसने कहा कि अभिव्यक्ति की आज़ादी सबसे कीमती अधिकार है। यह फ़ैसला कई मायनों में ऐतिहासिक है। यह अभिव्यक्ति की आज़ादी के पक्ष में एक मज़बूत संदेश देता है, खासकर ऐसे समय में जब सोशल मीडिया पर व्यक्त विचारों के लिए लोगों पर मुक़दमे दर्ज किए जा रहे हैं। कुणाल कामरा जैसे मामलों के संदर्भ में यह फ़ैसला एक मिसाल हो सकता है, जहां व्यंग्य और आलोचना को अपराध मानने का रुझान बढ़ रहा है।कुणाल कामरा पर एक पैरोडी शो में एकनाथ शिंदे को गद्दार कहने के लिए मानहानि का केस चल रहा है, और सुप्रीम कोर्ट का यह रुख ऐसे मामलों में राहत की उम्मीद जगा सकता है। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि अभिव्यक्ति पर उचित प्रतिबंध वास्तव में उचित होने चाहिए, न कि काल्पनिक या बाधा बनने वाले। जजों ने स्वीकार किया कि कभी-कभी बोले या लिखे गए शब्द उन्हें व्यक्तिगत रूप से पसंद न आएं, लेकिन उनकी ज़िम्मेदारी संविधान और उसके मूल्यों को बनाए रखने की है। सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात पुलिस की संवेदनहीनता पर सवाल उठाए और कहा कि उन्हें अभिव्यक्ति की आज़ादी के मायने समझने चाहिए। कोर्ट ने इस पर भी जोर दिया हर आलोचना को शत्रुता या ख़तरे के रूप में नहीं देखा जा सकता। गुजरात हाई कोर्ट के एफ़आईआर रद्द करने से इनकार करने पर नाराज़गी जताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निचली अदालतों को भी संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आना होगा। यह मामला केवल कानूनी दायरे तक सीमित नहीं है। गुजरात में बीजेपी की सरकार है, और इमरान प्रतापगढ़ी कांग्रेस के सांसद हैं। उनकी कविता को सत्तारूढ़ दल पर निशाना माना गया, जिसके बाद एफ़आईआर को राजनीति से प्रेरित भी कहा गया। सुप्रीम कोर्ट का यह फ़ैसला विपक्षी नेताओं और एक्टिविस्टों के लिए राहत की बात हो सकता है, जो अक्सर अपनी टिप्पणियों के लिए निशाने पर आते हैं। साथ ही, यह साहित्य और कला के माध्यम से अभिव्यक्ति करने वालों को मज़बूती देता है। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को अभिव्यक्ति पर प्रतिबंध लगाने में उचित-अनुचित का ध्यान रखने का निर्देश दिया है, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह व्यावहारिक रूप से लागू हो पाएगा? भारत में अभिव्यक्ति की आज़ादी पर बहस लंबे समय से चल रही है और कई बार पुलिस और सरकार की कार्रवाइयां इसे सीमित करती नज़र आती हैं। इस फ़ैसले से यह उम्मीद जगी है कि अदालतें संवैधानिक मूल्यों की रक्षा में अपनी भूमिका मज़बूती से निभाएंगी। सुप्रीम कोर्ट का यह फ़ैसला अभिव्यक्ति की आज़ादी को नई ऊंचाई देता है। इमरान प्रतापगढ़ी की कविता को लेकर दर्ज एफ़आईआर का रद्द होना न केवल उनकी व्यक्तिगत जीत है, बल्कि यह हर उस नागरिक के लिए संदेश है जो अपने विचार व्यक्त करना चाहता है। गुजरात पुलिस और हाई कोर्ट को आईना दिखाते हुए कोर्ट ने साफ़ कर दिया कि लोकतंत्र में असहमति और आलोचना का स्थान है और इसे %असुरक्षित लोगों% के डर से दबाया नहीं जा सकता। यह फ़ैसला आने वाले समय में अभिव्यक्ति की सीमाओं को तय करने में मील का पत्थर साबित हो सकता है।

## महाकुम्भ-के दौरान भीड़ नियंत्रण एवं यातायात प्रबंधन व्यवस्थापन के बारे में राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में दिया व्याख्यान



स्वतंत्र प्रभात

महाकुम्भ-2025 के सकुशल एवं सुरक्षित सम्पन्न होने पर पुलिस आयुक्त प्रयागराज श्री तरुण गाबा द्वारा दिनांक 27-03-2025 को राष्ट्रीय पुलिस अकादमी, हैदराबाद में आयोजित 17वें MCTP (MID CAREER TRAINING PROGRAMME) में महाकुम्भ-2025 के दौरान भीड़ नियंत्रण एवं यातायात प्रबंधन तथा पुलिस व्यवस्थापन के सम्बन्ध में व्याख्यान दिया गया। प्रधानमंत्री भारत सरकार नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार श्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में महाकुम्भ-2025 विश्व का सबसे बड़ा सफल आयोजन रहा हैं। राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में आयोजित 17वें MCTP (MID CAREER TRAINING PROGRAMME) में देश के विभिन्न राज्यों जम्मू कश्मीर, मणिपुर, केरल, गुजरात आदि से कुल 68 प्रतिभागियों (IPS -2001 से 2011 बैच तक) द्वारा प्रतिभाग किया गया जिनको महाकुम्भ-2025 के आयोजन/व्यवस्थापन पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया। पुलिस आयुक्त श्री तरुण गाबा द्वारा महाकुम्भ-2025 के दौरान उ0प्र0 पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं/आगन्तुकों व विभिन्न देशों से आये हुए पर्यटकों, महानुभावों हेतु 07 स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तथा आपातकालीन परिस्थितियो हेतु कन्टीजेन्सी प्लान, ड्रोन निगरानी एवं श्रद्धालुओं के सुगम व सुरक्षित आवागमन हेतु यातायात व्यवस्था, ढ्ढष्टष्ट (इंटीग्रेटेड कमाण्ड एवं कन्ट्रोल सेन्टर) द्वारा ढ्ढ (आर्टिफिसियल इंटेलीजेन्स) तकनीक का प्रयोग करते हुए भीड़ नियंत्रण एवं यातायात संचालन की सतत निगरानी, इत्यादि के सम्बन्ध में विस्तृत व्याख्यान देते हुए अनुभवों को साझा किया गया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पिहानी में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई अलविदा जुमे की नमाज, मस्जिदों में उमड़े रोजेदार

हरदोई पिहानी कस्बे मेंरमजान में अलविदा जुमा की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट पर है। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस की तैनाती कर दी गई है इसके अलावा गश्त भी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ऐसा निर्देश है और पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। क्षेत्राधिकार हरियावा संतोष सिंह व इंस्पेक्टर पिहानी विद्यासागर पाल पिहानी की शान्ति व्यवस्था पर नजर रखे रहे। बृहस्पतिवार की शाम पुलिस ने सभी थ क्षेत्रों में पैदल गश्त की। मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील मुहल्लों में पुलिस तैनात की गई है। सीओ संतोष सिंह ने बताया कि नमाज संपन्न होने तक सभी पुलिसकर्मियों को भ्रमणशील रहने के लिए कहा गया है।

### मथुरा जनपद कुट्टू प्रोन क्षेत्र, नवरात्र नव वर्ष पर रखे जाएगी विशेष निगरानी

**मथुरा।** आगामी चौत्र नवरात्र एवं ईद उल फितर पर्व के अवसर पर मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए विशेषकर नवरात्र के अवसर पर तैयार होने वाले भोग प्रसाद, सिंघाड़े का आटा, सेंधा नमक, घी, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, कुट्टू का आटा व अन्य फलाहार तथा ईद उल फितर पर्व के अवसर पर तैयार होने वाले सेंवइयां, खोया, मिठाईयों की गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने एवं अभिसूचना आधारित प्रभावी प्रवर्तन के लिए 29 मार्च से छह अप्रैल 2025 तक विशेष अभियान चलाये जाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही हिन्दू नववर्ष, नवरात्रि के उपलक्ष्य में धार्मिक स्थलों पर आयोजित भण्डारों पर वितरित किये जाने वाले प्रसाद एवं खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में सम्बन्धित आयोजकों को जागरूक किया जायेगा। जनपद मथुरा कुट्टू प्रोन क्षेत्र है यहां पर पूर्व में खुले कुट्टू के आटे के सेवन से फूड प्वाइजनिंग की कई घटनायें हो चुकी हैं। जिसके कारण खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा पूर्व में ही खुले कुट्टू के आटे के विक्रय, भंडारण पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। आगामी नवरात्र पर्व के दृष्टिगत जनपद मथुरा के समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि पैक्ड कुट्टू का आटा व अन्य व्रत के खाद्य पदार्थों जिन पर निर्माण तिथि एवं उपयोग तिथि अंकित हो, का ही विक्रय करें।

# मुसलमानों को ईद पर सौगात ए मोदी नही, न्याय और नागरिक सम्मान की बहाली चाहिए : अरशद अली

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के नि वर्तमान शहर अध्यक्ष अरशद अली ने कहा है हमें हमारे शासक से ईद का तौहफें मे राशन की खैरात और कफन का लिबास नही बल्कि नागरिक सम्मान और हमारे खिलाफ फैलाई जा रही धार्मिक नफ़रत-कट्टरवाद से सुरक्षा चाहिए ॥ अगर सच में अब सत्ता हमारे विश्वास और विकास की सकारात्मक पहल करना चाहती है तो फिर सबसे पहले ग्यारह सालों में फैलाई गई इस नफ़रत को खत्म करे वही मुस्लिम समाज के लिए ईद का तोहफ़ा होगा अरशद अली ने कहा मोदीमित्र राशन किट से ज्यादा हमारा नागरिक सम्मान और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का विश्वास बहाल होना जरूरी है। क्या यह सौगात उन्हीं मुसलमानों को



दिया जा रहा है जिसके बारे में आप सभ्य हिंदू समाज को यह कहते हुए डरा रहे थे कि यह तुम्हारा मंगलसूत्र लेकर भाग जाएंगे या तुम्हारी दो भैसे में से एक भैंस लेकर भाग जाएंगे यह जिन्हें कपड़ों से पहचान करते थे, जिनके सैकड़ो बच्चे हैं...? हर रोज हमारी आत्मा पर धार्मिक नफ़रत और कट्टरवाद का थप्पड मारकर एक दिन का दुलार और उसी पल ही कही हमारे आशियानें पर होता बुलडोज़र वार ...? हमारे घरों पर मोदीसरकार का बुलडोज़र चल रहा है, हमें गद्दार दंगाई और आतंकी कहा जा रहा है ॥ हमारी वक्फ संपत्ति को छिनने के लिए के संसद में कानून बनाया जा रहा है ॥ हम पर मुगलों का इतिहास बताकर हमले हो रहे है, हमारे नौजवानों को दंगाई बताकर जेल में डाला जा रहा है ॥ खुल्लेआम कत्लेआम के भाषण दिए जा रहे हैं अगर सचमें मोदीजी आप देश के मुसलमानों कुछ देना चाहते है तो सबसे पहले ये धार्मिक कट्टरवाद और आपके पार्टी के नेता जो अपने जहरीला भाषण नफ़रत हमारे खिलाफ फैलाई जा रही है इसे बंद कराए । आपके दल की राज्य सरकारें हमारे धार्मिक स्थलों हमारी इबादतगाहों पर बुलडोज़र चला रही है , मदरसाओं को अवैध बताकर बंद करने के षड्यंत्र रच रही है हमारे खिलाफ आर्थिक बहिष्कार के हुक्म दे रही है मुसलमान आपके जुल्म ओ सितम पर आंसू बहाएं या आप की उदारता पर मुस्कुराए आखिर सत्ता के द्वारा किये जा रहे अन्याय के बाद भी कैस आपको अपना हितैशी माने ..? कैसे विश्वास किया जाए CAA और इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल सैकड़ों लोगों की गिरफ्तारी , माबलिंचिंग में सैकड़ों एखलाक की हत्याएं, शरियत में दखल, हर मस्जिद पर हमला, अज़ान पर हमले, मदरसों में ताले , दंगों में हजारों की जान और बड़े छोटे सभी नेताओं द्वारा मुसलमानों को लाखों गालियां, कभी हमारे नबी हज़रत मुहम्मद ? को तो कभी इस्लाम को.... इसके बदले एक कुर्ता पजामा, एक सलवार सूट, खजूर का एक पैकेट, एक देशी घी का डिब्बा, चीनी का एक पैकेट और सेवंई कुल मिलाकर करीब ?5 हज़ार के डिब्बे की ÷सौगात÷ बिन मांगे दी जाने वाली भीख है।

## यूपी में बड़ा प्रशासनिक झटका, 15 अफसरों पर गिरेगी गाज

**ब्यूरो लखनऊ।** लखनऊ के पूर्व डीएम अभिषेक प्रकाश की मुश्किलें डिफेंस कॉरिडोर भूमि अधिग्रहण घोटाले में और बढ़ गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व परिषद की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस घोटाले में 15 अन्य अधिकारियों को भी दोषी पाया गया है, जिनका निलंबन जल्द किया जाएगा। डिफेंस कॉरिडोर भूमि अधिग्रहण घोटाले में फंसे लखनऊ के पूर्व डीएम अभिषेक प्रकाश की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब इस मामले में 15 अन्य अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजस्व परिषद के अध्यक्ष डॉ. रजनीश दुबे की जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी अधिकारियों के निलंबन के निर्देश जारी कर दिए हैं। इन अधिकारियों पर जल्द ही निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, मुख्यमंत्री ने भूमाफियाओं के खिलाफ भी सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। घोटाले से जुड़े दोषियों से मुआवजे की राशि भी वसूली जाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने डिफेंस कॉरिडोर परियोजना के तहत लखनऊ के सरोजनी नगर तहसील में भटगांव ग्राम पंचायत की भूमि अधिग्रहण की थी।

**समारोह** .....मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता एवं विधायक नीरज बोरा की मौजूदगी में कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

# बाथम वैश्य सभा ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के माधव सभागार में शुक्रवार को बॉथम वैश्य सभा द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। होली मिलन समारोह मे मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता एवं विधायक नीरज बोरा की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ महामंत्री मनीष गुप्ता द्वारा किया गया ! महामंत्री सुभाष गुप्ता,विकास गुप्ता, संजय गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, पीयूष गुप्ता, शिशिर गुप्ता अजय गुप्ता और प्रशांत द्वारा कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों को फूल माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या मे बाथम समाज के सदस्यों और उनके परिवारीजनों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया । मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने कहा होली का त्योहार हमें एकता और प्रेम का संदेश देता है। यह त्यौहार हमें अपने मतभेदों को भूलकर एक दूसरे के साथ मिलकर रहने की प्रेरणा देता है । विधायक नीरज बोरा ने बताया कि होली







आपसी भाई चारे और सौहार्द का प्रतीक है , इसमें हम सभी को आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ चलने का संकल्प लेना चाहिए । वहीं बॉथम वैश्य सभा लखनऊ के मुख्य संरक्षक हरसरन लाल गुप्ता ने अपने सम्बोधन मे कहा हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को बचाने और आगे बढ़ाने की आवश्यकता है । बाथम वैश्य सभा लखनऊ के अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने कहा होली का त्यौहार हमें अपनी संस्कृति के मूल्यों को समझने और उनका पालन करने का अवसर प्रदान करता है। महिला सभा अध्यक्ष रानी गुप्ता पिंकी गुप्ता रूपाली गुप्ता ने बताया समारोह में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें गायन, नृत्य और नाटक शामिल थे। वरिष्ठ जनों का सम्मान विशेष सहयोगों का सम्मान किया गया समाज के सदस्यों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने विशेष रूप से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और उन्हें पुरुस्कार भी दिए गए। फूलो की होली के उपरांत सभी ने विशेष रूप से तैयार किये गए व्यंजनों का आनंद लिया ! समारोह के अंत में बाथम समाज के अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने सभी सदस्यों एवं कार्यक्रम में आए हुए लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया

## महंगाई, एमएसपी के असंतुलन में पिसा किसान

**मथुरा।** गेहूं की कटाई तेज हो गई है। फसल को खेतों से जल्द उठाने के लिए किसान तपती दोपहरी में पसीना बहा रहे हैं। फसल को काटने के लिए मजदूर नहीं मिलने से भी किसानों के सामने दिक्कतें आ रही हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार गेहूं की कटाई महंगी पड़ रही है। अढती महंगाई की अनुपात में अब खेतिहर मजदूर भी हर साल दिहाडी बढा रहे हैं। दूसरी ओर किसान को फसल पर मिलने वाली एमएसपी में उस अनुपात में वृद्धि नहीं हो रही है। महंगाई की दोहरी मार किसान पर पड रही है। खेती वर्ष दर वर्ष खर्चीली होती जा रही है। जबकि बढती महंगाई का मुंकाबला करने के लिए कृषि क्षेत्र में कोई तकनीकी मॉडल लागू नहीं किया जा सका है। रबी की फसल में गेहूं की फसल पक चुकी है। इसकी कटाई खेतों में होली के बाद से ही शुरू हो गई। ओल, परखम, बरारी, रैपुराजाट, दीनदयाल धाम फरह क्षेत्र के सभी गांवों में फसल की कटाई जोरों पर चल रही है। गर्मी अधिक होने के कारण गेंहू की फसल सूखने लगी है किसान मजदूर से कटाई करता है लेकिन मजदूर दूर दूर तक नही मिल रहे है अगर मजदूर मिल रहे तो दो कुंटल का बीघा मांग रहे है किसान मजबूरी में गेंहू कटवा रहे तो छोटे किसान अपने बच्चों को लेकर गेंहू काट रहे है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पंचायत भवन पर लगे पौधों को दबंगों ने उखाड़ कर फेंक उप जिला अधिकारी से हुई शिकायत



**बस्ती।** बस्ती जिले के हरैया थाना क्षेत्र बरगदवा माफी गांव पंचायत भवन के प्रांगण में श्रीमती प्रभावती के ब्रह्म भोज के अवसर पर सम्मानित क्षेत्रीय एवं ग्रामीण तथा ग्राम प्रधान वह माननीय विधायक और डॉक्टर की टीम एवं जिला पंचायत सदस्य महोदयगढ़ की उपस्थिति में दिनांक 2 फरवरी को वृक्षारोपण हुआ था जिसमें फलदार वृक्ष आम कटहल तथा छायादार वृक्ष पीपल व बरगद व नीम सहित पौधे लगाए गए थे जिनकी सुरक्षा के लिए लोहे के ट्री गार्ड भी लगाए गए थे अभी सूत्रों से पता चलाकुछ दिन ही पहले ज्ञानपुर निवासी राधिका पुत्री संगम वा रामरेश द्वारा वृक्षों को उखाड़ कर फेंक दिया गया दिनेश कुमार पटेल द्वारा उपजिला अधिकारी हरैया को प्रार्थना पत्र में नाम जड़ शिकायत लिख कर दिया जिस पर उप जिला अधिकारी ने थाना अध्यक्षहरैया को निर्देशित किया मौके पर जांच करके दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए जिससे भविष्य में ऐसी गलती दोबारा ना हो।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, परिजनों ने किया दाह संस्कार



**बस्ती।** बस्तीजिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गाँव में गुरुवार की दोपहर में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई।परिजनों ने आनन फानन में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना को लेकर गाँव में कई तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पूरा मामलजिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के एक गाँव में गुरुवार की दोपहर में करीब 35वर्षीय महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। परिजन महिला को सीएचसी कप्तानगंज ले गये जहां पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया परिजन बिना पुलिस को सूचना दिये ही महिला के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। घटना को लेकर पति पत्नी के बीच विवाद बताया जा रहा हैं। महिला की मौत से तीन बच्चे अनाथ हो गये। ग्रामीणों की मानें तो पति का एक अन्य महिला से सम्बंध के चलते कई महीनों से पति पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। घटना कप्तानगंज पुलिस ने अनभिज्ञता जताई हैं।

## मारिफा हक ने प्राप्त किया पहला स्थान




**चित्रकूट-** जिला मुख्यालय के शैक्षणिक संस्थानों में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। शहर के बचपन प्ले स्कूल में शुक्रवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बच्चों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा रिपोर्ट कार्ड सौंपा गया। जिसमें यूकेजी कक्षा की छात्रा मारिफा हक ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक मिनहाज खान ने बताया कि मारिफा हक विद्यालय की एक होनहार छात्रा है, जो हमेशा से विद्यालय में बेहतर अंक हासिल करके क्षेत्र का नाम रौशन करती है। इसके अलाला मारिफा हक नियमित रूप से विद्यालय आने और विज्ञान प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। इसी प्रकार किंग्सन इंग्लिश मीडियम जूनियर हाईस्कूल और एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के भी परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

## जल शक्ति मंत्री ने संतोष सोनी को किया सम्मानित

**चित्रकूट-** पाठा क्षेत्र के बरगढ़ निवासी संतोष सोनी पुत्र गनपत लाल सोनी को विश्व के सबसे बड़े संस्कृति समागम महाकुंभ 2025 प्रयागराज में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'स्वच्छ सुजल गांव' की प्रदर्शनी में शानदार एवं सराहनीय योगदान के लिए शुक्रवार को लखनऊ में कैबिनेट जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। महाकुंभ में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन व नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत 'स्वच्छ सुजल गांव' की प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसमें संतोष सोनी ने श्रद्धालुओं को इस महत्वकांक्षी परियोजना की विस्तृत जानकारी देते हुए जल संरक्षण, जल जनित बीमारी एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जागरूक किया था।

# शॉर्ट सर्किट के चलते गन्ने व गेहूं की फसल जलकर हुई राख, किसान के साल भर की कमाई में लग गई आग

**● बिजली खंभे ढीले तार किसानों के लिए समस्या खड़ी कर रही है विभाग लापरवाही के कारण तारों को सही करने का सहमत नहीं उठा रहे हैं**



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के नारायनपुर/भटहा गांव में शॉर्ट सर्किट के चलते गेहूं के फसल में आग लग गई जिसमें कई बीघा गेहूं और गन्ने की फसल जलकर राख हो गई।स्थानीय लोगों ने नजदीकी बोरिंग के माध्यम से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तेज धूप और हवा के चलते ग्रामीण आग पर काबू नहीं पा सके,जब तक फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचती तब तक कई बीघे गेहूं की फसल जलकर राख हो गई।हालांकि स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर के माध्यम से बगल के खेत को जोत कर आग को बढ़ने से रोकने का प्रयास किया लेकिन आग के रौद्र रूप को देख लोग विवश दिखाई दिए।

काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया गर्मी के मौसम में भीषण आग का तांडव देखने को मिल रहा है तेज पछुआ हवा से बिजली के खाबो में शर्ट सर्किट होने के कारण आपका तांडव देखने को मिल रहा है कुछ लापरवाही बिजली विभाग की ढीले तार जर्जर खंबे के कारण हवा का झोंका संभाल पाने में मुश्किल हो रहा है इसी कारण किसने की 6 महीने की कमाई पर ग्रहण लग रहा है सरकार द्वारा फायर ब्रिगेड स्थलों को बढ़ाया गया गाड़ियों को बढ़ाया गया लेकिन जब तक गाड़ी पहुंचती है तब तक कई बीघा गेहूं जलकर राख हो जाते हैं किसानों पर संकट के बदले मडरा रहे हैं अभी गेहूं ठीक से पका भी नहीं है किसान चिंतित नजर आ रहे हैंलेकिन तब तक राम लाल यादव निवासी नरायनपुर का लगभग 10 बीघा गेहूं,महेंद्र यादव नरायनपुर का 3/4 बीघा गन्ना की पेड़ी एवं जगदीश भटहा लगभग 01 बीघा गेहूं जलकर राख हो गया। पीड़ितों ने इसकी सूचना स्थानीय लेखपाल को दी है।

# भाकियू ने राष्ट्रपति को भेजा 5 सूत्रीय ज्ञापन

**● सरकार पुलिस पर शिकंजा कसे निर्दोष जनता को उत्पीड़न कर रहे हैं बस्ती पुलिस चोरी की घटनाओं खुलासा करने में नाकाम है पुलिस**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर जिलाध्यक्ष गौरीशंकर चौधरी के नेतृत्व में किसान समस्याओं को लेकर बस्ती सदर तहसील परिसर में धरना दिया। धरने के बाद जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को 5 सूत्रीय ज्ञापन भेजा गया।राष्ट्रपति को भेजे 5 सूत्रीय ज्ञापन में पंजाब में किसान आन्दोलन के दौरान किसानों पर अंधाधुन्ध बल प्रयोग रोकने, लोकतांत्रिक अधिकार बहाल किये जाने, जेल में बंद सभी किसानों को रिहा किये जाने, किसानों के ट्रैक्टश्र, ट्राली एवं अन्य उपकरणों को वापस कराये जाने, क्षतिग्रस्त या चोरी हुये सामान की भरपाई पंजाब सरकार द्वारा कराये जाने, अमेरिका सहित अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते के लिये जो वार्ता चल रही है उसे राष्ट्रीय हित में रोके जाने आदि की मांग शामिल है। ज्ञापन देने के बाद भाकियू के पूर्वान्चल अध्यक्ष अनूप कुमार चौधरी, शोभाराम ठाकुर, महेन्द्र कुमार चौधरी, जयराम चौधरी, गौरीशंकर चौधरी, अशोक कुमार चौधरी, का. के.के. तिवारी आदि ने कहा कि देश का किसान लगातार बदहाली का शिकार है। केन्द्र और राज्य की सरकारें किसानों से



वार्ता की जगह उनके आन्दोलनों को कुचल रही है। उन पर लाठियां बरसाकर जेल भेजा जा रहा है। यदि केन्द्र और राज्य सरकारों ने यदि किसानां के प्रति अपना रवैया न बदला तो राष्ट्र व्यापी आन्दोलन छेड़ा जायेगा। धरना प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से रामकेवल वर्मा, रामचन्द्र सिंह, रामकृष्ण चौधरी, राम सागर, दीप नरायन, त्रिवेनी चौधरी, ब्रम्हदेव चौधरी एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारी, किसान, मजदूर शामिल रहे।

# भारत नेपाल मैत्री होली मिलन समारोह का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**जरवा/बलरामपुर** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वाधान में भारत नेपाल मैत्री होली मिलन समारोह का आयोजन सशस्त्र सीमा बल 9वी वाहिनी कोयलाबास स्थित चौकी पर किया गया। जिसमें नेपाल से केशवराज पोखेल , अनिल थापा मंत्री, केशव यादव जिला डांग गढ़वा रहे और भारत से यशोदानंद प्रांत प्रचारक प्रमुख अवध प्रांत मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में नेपाल व भारत से विभाग प्रचारक प्रवीण समेत सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी व नागरिक मौजूद रहे। सभी ने भारत माता की चित्र पर पुष्प अर्पित किया, एवं अयोध्या में विराजे भगवान बालक राम का विग्रह भेंट किया, तत्पश्चात थारु जनजाति की बेटियों ने तिलक कर सभी नेपालियों एवं भारतीय नागरिकों का स्वागत किया, परिचय एवं मंच संचालन कार्यकर्ता राम कृपाल ने किया।



नेपाल हिंदू स्वयंसेवक संघ के संभाग प्रचारक पंकज शर्मा ने संबोधन में कहा कि भारत नेपाल मैत्री का संबंध और प्रकार हो और सनातन धर्म का विस्तार हो या धर्म अनादि से आदि तक रहेगा। नेपाल से हरि बहादुर कोषाध्यक्ष दियुखुरी उद्योग वाणिज्य संघ ने दोनों देशों के संबंध की प्रगाढ़ता पर जोर देते हुए, विक्रम संवत नव वर्ष के शुभकामनाएं दी और दोनों देशों के बीच के संबंध में प्रशासनिक कार्यों के कारण आ रही अड़चनों को औपचारिक बैठक कर दूर करने की बात कही।व्यापारिक संबंध को बढ़ाने, सांस्कृतिक व पुराणिक मान्यताओं के सम्बन्ध में आवागमन को सुलभ बनाने, नेपाल भ्रमण पर भारतीय मैत्री समिति के सदस्यों के आगमन पर निशुल्क आवास की आश्वासन दिया। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से विभाग संघ चालक सौम्य अग्रवाल, जिला प्रचारक जितेंद्र, रामशरण गुप्ता, जिला कार्यवाह किरीट मणि, नेपाल लुंबनी संभाग प्रचारक पंकज शर्मा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तुलसीपुर इकाई अध्यक्ष विवेक गोयल, तुलसीपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष रामकुमार, अवधेश, सुभाष, शैलेंद्र,पवन शर्मा एरिजल, सुरे बहादुर सुनर, शिवम, अभिषेक पुंज, करिश्मा, हिमांशी, लक्ष्मी, प्रीतिका, अभय, अखिलेश, शुभम, वंश, श्याम सुंदर आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन सभी ने फूलों की होली खेल कर किया।

# न्यू एंजिल्स स्कूल के बच्चों ने रिवार्ड एण्ड रिकग्निशन सेरेमनी में मचाया धमाल

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में गुरुवार को प्री-प्राइमरी और प्राइमरी विंग के छात्रों का रिवार्ड एन्ड रिकग्निशन सेरेमनी का आयोजन मैनेजर एचआर एफ़ ज़ीनत और अध्यापिकाओं के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने अभिभावकों ने और अध्यापिकाओं ने मिल कर धमाल मचाया। उसके बाद रिपोर्ट कार्ड, सर्टिफिकेट्स और ट्राफी आदि का वितरण हुआ। शुरू में मां सरस्वती का पूजन अर्चन चेयरपर्सन डॉ शाहिदा और अभिवाहकों ने मिलकर किया। अग्रता, रिद्धि, सिद्धि शर्मा, सिद्धि सिंह एवं शाम्भवी ने मिलकर या कुन्देन्दु तुषार हारज्ञधवला सरस्वती वंदना पर सुन्दर नृत्य प्रस्तुत किया।एलकेजी से हयात, दिशा हिबा, दिव्यांशी,नित्या, अनंत, रुद्रांश,प्रज्ञा, देविका, अन्वी,अश्विक, श्रीजीत ने साड़ी के फ़ाइल बालीवुड मैशप सांग पर मार्डन डान्स प्रस्तुत




किया।पीजी के नन्हे मुन्ने बच्चे आयुष, अक्षांश, अविका, विधार्थी, यशस्वी, युवराज, वेदांत, शिवेन्द्र और निदा ने डिस्को दीवाने मैशप गीत पर जमकर थिरके। यूकेजी के कृषा, अनन्या, यशी,आयशा, अफ़िका, आस्था,कृतिका श्रद्धा स्नेहा, वैश्वी, कृष्णा, सात्विक,मयंक, अयांश, दर्शित आदि ने तेरी उंगली पकड़कर चला गीत पर सुन्दर प्रस्तुति दी। कक्षा एक से सानवी, अन्वी, रौनक़, श्रेयांश, शोभित, प्रतीक, अर्पित, उत्कर्ष, मनस्वी, आराध्या, करना, बुशरा, आयत, देविका आदि ने आल इज़ वेल पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। देशभक्ति पर आधारित एक लघु नाटक कक्षा चार के अभिज्ञान, शौर्य, अर्नव, दिव्यांश और मो क़ासिम द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसे देखकर दर्शकों ने दांत तले उंगली दबा ली और अंत में बाबू राव कामेडी ड्रामा की सफ़ल प्रस्तुति अर्नव, आयुष, लक्ष्य, नव्या, भूमि, करन और सिया ने दी जिसे देखकर सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं की माताओं ने फ़ैशन शो और म्यूज़िकल चेयर के खेल में भी सहभाग किया।अंत में चेयरपर्सन डॉ शाहिदा ने सभी छात्र, छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई दी और नये सत्र की शुभकामनाएं व्यक्त की।

# युवती की हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो-** भाजी तोड़ने गई युवती के साथ छेड़खानी करने और विरोध करने पर युवती को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार देने के मामले में दोष सिद्ध होने पर एससी/एसटी एक्ट कोर्ट के स्पेशल जज राममणि पाठक ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 13,000 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी एसके यादव ने बताया कि बीती 16 दिसम्बर 2014 को कर्वी कोतवाली में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस दी गई तहरीर में वादी ने बताया था कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री 16 दिसम्बर 2014 को घर से खेतों की ओर गई थी। दिन ढ़लने के बाद खेतों से लौटते समय एक स्थान से वह चने की भाजी तोड़ने लगी। इस दौरान सीतापुर चैकी क्षेत्र के अंतर्गत रानीपुर भट्ट गांव का निवासी अर्जुन यादव मौके पर पहुंच गया और उसने भाजी वाले खेत को अपना बताते हुए युवती के साथ गाली गलौज शुरू कर दिया। साथ ही हाथ पकड़कर छेड़खानी करते हुए घसीटकर ले गया। युवती द्वारा विरोध किए जाने पर अर्जुन ने उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। युवती की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या किए जाने की खबर मिलने पर पूरे इलाके में हड़कम्प मच गया था और तत्कालीन पुलिस अधीक्षक समेत मौके पर पहुंचे। साथ ही आरोपी को घटना के दूसरे दिन ही 17 दिसम्बर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को एससी/एसटी एक्ट कोर्ट के स्पेशल जज राममणि पाठक ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी अर्जुन यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 13,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

# दूसरी बार बने जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा का कप्तानगंज विधानसभा के गौर ब्लाक में हुआ जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्रा जी को दूसरी बार जिला अध्यक्ष बनाए जाने जिले के विधानसभा कप्तानगंज में जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत पर भारी भीड़ कार्यकर्ताओं में उत्साह पर पर विधानसभा कप्तानगंज मुख्यालय से गौर बभनान होते हुए महाराजगंज तक स्वागत का कार्यक्रम हुआ, तत्क्रम में गौर स्टेशन चौराहे एवम् कृषक इंटर कॉलेज गौर प्रधानाचार्य अरविंद कुमार त्रिपाठी जी टुडे विद्यालय पर स्मृति चिन्ह देखकर अध्यक्ष जी का सम्मान किया, प्रधानाचार्य जी ने कहा जी हम आपकी तुलना उसे महापुरुष विवेकानंद से करते हैं जो युवा शक्ति राष्ट्र की शक्ति पर बल देते हुए आज देश में पूजनीय हुए हैं, आप कार्यकर्ता, आम जनमानस के साथ शिक्षकों के हित की बात को प्रवक्ता से रखेंगे। संतोष शुक्ला जिला कार्य समिति सदस्य/पूर्व मंडल अध्यक्ष गौर अमित शुक्ला पूर्व प्रदेश शह मंत्री विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में भारी संख्या के साथ आम जनता एवम् कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष जी का जोरदार स्वागत किया। स्वागत में राजेश शुक्ला, आशुतोष शुक्ला, संदीप मणि त्रिपाठी, दुर्गा प्रसाद दुबे, विनोद मिश्रा, रामजी यादव, सूर्या शुक्ला, कुमारी सुश्री ट्विंकल, मोहित कुमार, पंकज मिश्रा, पिंटू चतुर्वेदी, अफरोज खान, शोएब खान, रामकृष्ण शुक्ला, रहस्य विहारी, प्रदीप दुबे, कृष्णाकुमार, अमन गुप्ता, श्रीमती निवेदिता पांडे, राजन तिवारी, संजय कुमार, कृष्ण कुमार, मिश्रीलाल, श्रीमती मोहरता देवी, वीरेंद्र शुक्ला, रामकृपाल भारती, बबलूखान, सौरभ भारती, लालचंद निषाद, शिवकुमार निषाद, परशुराम चौधरी, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, राजू भाई, सियाराम भारती,



काशीराम जायसवाल, सती राम, विजयकुमार, राजेश कमलापुरी मंडल अध्यक्ष, दीपकसिंह, अरुण पांडे, मंसाराम, निलेश भारती, परशुरामचौधरी, त्रिभुवन यादव, महेश वर्मा, रमेश शुक्ला, गुड्डू शुक्ला, रवि शुक्ला, सुनील कुमार, राधे गुप्ता, दिलीपमोदनवाल, लव कुशजयसवाल, राम मौर्य, हजरत खान, रुस्तम अली, राकेश गौड़, जगदीश प्रसाद, फागू चौहान, नीरज तिवारी आदि भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने मालदार पढ़कर स्वागत किया।

# नगर पालिका क्षेत्र में बदंरों के आतंक से मुक्ति के लिये शुरू हुआ विशेष अभियान

**● लोगों की समस्याओं का हुआ समाधान बंदरों को पकड़ने की मुहिम तेज जल्द ही शहर बंदरों आतंक से मुक्ति मिल जाएगीसहमत नहीं उठा रहे हैं**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर पालिका क्षेत्र के निवासियों को बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने के लिये सभी 25 वार्डो में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह जानकारी देते हुये नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा के प्रतिनिधि और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकुर वर्मा ने बताया कि बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। आये दिन बंदरों द्वारा लोगों को काट लेने, घरों में नुकसान पहुंचाने के मामले आ रहे थे। इसे देखते हुये मथुरा से बंदरों को पकड़ने वाले विशेषज्ञों को बुलाया गया है। पकड़े गये बंदरों को सुरक्षित जंगलों में भेजा जायेगा। गुरूवार को इसकी शुरूआत कम्पनी बाग वार्ड से हुई।नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा ने बताया कि सभी 25 वार्डो के सभासदों से आग्रह किया गया है कि वे अपने-अपने वार्डो में बंदरों को पकड़ने के अभियान में विशेषज्ञों की मदद कर जिससे पालिका क्षेत्र में नागरिकों को बंदरों से मुक्ति मिल सके। बताया कि मथुरा से बंदरों को पकड़ने वाले विशेषज्ञों ने चरणबद्ध ढंग से अपना कार्य आरम्भ कर दिया है। जब वे बंदरों को पकड़ते हैं तो लोग स्वतः जुट जाते हैं। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा वर्मा ने कहा कि अति शीघ्र पालिका क्षेत्र के लोगों को बंदरों के



आतंक से मुक्ति मिल जायेगी। कहा कि उन्होने चुनावी घोषणा पत्र में जो वायदे किये थे उसे चरणबद्ध ढंग से पूरा किया जा रहा है। अति शीघ्र अनेक बड़े परियोजनाओं पर कार्य शुरू कराया जायेगा। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया गया जिस पर उन्होने आश्वासन दिया है कि विकास के लिये बस्ती नगर पालिका क्षेत्र में धन की कमी नहीं होने पायेगी।

# हड़िया चौकी के पास गल्ला व्यापारी से 2.98 लाख की लूट, सीसीटीवी में कैद हुए बदमाश

**● जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं नहीं रहा पुलिस का खाओ दिनदहाड़े डकैती डालकर हो रहे फरार पुरानी चूड़ियों का खुलासा करने में पुलिस नाकाम**

स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के हा॥-28 बाबा ढाबा के पास स्थित हंडिया चौकी से महज 800 मीटर की दूरी पर बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े एक गल्ला व्यापारी से 2 लाख 98 हजार रुपये की लूट को अंजाम दिया। पीड़ित व्यापारी के अनुसार, लूट से एक दिन पहले ही दोनों बदमाशों ने इलाके की रैकी कर ली थी। इसके बाद, वे आज बाइक से अवैध तमंचे और पिस्टल के साथ पहुंचे और व्यापारी को धमकाकर पूरी रकम लूट ली। लूट के दौरान जल्दबाजी में बदमाशों का एक अवैध कट्टा और मोबाइल जमीन पर गिर गया।



घटना के दौरान शोर मचाने पर भीड़ इकट्ठा होने लगी, जिसे देख बदमाशों ने पिस्टल लहराकर लोगों को धमकाया और मौके से फरार हो गए। हालांकि, पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच में जुट गई है। इस घटना को लेकर एसपी अभिनंदन ने कहा कि जल्द ही लूटकांड का अनावरण किया जाएगा और दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल पुलिस लूटेरों के गिराए गए मोबाइल और अन्य सुरागों के जरिए अपराधियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

# पड़ोसी की गोली मारकर हत्या करने वाले को उम्रकैद

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो-** पड़ोसी की हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 28 अगस्त 2008 को बरद्वारा गांव के निवासी अनिरुद्ध प्रसाद द्विवेदी ने राजापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में उन्होंने बताया था कि पड़ोस में रहने वाले भोंदू उर्फ राधाकृष्ण ने उनके बेटे मधुकर द्विवेदी को तमंचे से गोली मार दी। घायल अवस्था में उसे लेकर इलाज के लिए वह राजापुर आ रहे थे, किंतु रास्ते में ही मधुकर ने दम तोड़



दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने शुक्रवार को इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें आरोपी भोंदू उर्फ राधाकृष्ण को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 25,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# भाजपा सरकार की आठ साल की उपलब्धियों की दी गई जानकारी

**चित्रकूट** उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी नेताओं ने प्रेस वार्ता कर सरकार की उपलब्धियों को बताया। साथ ही भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि धर्मनगरी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल होने के कारण वर्ष पर्यन्त पर्यटकों का आवागमन लाखों की संख्या में बना रहता है। धर्मनगरी के समेकित पर्यटन विकास के लिए प्रदेश सरकार ने श्री चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद की स्थापना की है। जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ है। इस परिषद द्वारा महाकुंभ 2025 एवं अमावस्या मेला के दृष्टिगत अस्थाई रैन बसेरों, सुलभ प्रसाधन आदि की व्यवस्था की गयी थी। इसके साथ ही जनपद में 15 सूट का डाक बंगला, हवाई अड्डा डिफेंस कोरिडोर, राम वन गमन मार्ग, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे, महिला घाट पुल, रसिन बांध सहित अन्य विकास कार्य किए गए हैं। इसके अलावा कल्याणकारी योजनाओं से जनपद के लाखों लोग लाभान्वित हुए हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री ने चित्रकूट को प्रथम वरीयता में रख कर विकास कार्य किए है। जितना विकास पिछले कई सालों में नहीं हुआ, उससे कई गुना ज्यादा काम इन आठ वर्षों में हुआ है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि देश की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने देश को दुनिया में विकसित देशों की श्रेणी में लाने का काम किया है। कार्यक्रम संयोजक आनन्द प्रताप सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच जाकर सरकार द्वारा किए गए कामों को बताने का काम करेंगे। इस मौके पर चित्रकूट में पूर्व विधायक दिनेश मिश्र, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, राजेश जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष हीरो मिश्रा, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, जगदीश गुप्ता, प्रदीप त्रिपाठी, राजा मिश्रा, दीपक द्विवेदी, सोनू खंगार आदि मौजूद रहे।

## आदर्श उपाध्याय की मौत पर न्याय की मांग, कैडल मार्च निकालकर जताया विरोध



**बस्ती।** बस्ती जिले के दुबौलिया थाना क्षेत्र के उभाई गांव चर्चित आदर्श उपाध्याय पुलिस द्वारा मारपीट कर संदेश अवस्था में मौत होने से आसपास के निवासी आदर्श उपाध्याय की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के बाद न्याय की मांग तेज हो गई है। परिजनों द्वारा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाने के बावजूद अभी तक मुकदमा दर्ज न किए जाने से आक्रोशित लोगों ने गुरुवार को कैडल मार्च निकालकर प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।डॉ. शैलेंद्र विक्रम सिंह, निखिल दूबे, राणा रणजय सिंह, अनिल सिंह, प्रमोद पांडेय, कृष्ण मुरारी उपाध्याय, तुषार सिंह, हरिओम पांडेय समेत करीब पचास लोग दुबौलिया स्थित रामविवाह मैदान में एकत्र हुए और वहां से भगवान भोलेनाथ के मंदिर तक पैदल कैडल मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और मुकदमा दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।इस दौरान लोगों ने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि अगर जल्द ही मामले में कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। स्थानीय प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## जानलेवा हमले के आरोपी को पांच वर्ष की सजा

**चित्रकूट ब्यूरो-** पड़ोसी युवक को घर में बुलाकर तमंचे से गोली मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी को सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती 30 जून 2020 को हर्रा गांव की निवासी राजकुमारी यादव ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने बताया था कि बीती 29 जून 2020 की अर्द्धरात्रि को उसके पति महिपाल को गांव का ही भरत यादव बुलाकर अपने घर के अंदर ले गया और जान से मारने की नीयत से तमंचे से गोली मार दी। गोली लगने से उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद परिजनों की मदद से घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने महिपाल यादव को प्रयागराज रिफर कर दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें जानलेवा हमले का दोष सिद्ध होने पर आरोपी भरत यादव को पांच वर्ष कारावास के साथ 15,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड की धनराशि में से 10,000 रुपये इस घटना में घायल हुए महिपाल यादव को बतौर प्रतिकर प्रदान करने के आदेश दिए गए।

# संक्षिप्त ख़बरें

## पुलिस चोर मुठभेड़ में दो चोर गिरफ्तार, पुलिस के हाथ लगी बड़ी कामयाबी।

**बेनीगंज/हरदोई** -बीते 27 मार्च रात को दो गांवो में चार घरों में हुई चोरी का 24 घंटे के अंदर ही पुलिस महकमे को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है पुलिस ने हुई चोरी वारदात का खुलासा कर दिया है। चोरी की वारदात की घटना इतना सुर्खियों में छाई की क्षेत्र सहित गांव के लोग सदमे में थे। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन पूरे पुलिस महकमे के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय पुलिस को शीघ्र खुलासा के आदेश दिए थे। भाई पत्तों को पूरा भरोसा दिलाया चोरी करने वाले अभियुक्तों को कतई बक्सा नहीं जाएगा। जिसके चलते संडीला बेनीगंज कछौना थाना क्षेत्र की पुलिस का नेतृत्व कर रहे क्षेत्राधिकारी संडीला के कुशल नेतृत्व में कल रात 09 बजें चोरी की अंजाम देने वाले चोर को पुलिस से काफी मुठभेड़ होने के बाद गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी है पुलिस को सूचना मिली की चोरी को अंजाम देने के बाद माल सहित बैगनार कार से चोर जा रहे हैं जिस पर पुलिस ने नाकाबंदी शुरू की और पुलिस को देखकर चोरों ने सीधे गोली चलाना शुरु कर दिया पुलिस ने आत्मरक्षा और अपना बचाव करते हुए चोरों पर चौतरफा घेराबंदी करके चोरों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने के बाद पुलिस टीम पूछताछ कर रही है। शीघ्र ही अन्य चोरियों का भी खुलासा होने की संभावना जताई जा रही है इस संबंध में कोतवाली प्रभारी बेनीगंज वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया है अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है कई चोरियों को अंजाम देने की बात अभियुक्त ने कबूली है और इनका सक्रिय गिरोह है यह कई जनपदों में वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। शीघ्र ही अन्य लोगों की भी गिरफ्तारियां की जाएगी पकड़े गए अभियुक्त वकील अहमद और दूसरा अभियुक्त पिंटू नाम बताया है। जो सीतापुर जनपद के रहने वाले हैं इनके पास से चोरी के कुछ आभूषण और एक वेगनार कार तमंचा बरामद हुआ है। घायल को अस्पताल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं पुलिस महकमें की इस कामयाबी लोग खुशनुमा नजर आ रहे हैं।

## कृषि गोष्ठी का हुआ आयोजन

हरदोई राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अन्तर्गत दो दिवसीय कृषि मेला कृषि गोष्ठी का आयोजन संराय मारुफपुर सन्डीला में किया गया। किसान मेला का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख सन्डीला ने किया । उप कृषि निदेशक ,राजेश कुमार सिंह शोध हरदोई ने अपने विचार रखे, हरदोई कृषि फार्म इन्चार्ज टेकपाल प्रभात कुमार वर्मा, विक्रमसिह, डा0 अनिल कुमार, विवेक मिश्रा कृषि विज्ञान केंद्र इन्चार्ज नटोलिया और एच सी एल के प्रतिनिधि ने अपने विचार व्यक्त किया।

## आबादी के बीच में देसी शराब की दुकान, अधिशासी अधिकारी ने दी नोटिस

हरदोई पिहानी कस्बे के कटरा बाजार नगर पालिका के निकट देसी शराब ठेके को लेकर दुकानदार ,महिलाएं छात्राएं शराबियों से काफी परेशान थी। आए दिन शराब पीकर बवाल होता था। स्कूल की पढ़ने वाली छात्राओ व मंदिर जाने वाले भक्तों को शराबियों का सामना करना पड़ता था।शराबियों का हुजूम जुटता है और आने जाने वाली महिलाओं पर टिप्पणी व छेड़खानी करते हैं। दुकान के अगल बगल की दुकानें भी प्रभावित हो रही है।ग्राहक शराब की दुकान के कारण आसपास की दुकान पर नहीं जाना चाहते हैं। साथ ही दुकान के 200 मीटर के दायरे में कई शिक्षण संस्थान हैं जहां के बच्चों पर बुरा असर पड़ रहा। शराब ठेके के निकट गायत्री मंदिर भी है।उक्त समस्याओं को देखते हुए शराब ठेके को आबादी से दूर विस्थापित कराएं। मोहल्ले के लोगों ने अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह को एप्लीकेशन देकर शराब ठेके पर आपत्ति जताई। आपत्ति को संज्ञान लेते हुए अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने देसी शराब ठेकेदार को नोटिस भेजते हुए कहा है कि अब शराब ठेका आबादी के बाहर होगा, यहां पर शराब नहीं बिकेगी।

## हाइवे पर दो लोगों का काल बनी तेज रफ्तार कार थार

**मथुरा।** कपडों की तरह गाडियों में भी फैशन का दौर आता जाता रहता है। कभी कोई गाडी अचानक से ही दिखावे का स्टेट सिंबल बन जाती है। थार के साथ ही यही सब हो रहा है। थान को दिखावे का स्टेट सिंबिल बन गई है। मॉडीफाई कर इसे अनुकूल बनाने का प्रयास किया जाता है। रफ्तार के साथ थार को दौडाना युंवाओं का टनशन बना हुआ है। इसी टशन ने आगरा दिल्ली हाइवे पर शुक्रवार को दो लोगों की जान ले जी। बेकाबू हुई तेज रफ्तार कार ने थाना कोतवाली इलाके के राधापुरम चौराह पर ई रिक्शा को रौंद दिया। हादसे में ई रिक्श में सवार फल सिंह और अयूब की मौके पर ही मौत हो गई। एक महिला रजिया और एक युवक गंभीर रूप से घायल हुंए हैं। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस के सामने शव उठाने का विरोध किया। आक्रोशित परिजनों की पुलिस से हुई खींचतान हाइवे जाम करने का किया प्रयास। बताया जा रहा है कि थार कार में शराब की बोतल और नमकीन मिलने से लोगों में आक्रोश है।आज सुबह लगभग 7.30 बजे कोतवाली की कृष्णा नगर चौकी के अंतर्गत एक ई रिक्शा और थार में दुर्घटना हो गई ई रिक्शा सवार चार व्यक्तियों में से मौके पर ही दो लोगों की मृत्यु हो गई। शवों को मोर्चरी भिजवा दिया गया है और शेष दो घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है थार गाड़ी और ड्राइवर को कब्जे में लिया गया है और इसमें विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है

# भारतीय मानक ब्यूरो शाखा ने आयोजित की प्रेस वार्ता उपभोक्ता संरक्षण और गुणवत्ता मानकों पर दिया जोर

## ......शाखा प्रमुख एवं वरिष्ठ निदेशक सुधीर बिश्नोई की मौजूदगी में प्रेस वार्ता हुई सम्पन्न




स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** शुक्रवार को राजधानी लखनऊ के होटल कम्फर्ट इन, गोमतीनगर में भारतीय मानक ब्यूरो लखनऊ शाखा कार्यालय द्वारा प्रेस वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस अवसर पर शाखा प्रमुख एवं वरिष्ठ निदेशक सुधीर बिश्नोई ने सीआईएस द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों और हालिया अभियानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा, बाजार में गुणवत्ताहीन उत्पादों पर कार्रवाई, अनिवार्य प्रमाणन योजनाओं और उपभोक्ता जागरूकता अभियानों पर प्रकाश डाला।

**अवमानक उत्पादों पर बीआईएस की सख्त कार्रवाई**

प्रेस वार्ता के दौरान निदेशक सुधीर विश्नोई ने बताया कि हाल के दिनों में बीआईएस ने गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन करने वाले उत्पादों और निर्माताओं के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। इस कड़ी में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेज़न के वेयरहाउस पर छापा मारा गया, जहां से बड़ी मात्रा में अवमानक उत्पाद, जैसे कि खिलौने और हैंड ब्लेंडर जब्त किए गए। इसके अलावा, नॉन-हॉलमार्क ज्वेलरी बेचने वाले विक्रेताओं और फर्जी हॉलमार्क टेस्टिंग लैब्स पर छापेमारी की गई। इन कार्यवाहियों का उद्देश्य बाजार में गैर-मानक उत्पादों की बिक्री को रोकना और उपभोक्ताओं को सुरक्षित और प्रमाणित उत्पाद उपलब्ध कराना है।

### नए उत्पादों के लिए अनिवार्य प्रमाणन योजना

श्री बिश्नोई ने बताया कि बीआईएस ने प्लाईवुड, फर्नीचर, इलेक्ट्रिकल उपकरण और लेदर फुटवियर जैसे कई नए उत्पादों को अनिवार्य प्रमाणन योजना में शामिल किया है। जिसके तहत अब इन उत्पादों को बिना बीआईएस प्रमाणन के बेचना या बाजार में उपलब्ध कराना अवैध होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अनुपालन न करने वाली विनिर्माण इकाइयों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, ताकि उपभोक्ताओं तक केवल मानकों के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद ही पहुंचें।

**बीआईएस केयर ऐप-उपभोक्ताओं के लिए उपयोगी उपकरण.**

शाखा प्रमुख ने बताया कि बीआईएस उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के लिए बीआईएस केयर ऐप का प्रचार-प्रसार कर रहा है। यह ऐप उपभोक्ताओं को किसी भी उत्पाद पर मौजूद आईएसआई चिह्न, हॉलमार्क और आर-मार्क की प्रामाणिकता की जांच करने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि इस ऐप के माध्यम से ग्राहक यह जानकारी कर सकते हैं कि खरीदा गया उत्पाद मानकों के अनुरूप है या नहीं, जिससे उन्हें ठगी से बचाया जा सके। इसके अतिरिक्त, इस ऐप में शिकायत दर्ज कराने की सुविधा भी जोड़ी गई है, जिससे उपभोक्ता किसी भी अवमानक उत्पाद या मानकों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के खिलाफ सीधे बीआईएस को शिकायत कर सकते हैं। उपभोक्ता जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम बीआईएस केवल उत्पाद प्रमाणन और छापेमारी तक सीमित नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं को जागरूक और सशक्त बनाने के लिए विभिन्न अभियान भी चला रहा है। ÷स्टैंडर्ड क्लब÷ के माध्यम से स्कूल और कॉलेज के छात्रों के बीच मानकों से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। ÷स्टैंडर्ड क्लब÷ का विस्तार करते हुए अब विधि और मैनेजमेंट के विद्यार्थियों को भी इसमें शामिल किया जा रहा है। इससे छात्रों को उद्योगों में गुणवत्ता मानकों की भूमिका, उपभोक्ता अधिकार और उत्पाद प्रमाणन की प्रक्रिया की गहन समझ मिलेगी। औद्योगिक इकाइयों में ÷एक्सपोज़र विजिट÷ के तहत युवाओं को गुणवत्ता मानकों की जानकारी दी जा रही है। विभिन्न वर्कशॉप और सेमिनारों के माध्यम से व्यवसायियों और उपभोक्ताओं को गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

**गुणवत्ता और सुरक्षा के प्रति ग्रामीण भारत में चल रहा जागरूकता अभियान**

बीआईएस केवल शहरी क्षेत्रों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण भारत में भी गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चला रहा है। निदेशक ने बताया कि बीआईएस ने उत्तर प्रदेश के 45 जिलों की 41,020 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों के लिए संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसके माध्यम से उन्हें गुणवत्तायुक्त उत्पादों की पहचान करने और अवमानक उत्पादों से बचने की जानकारी दी गई।

**क्वालिटी कनेक्ट प्रोग्राम का विस्तार.......**

निदेशक सुधीर विश्नोई ने बताया कि बीआईएस लखनऊ शाखा ने ÷क्वालिटी कनेक्ट प्रोग्राम÷ के तहत अपनी पहलों का विस्तार किया है। इस पहल के अंतर्गत, अधिकाधिक विभागों और सरकारी अधिकारियों तक मानकों के प्रति जागरूकता का संदेश पहुंचाया जा रहा है, ताकि उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा को एक नया आयाम दिया जा सके।

**बीआईएस की मुहिम से उपभोक्ताओं को मिलेगा फायदा......**

बीआईएस की ये सभी पहल उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त और सुरक्षित उत्पाद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की जा रही हैं। निदेशक ने प्रेस वार्ता में सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे किसी भी उत्पाद को खरीदने से पहले उसके बीआईएस प्रमाणन की जांच करें, और यदि कोई अवमानक उत्पाद बाजार में उपलब्ध हो तो बीआईएस को इसकी जानकारी दें।

# अलविदा जुमे की नमाज़ काली पट्टी बांध कर शांतिपूर्वक अदा की गई



स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रमजान के आखिरी शुक्रवार को जिले भर की मस्जिदों में अलविदा की नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। नौनिहाल बच्चों व रोजेदारों ने मुल्क व कौम की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। रोजेदारों ने जुम्मतुल विदा यानी की अलविदा की नमाज़ मस्जिदों में अदा की, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वाहन पर वक्फ संसोधन विधेयक के खिलाफ हांथ पर काली पट्टी बांध कर विरोध दर्ज कराते हुए नमाज़ अदा की गई। गौरतलब हो नगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुराने सीतापुर के मिरदही टोला स्थित जामा मस्जिद में पूर्व की भांति ही निश्चित समय पर रमज़ान के मुबारक़ महीने के आखिरी जुमा को जुम्मतुल विदा (अलविदा) की नमाज़ शांतिपूर्वक अदा की गई। रोजेदारों ने जुम्मतुल विदा यानी की अलविदा की नमाज़ मस्जिदों में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के आह्वाहन पर वक्फ संसोधन विधेयक बिल के खिलाफ हांथ पर काली पट्टी बांध कर पढ़ कर विरोध दर्ज कराया। नगर कोतवाली क्षेत्र की समस्त इबादतगाहों में अलविदा की नमाज को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात थी। शहर से लेकर गांव तक शांतिपूर्ण नमाज अदा की गई। मुस्लिम धर्मगुरुओं ने कहाकि रमजान में आप सभी लोग अल्लाह की बारगाह में जितनी भी इबादत कर लें कम है। रोजा रखने के साथ-साथ पांचों वक्त की नमाज पढ़ें। कुरान-ए-पाक की तिलावत करते रहे। मिरदही टोला जामा मस्जिद के पेश इमाम क़ारी मोहम्मद इरफान सहजाद ने कहा कि रमजान के मुबारक़ महीने में अल्लाह अपने बंदों के लिए रहमतों की बारिश करता है। अल्लाह एक नेकी के बदले 70 नेकियों का सवाब देता है। रमजान में जितना हो सके गरीब व असहाय लोगों की मदद करें। मौलाना मोहम्मद सुफियान ने कहा कि अलविदा की नमाज से ही रोजेदारों की जिम्मेदारी खत्म नहीं हो जाती है, बल्कि यह रमजानुल मुबारक़ का महीना अल्लाह तबारक़ताला इसलिए अता करता है कि उसका बंदा हमेशा अपने ईमान पर कायम रहे हमेशा खुदा की इबादत करता रहे। और आस पास के गरीब मिस्कीनों को भी अपनी खुशियों में शरीक रखे। जो साहिबे निसाब है वो वक्त पर गरीबो को उनका हक़ पहुंचा कर जैसे ज़कात, फितरा, इमदाद की शक्ल में दे कर उन्हें अपनी खुशियों में शामिल करें। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा के निर्देशन में अलविदा जुमे की नमाज़ के दृष्टिगत संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई। साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ. प्रवीन रंजन सिंह एवं समस्त क्षेत्राधिकारीगण एवम् प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा पैदल गश्त करते हुए आमजनमानस से संवाद बनाये रखते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग की अपील की गयी। और धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था में भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# कीचड़ भरे रास्ते पर होकर जाना पड़ा अलविदा की नमाज पढ़ने

**सफाई न होने से नालियों का पानी रास्ते रास्तों पर भरा। आये दिन भर जाता है गंदा पानी, राहगीरों और कस्बावासियों को परेशानी।**



स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां (सीतापुर)।** काफी समय से ग्राम पंचायत जहांगीराबाद में कस्बे के दक्षिणी किनारे पर नालियों की सफाई न होने से घरों की नालियों से निकलने वाला गंदा पानी रास्तों पर भर गया है जिससे उसमें होकर निकलना लोगों की मजबूरी हो गई है। आज शुक्रवार को जुमा अलविदा की नमाज थी लोगों को इसी गंदे पानी में होकर जुमा अलविदा की नमाज पढ़ने जाना पड़ा जिसमें उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस मोहल्ले के लिए यह परेशानी आम हो गई है। ग्राम पंचायत का कोई भी जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है जबकि साफ सफाई पर लाखों रुपयों का खर्च हो रहा है। हकीकत यह है कि नालियों का गंदा पानी निकास न होने से घरों के सामने मुख्य रास्तों पर भरा हुआ है जिसमें होकर निकलना आम लोगों की मजबूरी बन गयी है। जहांगीराबाद कस्बे के बीचोंबीच स्थित शिव मंदिर से एक खड़ञ्जा रास्ता कस्बे से बाहर दक्षिण की ओर मतान और हुजेफा के घरों के सामने तक गया है। नालियों की सफाई न होने से गंदा पानी रास्तों पर भर गया है। मुहल्ले वालों ने बताया कि इस बारे में दर्जनों बार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि से लेकर पंचायत सचिव तक कई बार शिकायतें की गयीं लेकिन किसी ने भी समस्या का समाधान नहीं कराया जबकि यह रास्ता गांव का दिन रात चलने वाला बाईपास रास्ता कहा जाता है।इस रास्ते पर दिन रात सैकड़ों लोगों का आवागमन भी रहता है। पहले नालियों का पानी नाले में होकर रबीअहमद की फैक्ट्री के पीछे तक जाता है लेकिन गांव से बाहर आगे नाला की पटाई हो जाने से पानी की निकासी बंद हो गई है जिसे साफ कराये जाने की जरूरत है। इस संबंध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी ने बताया कि अभी कुछ ही दिन पूर्व नालियों की साफ सफाई कराई गई थी अगर गंदगी और कीचड़ से नालियां भर गयी हैं तो मजदूरों की व्यवस्था कर जल्द ही फिर से सफाई कराई जायेगी। ग्राम विकास अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव ने बताया कि लगभग दस दिन पहले ही ग्राम पंचायत में कस्बे की नालियों की सफाई कराई गई थी।अगर पानी की निकास बंद हो गई है तो फिर से सफाई करा दी जायेगी।

# बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में की प्रेस वार्ता




स्वतंत्र प्रभात

**बिसवां सीतापुर।** राज्य सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूरे होने पर बिसवां विधायक निर्मल वर्मा ने लोक निर्माण विभाग के अतिथित ग्रह में प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता मे उन्होंने बिसवां विधानसभा क्षेत्र मे किये गये और कराये जा रहे कार्यो पत्रकारों से साझा करते हुए विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में जब से भाजपा सरकार आई है तब से सड़कों का जाल बिछाया गया है। अनेक पुरानी सड़के ठीक की गई तथा कई नई सड़कों का भी निर्माण कराया गया है। जिससे आज सभी गांव तहसील के मार्ग मुख्यालय से सीधे जुड़ गए हैं। उन्होंने बताया नगर में बाईपास के लिए भी सिधौली रोड से सीतापुर रोड व सीतापुर रोड से रेउसा व महमूदाबाद रोड पर जाने के लिए भी सड़के बनाई जा रही हैं। उन्होंने बताया नगर के बड़े चौराहे का सुंदरीकरण का कार्य अति शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा पैसा स्वीकृत हो गया है। उन्होंने बताया चौराहे पर नाले की सीमा को लेकर रेउसा,सिधौली,सीतापुर तीन रोडो पर 100 मीटर तक सुंदरीकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा की चन्दन महमूद पुर और रुशहन पुल् जो शारदा सहायक नहर पर जर्ज़र हो गये है इन पुलो को चौड़ीकरण का कार्य शुरु होने वाला है जिससे महमूदाबाद जाने के लिए बिसवां नगर मे आने वाले वाहन आसानी से निकल जाएगे और काफी हद तक जाम के झाम से लोगो को मुक्ति मिलेगी। वहीं नगर में बने शमशान ग्रह में भी काफी कार्य कराया गया है। साथ ही रोडवेज बस स्टॉप पर भी प्रतीक्षालय का निर्माण हो चुका है अभी शौचालय व इंटरलॉकिंग का कार्य शेष है ।जो जल्द पूरा कराया जाएगा । इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, अनुज वर्मा, मनीष वर्मा, दीपू भार्गव,जिला महामंत्री, आदि मौजूद रहे।

# फुलवारी पब्लिक स्कूल में मनाया गया दीक्षांत समारोह




स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा।** दिनांक 28 मार्च 2025 दिन शुक्रवार को फुलवारी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय वार्षिक दीक्षांत समारोह का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें प्री -नर्सरी से यू. के. जी. के बच्चों को मुख्य अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह और मालती सिंह, विद्यालय की प्रबंधिका डॉक्टर नीता सिंह, अजय विक्रम सिंह, इंकलाब फाउंडेशन के अध्यक्ष अविनाश सिंह द्वारा परीक्षा परिणाम देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलित होने के पश्चात विद्यालय के उप प्रधानाचार्य श्रीमान अभिषेक शर्मा ने अपने भाषण के द्वारा अभिभावकों को उनके विश्वास और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। तत्पश्चात सरस्वती वंदना स्वागत गीत की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का आरंभ हुआ और फिर नन्हे मुन्ने बच्चों को उनके परीक्षा परिणाम दिए गए कार्यक्रम के मध्य में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान जेरेन जोसेफ ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें कठिन परिश्रम करने की सलाह दी और हिंदुस्तान ओलंपियाड में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान, प्रदेश स्तर पर प्रथम और जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रांतप शुक्ला , जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर पीयूष कुमार और जिला स्तर पर छठा स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित करने के लिए इन सभी बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को विशेष रूप से प्रस्तुत करने का श्रेय दिनेश कुमार सोनी को जाता है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती नीता सिंह विद्यालय की समन्वयिका श्रीमती सौम्या द्विवेदी, विद्यालय प्रभारी ज्योति चौरसिया, ऑफिस प्रभारी हर्षित सिंह, अकाउंटेंट राहुल पांडे, अध्यापक गण दिव्या सिंह, होनेग, सुषमा पांडे, शगुन, मोनिका श्रीवास्तव,श्वेता सिंह,चांदनी दुबे,संगीता शुक्ल, नज़ारा नूर, शालिनी सिंह, निशी मिश्रा, सोनू शुक्ला, राजन सिंह, सूरज मिश्रा, अंजली ओझा, नागेंद्र सिंह, आलोक द्विवेदी, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, अनस महबूब, महेंद्र नाथ मिश्रा, लीन सॉन्ग कोइरेंग, अन्ना कमाई, नेहा सिंह, आनंद गुप्ता, विद्यालय के कर्मचारीगण पवन मिश्रा, जितेंद्र सिंह , आशीष सिंह, विनय पांडे, विनोद शुक्ला, वेद प्रकाश, देवता , राजकुमार, ननके , रामसजन यादव, संतोष त्रिपाठी, आयुष, चंदन, मनोज यादव, विकास सिंह, दूधनाथ, राजित राम यादव, सीता, आशा, रुचि, सुमन , शबाना के अथक प्रयासों से प्रथम दिवसीय कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह आयोजित



स्वतंत्र प्रभात

हरदोई श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। बच्चों ने अपनी मेहनत का फल पुरस्कार के रूप में प्राप्त किया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बच्चों की आंखों में आत्मविश्वास और चेहरे पर सफलता की चमक साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनका हौसला बढ़ाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र मधुर ने समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी सिखाएं। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने सनातन धर्म और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना आवश्यक है, ताकि वे अपनी जड़ों को न भूलें और एक अच्छे नागरिक बनें। गंगा देवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अभिराम सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का होना भी जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि वे बच्चों के सामने ऐसा कोई भी कार्य न करें, जिससे उनके मन पर नकारात्मक प्रभाव पड़े। उन्होंने बच्चों को अनुशासन और मेहनत के महत्व को समझाया और कहा कि निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम में शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनकी अनुशासनप्रियता और लगनशीलता की प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का संचालन आरती वर्मा और विनीता त्रिवेदी ने किया। दोनों ने अपनी सधी हुई वाणी और प्रभावी प्रस्तुति से समारोह को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधक मुकेश सिंह ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। उन्होंने विद्यालय की ओर से सभी विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।विद्यालय के संस्थापक अखिलेश सिंह ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के साथ समय बिताना उनकी मानसिक और भावनात्मक वृद्धि के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों को प्रतिदिन थोड़ा समय निकालकर बच्चों से संवाद करना चाहिए। इससे न केवल बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है, बल्कि वे अपने मन की बातें भी खुलकर कह पाते हैं। कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में समर्थ सिंह, विधान सिंह, सार्थक, मान्या गुप्ता, अभी सिंह, तेजस गुप्ता, भूमिका सिंह, नैना, रुद्रांश सिंह, वैशाली देवी, इशिता मिश्रा, प्रज्ञा गुप्ता, अभ्युदय प्रताप सिंह, खुशी गुप्ता, चिराग गुप्ता, शुभ गुप्ता, अनन्या गुप्ता, ओवी वर्मा, अर्पिता मिश्रा, प्रियांशु कुशवाहा, अनुराग वर्मा, दयानिधि, राखी त्रिवेदी आदि रहे। इन बच्चों ने अपनी-अपनी कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य लक्ष्मी देवी, शिक्षिका अर्पिता सिंह, कविता गुप्ता, मनसा बाजपेई, प्रज्ञा तिवारी, निकिता वर्मा, खुशबू श्रीवास्तव, नाजरीन बानो, राम प्रकाश पांडे, अशोक कुमार गुप्ता, अभिनव सिंह और उदय शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।समारोह के दौरान बच्चों की प्रतिभा और मेहनत की सराहना की गई। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

# शिक्षा ज्ञान, कौशल और समझ विकसित करती है, जिससे व्यक्ति बेहतर जीवन जी सकता है : डॉ अवधेश कुमार



स्वतंत्र प्रभात

हरदोई शील सम्मान समारोह- 2025 का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पार्चन कर किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय के स्नातक( बी.ए., बी.एस-सी. बी.कॉम. ) तथा बी.एड. के अपनी कक्षा में प्रथम 10 विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ अवधेश कुमार त्रिपाठी सी.डी.सी. लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ने कहा कि शिक्षा ज्ञान, कौशल और समझ विकसित करती है, जिससे व्यक्ति बेहतर जीवन जी सकता है और समाज में योगदान कर सकता है. । शिक्षा राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि यह नागरिकों को शिक्षित और सक्षम बनाती है, जिससे वे राष्ट्र के विकास में योगदान कर सकते हैं। समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ राहुल पांडे हिंदी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ने कहा शिक्षा समाज को ज्ञानवान, सशक्त, समृद्ध, और सुखी बनाती है। शिक्षा समाज में सामाजिक न्याय, समानता, एकता, और शांति को बढ़ावा देती है। शिक्षा समाज में गरीबी, अशिक्षा, अज्ञानता, अन्धविश्वास, और अन्य सामाजिक बुराइयों को दूर करने में मदद करती है। शिक्षा के बिना हमारा जीवन अधूरा लगता है। समारोह के अध्यक्ष डॉ. निखिलेश शरण प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हरदोई ने अपने उद्बोधन शिक्षा का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। शिक्षा न केवल व्यक्ति के मानसिक और बौद्धिक विकास को बढ़ाती है, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी अहम भूमिका निभाती है। शिक्षा वह माध्यम है, जिससे व्यक्ति ज्ञान, मूल्य और कौशल प्राप्त करता है, जो हर इंसान को आत्मनिर्भर और समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनाता है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## कस्बे की मस्जिद में अदा की गई अलविदा जुम्मे की नमाज



**अमेठी शुक्ल बाजार।** अलविदा जुमे की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई जुमे के साथ ही आज अलविदा जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों में एक अलग ही रौनक देखने को मिल रही हैं आज के दिन मस्जिदों में सभी लोग नए वस्त्र पहनकर नमाज अदा करने के लिए जाते हैं अलविदा जुमे के दिन सभी मुस्लमान भाई बहन सभी लोग अलवेदा जुमे की नमाज अदा कर इबादत करते हैं ऐसा कहा जाता है कि अलविदा जुमे में नमाज अदा कर लोंग जो जायज दुआ मांगते हैं वह पूरी होती है साथ ही अल्लाह की रहमत और बरकत मिलती है साथ ही व्यक्ति को अपने गुनाहों की माफी मिलती है। इस्लाम में माह-ए-रमजान में पड़ने वाले आखिरी जुमा को अलविदा जुमा कहा जाता हैं ऐसा मानना है कि रमजान के तीसरे और आखिरी अशरे में की गई इबादत रोजेदारों को जहन्नुम यानी नर्क की आग से बचाती है इस अशरे में जो आखिरी जुमा आता है उसे अलविदा जुमा कहते हैं इस्लाम में इस दिन खासकर रमजान में नमाज पढ़ना जरूरी माना जाता है और अलविदा जुमा की नमाज का अपना ही महत्व होता है इस बार आज 28 मार्च को अलविदा जुमा की नमाज अदा कि गई।

## पूर्व विधी एवं न्याय मंत्री गिरीश नारायण पांडेय के निधन पर शोक की लहर

### गिरीश नारायण पाण्डेय के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



**लालगंज (रायबरेली)।** पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री गिरीश नारायण पांडेय का 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। एक दिन पहले ही उनकी पत्नी बीना पांडेय का भी स्वर्गवास हो गया था। उनके निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गिरीश नारायण पांडेय काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें गुरुवार को एसजीपीजीआई, लखनऊ में भर्ती कराया गया था। जहां शुक्रवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका पार्थिव शरीर उनके पान दरीबा स्थित आवास लाया गया, जहां सुबह से ही श्रद्धांजलि देने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। दोपहर बाद उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनका अंतिम संस्कार उनके गांव शिवपुरी स्थित गंगा घाट पर किया गया। उनके लोकतंत्र सेनानी व पूर्व मंत्री होने के कारण पूरी यात्रा में एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी व सीओ अनिल सिंह कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। उनके निधन पर कई राजनीतिक, सामाजिक व्यापार और शैक्षणिक जगत की हस्तियों ने दुख व्यक्त किया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह, धीरेंद्र बहादुर सिंह सपा विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता राजेश निर्मल, पशुपति शंकर बाजपेई, मनोज अवस्थी, राहुल भदौरिया, सहित तमाम गणमान्य लोग शामिल रहे।

## शमशान घाट पर अज्ञात कारणों से लकड़ी की दुकान में लगी आग



**डलमऊ रायबरेली-** डलमऊ कस्बे के श्मशान घाट पर लकड़ी की दुकान पर बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग गई।जिससे लकड़ी के साथ-साथ बगल में रखे छप्पर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया।स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सबकुछ जलकर नष्ट हो चुका था। डलमऊ कस्बा निवासी सोनू पंडा शव के अंतिम संस्कार के लिए गंगा तट पर लकड़ी का व्यवसाय करते हैं।शुक्रवार बीती रात अज्ञात कारणों से उनकी लकड़ी की दुकान में आग लग गई जिससे बगल में छाए छप्पर सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया जिससे लकड़ी व्यवसाय को भारी नुकसान हो गया है।स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पाने का भरपूर प्रयास किया लेकिन तब तक सब कुछ जलकर नष्ट हो चुका था। लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।वहीं कुछ लोगों का कहना है कि शरारती तत्वों द्वारा लकड़ी की दुकान पर आग लगाई गई है।स्थानीय लोगों ने शमशान घाट पर सुरक्षा एवं गस्त व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने की मांग की है।इस संबंध में कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है अज्ञात कारणों से आग लगी है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जिलाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर किया स्वागत

**● स्नेह मिलन कार्यक्रम में उमड़ा कार्यकर्ताओं का सैलाब कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत**



स्वतंत्र प्रभात

**गौरीगंज, अमेठी।** कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ हैं।हम कार्यकर्ताओं के दम पर 2047 तक एक बार फिर भारत को विश्व गुरु और विकसित भारत बनाने में सफल होंगे।हर एक कार्यकर्ता को कठोर परिश्रम कर अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाना होगा।आगामी पंचायत व 2027 विधानसभा चुनाव में जीत का परचम फहराने के लिए पूरी ताकत से जुटना होगा।यह बातें जिला प्रभारी व प्रदेश मंत्री शंकर गिरी ने नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु की अध्यक्षता व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विषुव मिश्रा के संयोजन में गौरीगंज स्थित जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित स्नेह मिलन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही।उन्होंने नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला को बधाई व शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा मुझे भरोसा और विश्वास है कि नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष पार्टी मजबूत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने आए हुए कार्यकर्ताओं का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया एवं मंच पर उपस्थित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों को माल्यार्पण करके स्वागत किया एवं आशीर्वाद प्राप्त किया ।उन्होंने कहा कार्यकर्ता के सम्मान व स्वाभिमान पर कभी आंच नही आने दूंगा।यह भी कहा कि बूथ इकाई के ढांचे को पन्ना प्रमुख तक मजबूत करना होगा।आने वाले पंचायत से लेकर विधानसभा 2027 के चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को अभी से कमर कसनी होगी।यह भी कहा कि आगामी दिनों में हम मंडल से लेकर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से सीधे रुबरु होगे।कार्यकर्ताओं को मेरा बूथ सबसे मजबूत के मंत्र को साकार करना होगा।संचालन जिला मन्त्री प्रभात शुक्ला ने किया।भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने बताया कि मुख्य अतिथि व भाजपा जिलाध्यक्ष समेत मंचासीन लोगों ने महापुरुषों के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।स्नेह मिलन कार्यक्रम को क्रमशः पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा दयाशंकर यादव,उमाशंकर पांडेय,दुर्गेश त्रिपाठी निवर्तमान ज़िलाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्रा ने भी सम्बोधित किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोविन्द सिंह चौहान,केशव सिंह, पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, प्रवीण सिंह जिला उपाध्यक्ष, दीपक सिंह प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पालिका गौरीगंज, उमेश सिंह , अरुण मिश्रा जिला सह मीडिया प्रभारी, गिरीश चंद शुक्ला जिला उपाध्यक्ष, उपमा सरोज जिला उपाध्यक्ष, आशा बाजपेई जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, निमिषा त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष बेतवा, अनु तिवारी जिला आईटी संयोजक, अतुल सिंह जिला मंत्री प्रभात शुक्ला, सुरेश यज्ञ सैनी समेत सैकड़ों की संख्या में पूर्व व वर्तमान पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक युवक को सर्प ने डशा हालत गंभीर जिला अस्पताल रेफर



**रायबरेली-**बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिशनपुर गांव में सूरज पुत्र भगवती निवासी रामदाई खेड़ा थाना निगोहा जिला लखनऊ निवासी युवक को सर्प ने डस लिया । ग्रामीणों ने बताया कि युवक पुलाव अपने साधन में लाद रहा था। तभी अचानक जोरो से चिल्लाने की आवाज आई तो ग्रामीणों ने पहुंचकर गंभीर युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उपचार करने के बाद हालत गंभीर को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। युवक ग्रामीण क्षेत्रों में पुलाव खरीद कर कटाई करके शहरों में बेचता था। ग्रामीणों का कहना है कि युवक अपने साधन में पुवाल लाद रहा था तभी अचानक युवक के पैर में सर्प ने डस लिया युवक को रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# कल से शुरू होगा चैत्र नवरात्रि, मन्दिरों की साफ सफाई हुई शुरू



**● सनातन धर्म में नवरात्रि का है विशेष महत्व मां अहोरवा भवानी वा मां कामाख्या देवी में प्रतिदिन आते हैं कई हजार श्रद्धालु**

स्वतंत्र प्रभात


**अमेठी।** रविवार से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्रि को? लेकर शुक्रवार व शनिवार को सभी देव स्थलों पर साफ-सफाई शुरू कर दी गई है। नवरात्रि को लेकर संग्रामपुर के कालिकन धाम, टीकरमाफी आश्रम, अमेठी के देवीपाटन, दुर्गन भवानी,अहोरवा भवानी , मां कामाख्या देवी मंदिर सहित दर्जनों देवी मंदिरों की साफ-सफाई शुरू हो गई है। इस बार नवरात्रि रविवार से प्रारंभ हो रही है।कालिकन धाम के पीठाधीश्वर श्री महाराज ने बताया कि रविवार से नवरात्र शुरू हो रहे हैं जिसमें सुबह चार बजे से श्रद्धालुओं की लाइन लग जाती है। सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस भी समय से तैयार रहती है। उन्होंने कहा इस नवरात्र में मां कालिका की पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं को मनवांछित फल प्राप्त होता है। नवरात्र को कालिकन धाम के मिष्ठान भंडार की दुकानों पर मिठाइयां बननी शुरू हो गई है। पुष्पकार जगह जगह फूल के बागों में जाकर फूल खरीदने के लिए आर्डर लगा चुके हैं। कालिकन धाम में श्रृंगार की दुकानें सजने लगी है। साफ सफाई को लेकर उन्होंने बताया कि आज रात मां कालिका की आरती के बाद साफ़ सफाई शुरू हो जाएगी। शनिवार को फूलों से मां कालिका का भव्य मंदिर सजाया जाएगा। श्रद्धालुओं ने सुगम दर्शन के लिए पुलिस की उपस्थिति रास्ता बनाया जाएगा।

## जल शक्ति मंत्री ने संतोष सोनी को किया सम्मानित

**चित्रकूट-** पाठा क्षेत्र के बरगढ़ निवासी संतोष सोनी पुत्र गनपत लाल सोनी को विश्व के सबसे बड़े संस्कृति समागम महाकुंभ 2025 प्रयागराज में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'स्वच्छ सुजल गांव' की प्रदर्शनी में शानदार एवं सराहनीय योगदान के लिए शुक्रवार को लखनऊ में कैबिनेट जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। महाकुंभ में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन व नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत 'स्वच्छ सुजल गांव' की प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसमें संतोष सोनी ने श्रद्धालुओं को इस महत्वकांक्षी परियोजना की विस्तृत जानकारी देते हुए जल संरक्षण, जल जनित बीमारी एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जागरूक किया था। साथ ही बच्चों और युवाओं के साथ राष्ट्रीय जल शपथ एवं जल संरक्षण पर रचनात्मक गतिविधि, गीत एवं खेल के माध्यम से उन्हें संवेदनशील बनाने में की भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल ट्रेड शो ग्रेटर नोएडा में दो बार आयोजित कार्यक्रम में संतोष सोनी ने प्रतिभाग कर चित्रकूट का नाम रोशन किया है।

# आरेडिका में 45वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रतियोगिता का समापन

**● फाइनल मुकाबला मध्य रेलवे बम्बई और रेलकोच फैक्ट्री कपूरथला के मध्य खेला**




स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज रायबरेली** अखिल भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रतियोगिता का भव्य समापन पूरे उत्साह के साथ महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं आरेडिका महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा भारती मिश्रा एवं उच्च अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। 7 दिन चली इस प्रतियोगिता में रेलवे जोन, प्रोडक्शन यूनिटों सहित कुल 9 टीमों के खिलाड़ी तथा रेलवे बोर्ड के ऑब्जर्बर, टेक्निकल ऑफिशियल, एथलेटिक फेडरेशन एवं रेलवे बोर्ड स्पोर्टस प्रमोशन बोर्ड के पदाधिकारी सहित कुल 200 लोग ने शामिल हुए। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मध्य रेलवे बम्बई और रेलकोच फैक्ट्री कपूरथला के मध्य खेला गया। इस में दोनों टीमें 2-2 गोल के साथ बराबरी पर रहीं एवं पेनल्टी सूट के आधार पर निर्णय हुआ जिसमें मध्य रेलवे बम्बई 2-1 से विजेता रहीं वहीं रेलकोच फैक्ट्री कपूरथला की टीम उप विजेता रही। महाप्रबंधक महोदय ने विजेता टीमों को विजय ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया एवं सभी खिलाड़ियो को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। 45वीं अखिल भारतीय रेलवे महिला हॉकी प्रतियोगिता में खेले कई खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर खेल चुके हैं, और वर्तमान में भी प्रतिभाग करते हैं।

आरेडिका खेल-कूद संघ के अध्यक्ष एवं प्रधान वित सलाहकार बीएल मीना ने बताया कि आगुन्तक खिलाड़ियों, कोचों, टेक्नीकल ऑफिशियल और रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के लिए आरेडिका के खेलकूद संघ द्वारा रहने-खाने की उचित व्यवस्था की गयी । खिलाड़ियों के उचित मार्गदर्शन हेतु एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी। जिससे खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा और प्रतियोगता का सफल अयोजन हो सका।

इस अवसर पर आरेडिका खेलकूद संघ के अध्यक्ष तथा प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खण्डेलवाल, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्रा, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश आरेडिका खेल-कूद विशेष अधिकारी पदमश्री एवं अर्जुन आवार्डी सुधा सिंह, आरेडिका खेलकूद संघ के सचिव एवं वित सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी अरविन्द कुमार, आरेडिका खेलकूद संघ के सभी सदस्यों सहित उच्चाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अलविदा की आखिरी नमाज के साथ रमजान की रुखसती का एलान

स्वतंत्र प्रभात



**अमेठी।** जिले के थाना संग्रामपुर क्षेत्र के आज 13 मस्जिदों पर अलविदा की आखिरी नमाज पढ़ी गई।एक दो छोड़ सभी मस्जिदों पर पुलिस तैनात थी। नमाजियों द्वारा रमजान की रुखसती का एलान भी किया गया। अलविदा रमजान,तेरी रोशनी से चमकता रहे हर इंसान की दुआ मांगी गई। सभी मस्जिदों के मौलानाओं द्वारा मुल्क में अमन-चैन कायम रहने की दुआ मांगने के लिए बताया गया। थाना संग्रामपुर क्षेत्र में कनू,भैरोपुर, मुहीब साह,डेहरा, बदलापुर,पुन्नपुर सहित तेरह मस्जिदों ने चढ़ बढ़ कर रमजान के पाक महीने की अलविदा नमाज पढ़ी। भैरोपुर निवासी नमाज़ी सहजाद ने बताया कि रमजान पाक महीने की आज अलविदा नमाज है इसमें हर रोजेदार की आंखें नम हो जाती है।एक तरफ ईद की खुशियां करीब आ रही है तो दूसरी तरफ रमजान को छोड़ जाने का ग़म बना हुआ है। मुमताज अली नमाज़ी ग्राम सभा कनू ने बताया खुदा से मगफिरत की दुआ करते हैं और अपनों को जुम्मा-उल- विदा की मुबारकबाद देते हैं। सानू कुरैशी पुन्न पुर बताया कि अल्लाह से यह दुआ करते हैं कि अगले साल भी उन्हें यह मुबारक महीना नसीब करें और इस तरह इबादत कर सके। इसी प्रकार जमील निवासी कसारा ने बताया कि शब-ए-कद्र रातों के बीच आखिरी जुमा आता है जिले अलविदा जुमा कहते हैं।इस जुमा में खुशी के साथ दुख। भी जताया जाता है।आज क्षेत्र में अलविदा नमाज पढ़ी गई। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस उड़नदस्ता टीम गठित थी जो क्षेत्र में शांति व्यवस्था में कारगर साबित हुई। संग्रामपुर क्षेत्र में मुहीब साह मस्जिद पर पुलिस नहीं तैनात थी लेकिन उड़नदस्ता मौके पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था की जिससे शांति से अलविदा की नमाज अदा की गई।

# क्षेत्र के अनेक मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई जुम्मे के अलविदा की नमाज

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज/रायबरेली।** पवित्र माह रमजान के आखिरी जुम्मे की अलविदा नमाज़ क्षेत्र के अनेक मस्जिदों में हर्षोल्लास के साथ पढ़ी गई तो वही क्षेत्र के प्रमुख जगहों पर भारी मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। रमजान महीने के आखिरी जुमा को बहुत खास माना जाता है, इसे अलविदा जुम्मा कहते हैं. अलविदा जुमा के बाद ईद का त्योहार मनाया जाता है अलविदा जुम्मा को जुमातुल विदा, जुमा-उल-विदा या जमात उल विदा भी कहा जाता है। इस जुम्मे का महत्व इसलिए भी अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि माह-ए-रमजान के आखिरी जुम्मे पर जामा मस्जिद पैगम्बर नगर,छोटी मस्जिद वारसी नगर, मक्का मस्जिद जाकिर हुसैन नगर, मदीना मस्जिद पुलिस चौकी, पूरे मुंडू मस्जिद ,कोटवा मदनिया, हलोर ,बावन बुजुर्ग बल्ला, जिहवा, थुलवांसा ,में अलविदा की नमाज सभी मोमिन भाइयों ने अदा की इबादत से नमाजियों या रोजेदारों को कई गुना अधिक सवाब मिलता है अलविदा जुमा पर रोजेदार मस्जिद में एकत्रित होते हैं अलविदा जुमा पर मस्जिद में खास नमाज अदा की जाती है सभी एक साथ अल्लाह की इबादत करते हुए अमन, चैन खुशहाली और मग़फिरत की दुआएं मांगते हैं अलविदा जुमा के खास दिन पर नमाज के बाद लोग एक दूसरे को इसकी मुबारकबाद भी देते हैं।

## दो दिवसीय नॉलेज शेयरिंग व नवाचार कार्यशाला की गई आयोजित

स्वतंत्र प्रभात



**डलमऊ रायबरेली-** शिक्षण को बेहतर बनाने और शिक्षकों को नवाचार के तरीकों से परिचित कराने के लिए दो दिवसीय नॉलेज शेयरिंग व नवाचार कार्यशाला आयोजित की गई। शुक्रवार को बीआरसी डलमऊ में निपुण भारत मिशन के तहत दो दिवसीय नवाचार मेला और नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी नंदलाल रजक ने मां सरस्वती वंदना के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान श्री रजक ने नवाचार की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवाचार शिक्षक को सरल और रुचिकर बनाता है यह विद्यार्थियों की उपस्थिति को बढ़ाता है,साथ ही स्कूल में बच्चों के ठहराव को सुनिश्चित करता है। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष योगेश सिंह ने कहा कि नवाचार शिक्षण को सरल और रुचिकर बनाता है। शिक्षण संस्थानों में प्रयोग किए जाने वाले बेस्ट प्रैक्टिसेज की जानकारी दी।कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों द्वारा प्रशिक्षण कक्ष में टी0एल0एम0 लगाकर अत्यधिक सुसज्जित करते हुये सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने टी0एल0एम0 क्रियाविधि भी बतायी गयी एवं शिक्षकों द्वारा अपने-अपने विद्यालयों में किये गये नवाचार भी सभी से साझा किया गया।खण्ड शिक्षा अधिकारी के द्वारा बताया गया कि ऐसे नवाचारों का प्रयोग करके हम सभी अपने-अपने विद्यालयों में निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति कर सकेंगे और छात्र उपस्थिति भी बढा सकेंगे। इस मौके पर एआरपी विनोद अग्निहोत्री, अनुराग राठौर, सुशील कुमार,इरफान खान,मधु सिंह मौजूद रहे।

## आबकारी विभाग के कार्यालय पर शराब दुकान को लेकर महिला कांग्रेस कार्यकर्तियों का जोरदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र /** उत्तर प्रदेश -सोनभद्र में महिला कांग्रेस ने एक विद्यालय के पास शराब की दुकान के संचालन के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सोनभद्र जिला आबकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का मुख्य कारण विद्यालय के पास शराब की दुकान का संचालन था। महिला कांग्रेस ने आरोप लगाया कि विद्यालय से निकलने वाली छात्राओं पर शराबी कमेंट करते हैं, जिससे उन्हें परेशानी होती है। महिला कांग्रेस की उषा चौबे ने कहा कि शराब के नशे में धुत लोग महिलाओं और बेटियों पर गलत कमेंट करते हैं, जिससे उनका विद्यालय जाना कठिन हो गया है। कांग्रेसियों ने चेतावनी दी है कि यदि विद्यालय से शराब की दुकान नहीं हटाई गई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। विद्यालय के पास शराब की दुकान होने से छात्राओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई है। शराबियों द्वारा की गई अभद्र टिप्पणियों से छात्राओं का विद्यालय जाना असुरक्षित हो गया है। शराब के नशे में धुत लोगों द्वारा की गई अभद्र टिप्पणियों से समाज में अशांति का माहौल पैदा हो रहा है।विद्यालय के पास शराब की दुकान का संचालन नियमों का उल्लंघन हो सकता है।महिलाओं ने इस समस्या के खिलाफ आवाज उठाई है और प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला आबकारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शराब की दुकान को विद्यालय से दूर हटाने की मांग की है।

# जिला ग्रामोद्योग कार्यालय उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश –** जिला ग्रामोद्योग कार्यालय उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जनपद-सोनभद्र द्वारा शिक्षित बेरोजगार नवयुवको/युवतियों को स्वरोजगार में रुचि रखनें वाले क्रियाशील व्यक्तियों को उद्योग की स्थापना करने एवं रोजगार सृजन बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डायट परिसर सोनभद्र में एक दिवसीय माटीकला जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का संचालन महेश इण्डियन ट्रेनिंग सेन्टर के द्वारा किया गया, आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी द्वारा गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एंव दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी किरन श्रीवास्तव द्वारा पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी के कर कमलों द्वारा चयनित 30 प्रजापति लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व कुम्हारी विद्युत चालित चाक का निःशुल्क वितरण किया गया साथ ही साथ खादी एवं ग्रामोद्योग विकास एवं सतत् स्वरोजगार प्रोत्साहन नीति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार हेतु अधिक से अधिक खादी ग्रामोद्योगी इकाइयों की स्थापना हेतु प्रत्येक विकास खण्ड से चयनित 2 ग्राम प्रधानों को जनपद स्तर पर उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ से प्राप्त प्रोत्साहन धनराशि रु0-2000.00 का चेक, अंगवस्त्र जिस पर विभाग/बोर्ड का लोगो अंकित था एवं प्रशस्ति पत्र उनके द्वारा प्रदान किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र से राजधारी गौतम, जिला अग्रणी प्रबन्धक शलन बागे, डी0डी0एम0नाबार्ड आनन्द कुमार पाण्डेय, निदेशक (आरसेटी) आदि उपस्थित रहे।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी किरन श्रीवास्तव द्वारा विभाग से संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के बारे में बताया गया उपायुक्त उद्योग से राजधारी गौतम द्वारा लघु उद्योग से सम्बन्धित चल रही योजनाओं एवं एल0डी0एम0 एवं सोनभद्र द्वारा शासन द्वारा संचालित योजनाओं में बैंको से किस प्रकार ऋण लिया जा सकता है तथा ऋण लेने के सम्बन्ध में निदेशक (आरसेटी) एवं डी0डी0एम0नाबार्ड द्वारा लाभार्थियों को प्रशिक्षण लेने हेतु जानकारी प्रदान की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आशीर्वचन के रुप में सभी प्रधानों को बधाई दी गयी तथा लाभार्थियों को प्रोत्साहित किया गया अपने उद्बोधन में बताया गया कि पहले पत्थर चाक की अपेक्षा वर्तमान में इलैक्ट्रिक चाक से कम परिश्रम एवं कम समय में अधिक गुणवत्ता वाले अधिक मात्रा में मिट्टी के बर्तन बनाये जा सकते है। प्लास्टिक का प्रयोग बन्द करने के लिए एवं इको फ्रेन्डली कुल्हड़ का प्रयोग करने के लिए बढावा दिया गया तथा महोदया द्वारा स्टॉल पर लगे मिट्टी के बर्तनों दीया, परई, कलसा, गुल्लक आदि का निरीक्षण किया एवं विद्युत चालित चाक पर मिट्टी से दीया बनाया गया। कार्यक्रम का समापन जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा सभी को बधाई देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, संबंधित को दिये कड़े निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**सोनभद्र/** उत्तर प्रदेश -मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने शुक्रवार को ग्राम मानपुर, विकास खण्ड राबर्ट्सगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय जिला विकास अधिकारी खण्ड विकास अधिकारी राबर्ट्सगंज ग्राम पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। उच्च प्राथमिक विद्यालय मानुपर में कुल 56 छात्र/छात्रायें पंजीकृत है जिसके सापेक्ष 38 छात्र/छात्रायें उपस्थित पाये गये। विद्यालय में दो सहायक अध्यापक रूप कुमारी एवं शशिकला तैनात है किन्तु रूप कुमारी सहायक अध्यापक मौके पर अनुपस्थित पायी गयी। जिसके क्रम में अवगत कराया गया कि रूप कुमारी सहायक अध्यापक प्रशिक्षण पर गयी है जबकि विद्यालय में परीक्षा चल रही है। जहाँ उनके द्वारा निर्देश दिया गया कि परीक्षा के समय प्रशिक्षण क्यों कराया जा रहा है।जबकि खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा विगत 03 माह से विद्यालय का निरीक्षण कर पंजिका को अवलोकित नही किया गया है। मध्यान्ह 12:30 बजे आंगनबाड़ी केन्द्र बन्द पाया गया। निरीक्षण के समय गांव की नाली चोक पायी गयी तथा साफ-सफाई की स्थित बहुत खराब पायी गयी। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्राम में तैनात सफाई कर्मी से नियमित रूप साफ-सफाई का कार्य कराया जाय। ग्राम पंचायत मे प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत सर्वेयर द्वारा आवास प्लस में पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़ने हेतु सर्वे किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अकली पत्नी बड्डुक प्रसाद का सर्वे अपने समक्ष कराया गया। सर्वे के द्वारा यह ज्ञात हुआ कि इस लाभार्थी को अभी तक शौचालय नही मिला है। इस ग्राम पंचायत मे लाभार्थियों द्वारा 83 सेल्फ सर्वे तथा सर्वेयर द्वारा 151 कुल 234 आवासों का सर्वे किया जा चुका है। ग्राम पंचायत सचिव एवं सर्वेयर को निर्देशित किया गया कि आवासों का सर्वे पूर्ण करने की अन्तिम तिथि 31 मार्च, 2025 तक ग्राम के सभी पात्र लाभार्थियों का आवास हेतु सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया जाय। आवास सर्वे में कोई भी पात्र लाभार्थी छूटने न पाये, यदि कोई पात्र लाभार्थी अवशेष रहता है, तो इसके लिए सर्वेयर के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जीरो पावर्टी के अन्तर्गत चयनित लाभार्थी मुनिया पत्नी शिवधारी से मौके पर जाकर जानकारी प्राप्त की गयी। आवास प्लस सर्वे में अब तक 148341 पात्र लाभार्थियों का सर्वे किया जा चुका है। सर्वे पूर्ण करने की अन्तिम तिथि 31 मार्च, 2025 है।

# कचहरी परिसर में समस्याओं का अंबार, पानी की समस्या को लेकर वकीलो ने किया बैठक, उठी पानी की मांग




**● पानी की समस्या से निजात दिलाने की मांग**

**कचहरी परिसर में मूलभूत सुविधाओं का टोटा**

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र/**उत्तर प्रदेश -डिस्ट्रिट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सभागार में एक बैठक एसोसियेशन के उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई ! बैठक में गर्मी में अधिवक्ताओं की बैठने की व्यवस्था, सफाई, पेयजल व शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को ठीक करने पर विचार विमर्श किया गया !डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कचहरी परिसर में बढ़ती अधिवक्ताओं की संख्या की अपेक्षा बैठने की जगह ही कम है। कचहरी परिसर में गंदगी का अंबार लगा मिला। कचहरी परिसर स्थित सभी शौचालयों में कही दरवाजा टूट गया कही पर गंदगी एवं पानी का अभाव होने की वजह से अधिवक्ताओं एवं वादकारियो को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ! इसमें भी खासकर महिला अधिवक्ता एवं महिला वादकारियों को जिसे अविलंब ठीक किया जाना चाहिए ।महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एडवोकेट ने कहा कि कचहरी परिसर में एक वॉशरूम नहीं बना है। कचहरी में आने वाली महिला वकीलों और वादकारियों के लिए यह सबसे बड़ी समस्या है। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी राजेश कुमार यादव ने कहा कि कचहरी परिसर में कहीं भी अधिवक्ताओं एवं अधिकारियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है परिसर में जो नवीन बोरिंग हुई है उसमें भी आर ओ तथा पानी पीने की व्यवस्था नहीं की गई है तुरंत गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त किया जाए तत्काल में एक टैंकर लगाया जाए जिससे पानी पीने की व्यवस्था तुरंत उपलब्ध हो सके ! संचालन मीडिया प्रभारी राजेश कुमार मौर्य एड ने किया। बैठक में कामता प्रसाद यादव, प्रेमप्रताप विश्वकर्मा, सुरेश सिंह कुशवाहा, कृष्णानंद सिंह, राम गुल्ली यादव, अभिषेक सिंह, अमरेश कुमार विश्वकर्मा, रमेशचंद्र मौर्या एड, अनिल कुमार सिंह एड, शाहनवाज खान एड आदि पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## कानपुर के अधिवक्ता की हत्या के विरोध में कार्य बहिष्कार

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर देहात।** मैथा तहसील में अधिवक्ताओं के चेम्बर्स को जिला प्रशासन द्वारा ध्वस्त करने,कानपुर नगर में अधिवक्ता राजेश सिंह की निर्मम हत्या को लेकर जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान में जनपद न्यायालय के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।और अधिवक्ताओं की आम सभा हुई।जिसमें मृतक अधिवक्ता के परिवार को एक करोड़ रुपए और मृतक की पत्नी को सरकारी नौकरी दिलाए जाने एवं दोषियों को शीघ्र सजा दिलाए जाने हेतु मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाए जाने की मांग की। इस अवसर पर जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष मुलायम सिंह ने कहा कि देश व प्रदेश में अधिवक्ताओं के बचाव का कारगर कानून न होने के कारण उनके प्रति अपराधियों के हौंसले बुलन्द और वह बेखौफ अधिवक्ताओं की जान तक लेने से बाज नहीं आ रहे। अतः अधिवक्ता प्रोटक्शन एक्ट शीघ्र लागू किया जाना अति आवश्यक है।जिससे अधिवक्ता बेखौफ होकर पीड़ितों को न्याय दिलाने में मदद कर सके।

इस अवसर पर सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने कहा कि अधिवक्ताओं के चेम्बर्स को विधि विरुद्ध तरीके से ध्वस्त करना न्याय प्रशासन के भवन के एक स्तम्भ को ध्वस्त करने की श्रेणी में आता है क्योंकि जिस तरह से न्यायिक आदेश पारित करने के लिए न्यायालय भवन का होना आवश्यक है उतना ही जरूरी अधिवक्ता का अपना चैम्बर होना है।क्योंकि अधिवक्ता के बिना वादकारी अपना मुकदमा नहीं लड़ सकता और अधिवक्ता बिना चैम्बर न्यायिक कार्य नहीं कर सकता।

संचालन महामंत्री अमर सिंह भदौरिया ने किया।इसके बाद अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधि मण्डल जिला बार अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव एवं जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में मैथा तहसील में आंदोलनरत अधिवक्ताओं को समर्थन प्रदान करने हेतु मैथा तहसील में पहुंच अपना समर्थन प्रदान कर प्रदेश शासन से मांग की। मैथा तहसील के अधिवक्ता साथियों के समर्थन में शनिवार को भी न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश चन्द्र सिंह गौर एसपी पाण्डे रमेश कुमार महेन्द्र सिंह यादव प्रदीप सिंह गौर तथा जनपद न्यायालय में पूर्व अध्यक्ष गण रवीन्द्र नाथ मिश्रा सम्पत लाल यादव वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध नारायण त्रिपाठी घनश्याम सिंह राठौर सर्वेंद्र सिंह यादव विश्वनाथ सिंह राम सनेही कुशवाहा डीके सिंह शिव गिरजा शंकर पाल आदि रहे।

## अलविदा की नमाज पर प्रशासनिक अफसर सड़कों पर



**● -सुरक्षा के कड़े इंतजाम, हर संदिग्ध पर रही पैनी नजर**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** अलविदाड्ढजुमा की नमाज व शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी के नेतृत्व मे स्थानीय पुलिस फोर्स व पी.ए.सी के साथ सद्भावना चौकी चौराहा से प्रारंभ कर थाना क्षेत्र अनवरगंज, बेकनगंज व चमनगंज के मुख्य बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों का भ्रमण कर रूट मार्च किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस इस दौरान अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल , सहायक पुलिस आयुक्त अनवरगंज व सहायक पुलिस आयुक्त सीसामऊ भी मौजूद रहे।

अलविदाड्ढजुमा की नमाज व शान्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी के नेतृत्व मे स्थानीय पुलिस फोर्स व पी.ए.सी के साथ सद्भावना चौकी चौराहा से प्रारंभ कर थाना क्षेत्र अनवरगंज, बेकनगंज व चमनगंज के मुख्य बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों का भ्रमण कर रूट मार्च किया गया व संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस इस दौरान अपर पुलिस उपायुक्त सेंट्रल , सहायक पुलिस आयुक्त अनवरगंज व सहायक पुलिस आयुक्त सीसामऊ भी मौजूद रहे।

## आनलाइन गेम में फंसाकर आत्महत्या करवाने वाला गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** थाना काकादेव कमिश्नरेट कानपुर नगर के अंतर्गत अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के पुत्र तनय सागर को आनलाइन गेम या साइबर अपराध के चंगुल में ऐसा फँसाकर उत्पीड़न व शोषण किया गया जिससे पीड़ित होकर वादी के पुत्र द्वारा आत्महत्या कर ली थी। मृतक के पिता ने इस सम्बन्ध में थाने में धारा 108 बीएनएस से संबन्धित मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमा लिखते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी और कल अभियुक्त- अरूण कुमार पुत्र राजेन्द्र कटियार वर्तमान निवासी हरकेशनगर थाना

सरिता विहार नई दिल्ली व मूल निवासी ग्राम नंगला पजाबा, पोस्ट- याकूतगंज थाना फतेहगढ जनपद फर्रूखाबाद उम्र करीब 41वर्ष मय 11 मोबाईल व एक अदद आधार कार्ड जिसपर उसका फोटो व नाम अंकित है, एक अदद पैन कार्ड व एक अदद एटीएम कार्ड मय 620 रूपये मय 20 अदद सिम कार्ड के साथ आज दिनांक 28.03.2025 गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को सम्बन्धित माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार करने वालों में प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह भदौरिया, उ0नि0 सचिन भाटी चौकी प्रभारी शास्त्रीनगर थाना काकादेव, उ0नि0 मंजेश कुमार, उ0नि0 उमाकान्त, उ0नि0 पवन प्रताप सर्विलांस सेल प्रभारी सेन्ट्रल जोन कानपुर नगर के नाम प्रमुख हैं।

## एडीजी ने कानून व्यवस्था को लेकर कन्नौज में की बैठक

**● -आरक्षी जेटीसी,आरटीसी प्रशिक्षण के लिए व्यवस्था के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन आलोक सिंह ने आज कन्नौज में कानून व्यवस्था को लेकर बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद कन्नौज भ्रमण दौरान रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी के साथ आगामी त्योहार व कानून-व्यवस्था के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी। बैठक में उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अन्तर्गत चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु जे0टी0सी0 एवं आर0टी0सी0 की तैयारियों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान जोगेन्द्र कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर व विनोद कुमार, पुलिस अधीक्षक, जनपद कन्नौज उपस्थित रहे।

## तालाब में फंसी गाय को ग्रामीणों ने सकुशल निकाला



**जौनपुर।** मां शीतला चौकियां धाम के रामदासपुर नेवादा मोहल्ले में स्थित मंदिर के बगल पोखरे के कीचड़ में फंसी गाय को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाल दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर एक गाय टहलते टहलते पोखरे में चली गई जहाँ कीचड़ में उसका पैर धंस गया। धीरे–धीरे गाय कीचड़ में काफी अंदर तक धंस गयी। मोहल्ले वालों की नजर पड़ी तो काफी संख्या में लोग जुट गये। सुचना देकर पुलिस को बुला लिया। कुछ युवक पोखरे में जाकर रस्सी बांधकर मोहल्लेवासियों के सहयोग से खिंचवाकर गाय की जान बचाई। बाहर आते ही गाय दौड़ने लगी जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इस अवसर पर जितेंद्र, सुरेन्द्र नाथ, जयनाथ सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## एकता और मोहब्बत का संदेश, हम सबका कर्तव्य मौलाना महफूजुल हसन खान

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर** शिया जामा मस्जिद में आज पेश इमाम मौलाना महफूजुल हसन खान ने अलविदा जुम्मा की नमाज़ अदा की। रमज़ान के पवित्र महीने का आखिरी जुम्मा होने के नाते, यह आयोजन मुस्लिम समुदाय के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं भावनात्मक क्षण रहा। मौलाना ने इस अवसर पर शांति, एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए, धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों की ओर भी ध्यान दिलाया। नमाज़ के अंत में मौलाना महफूजुल हसन खान ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, हमारा इस्लाम हमेशा से एकता, मोहब्बत और भाईचारे का पैगाम देता आया है। आज, इस अलविदा जुम्मा के अवसर पर मैं आप सभी से अपील करता हूँ कि हम अपने दिलों में प्रेम और समझ का बीज रोपें। हमें यह याद रखना चाहिए कि हमारी असली ताकत हमारी एकता में है, और यही एकता हमें हर मुश्किल से लड़ने की शक्ति देती है इस विशेष दिन की मनोभावना में, मौलाना के इस बयान ने सभी में एक नई उमंग का संचार किया। अलविदा जुम्मा, जिसे जुम्मा-तुल-विदा के नाम से भी जाना जाता है, विशेष नमाज़, दुआ, कुरान की तिलावत, सदका व खैरात, साथ ही ईद की तैयारियों और सामूहिक एकता के द्वारा मनाया जाता है। मौलाना ने इस बात पर बल दिया कि यह दिन न केवल रमज़ान के समापन का प्रतीक है, बल्कि ईद-उल-फितर के स्वागत के लिए एक सकारात्मक और आशापूर्ण शुरुआत भी है।

मौलाना महफूजुल हसन खान का यह संदेश कि "एकता और मोहब्बत का संदेश, हम सबका कर्तव्य" आज के कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बना। उन्होंने समुदाय के सभी सदस्यों से अपील की कि वे मिलजुल कर न केवल धार्मिक कर्तव्यों का पालन करें, बल्कि सामाजिक और पारस्परिक संबंधों को भी सुदृढ़ करें। इस प्रकार, जौनपुर में आज का यह आयोजन समाज में शांति, सौहार्द और सामूहिक उन्नति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ है।

## चर्चित एकता मर्डर केस की जांच करने लखनऊ से कानपुर पहुंचा स्टेट मेडिकल लीगल सेल

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** यहां आज शुक्रवार को चर्चित एकता गुप्ता मर्डर केस की जांच करने के लिए लखनऊ से स्टेट मेडिको लीगल सेल की टीम कानपुर पहुंची है। इस बीच पहुंची टीम ने कई घंटे तक कोतवाली थाने में रुककर एकता गुप्ता की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट समेत अन्य दस्तावेजों का एनालिसिस की। साथ ही टीम डीएम कंपाउंड भी जांच-पड़ताल करने गई। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एकता गुप्ता मर्डर केस में पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी हत्या की वजह साफ नहीं हो सकी थी, इस वजह से अब टीम दोबारा जांच पड़ताल करने पहुंची है।

अवगत कराते चलें कि 24 जून 2024 से लापता सिविल लाइंस के गोपाल विहार निवासी राहुल गुप्ता की पत्नी एकता रोजाना ग्रीन पार्क स्टेडियम स्थित जिम गई थीं। वह रोजाना ग्रीन पार्क स्टेडियम स्थित जिम जाती थीं। इसी मामले में उस दिन वह घर नहीं लौटीं तो राहुल ने जिम ट्रेनर विमल सोनी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। जहां तक पुलिस की कार्रवाई का सवाल है पुलिस ने शुरुआत में इसे गंभीरता से लिया था। बाद में 26 अक्टूबर को विमल की गिरफ्तारी के बाद पता चला की एकता की विमल ने एकता का मर्डर करके डीएम कंपाउंड के बगल में ऑफिसर्स क्लब में गाड़ दिया था। पुलिस ने हत्यारोपित को जेल भेजते हुए खुलासा भी कर दिया, लेकिन एकता की मौत के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका जिसके लिए ही मेडिकल लीगल टीम अब दोबारा छानबीन कर रही है। जिसके आधार पर माना जा रहा है की घटना की वास्तविक वजह जल्द ही पता चल सकेगी।

## ठाकुरबाड़ी के कार्यकर्ताओं ने चलाया जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर** बदलापुर ठाकुरबाड़ी संस्था प्रमुख डॉ. अंजू सिंह के निर्देश पर ठाकुरबाड़ी महिला विकास कल्याण समिति के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय स्तर पर कई गांवों के स्कूलों में बच्चों को टीबी रोग तथा संचारी रोग के प्रति जागरूक किया।संस्था की कार्यकर्ता नेहा सिंह ने टीबी रोग के लक्षण की जानकारी देते हुए बताया कि दो हफ्ते से अधिक खांसी आना, बुखार होना, वजन में कमी, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हैं। उन्होंने इससे बचाव के तरीकों, सरकारी अस्पताल पर मिलने वाले निःशुल्क उपचार तथा वहां पर मिलने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में भी बताया।संस्था के कार्यकर्ता सत्यजीत मौर्य ने मलेरिया, टाइफाइड, डायरिया, डेंगू आदि जैसे संचारी रोग के बारे में बताते हुए कहा कि यह रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में विभिन्न माध्यमों से फैलते हैं। इन रोगों का प्रसार दूषित भोजन खाने, दूषित पानी पीने, कीड़े के काटने से होता है। इन रोगों के होने दंता सिर में दर्द होना, बुखार या ठंडा लगना, शरीर में दर्द, थकान, गला खराब होना, खांसी आना, नाक बहना आदि लक्षण दिखते हैं। उन्होंने बच्चों की स्वच्छता तथा आसपास का वातावरण स्वच्छ रहने के फायदों के बारे में बताते हुए विभिन्न बीमारी से बचने के लिए जागरूक किया।बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए संक्षिप्त प्रश्नोत्तर सत्र रख कर उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों के प्रबंधक, हेडमास्टर, शिक्षक आदि उपस्थित रहे। इनमें मुख्य रूप से अनवर अब्बास खान, अजय कुमार पाल, शशि कला, शशि सिंह, कुसुम मिश्रा, शैलेश कुमार यादव, आलोक यादव के साथ ही संस्था के कार्यकर्ता लालमनि मिश्रा, नेहा सिंह, मंजू सिंह, सत्यजीत मौर्य, सौम्या सिंह आदि मौजूद रहे।

## शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था की पुष्टि हेतु हुआ फ्लैग मार्च



**जौनपुर** शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था की पुष्टि हेतु.फ्लैग मार्च जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस बल के साथ मिलकर थाना कोतवाली क्षेत्र में एक अनुशासित फ्लैग मार्च आयोजित किया। इस मार्च के दौरान क्षेत्रीय मस्जिदों पर लगे ड्यूटी स्टाफ की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।मार्च के दौरान अधिकारीगणों ने यह सुनिश्चित किया कि मस्जिद परिसर में न केवल सुरक्षा की पूर्ण व्यवस्था हो, बल्कि वहां के आस-पास शांति एवं सुव्यवस्था बनी रहे। जिलाधिकारी ने आमजन-मानस के साथ संवाद करते हुए, आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को प्रोत्साहित करने की अपील की। उन्होंने जोर देकर कहा कि धार्मिक स्थानों पर व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ सामाजिक एकता भी बेहद आवश्यक है, जिससे समाज में समरसता बनी रहे। इस प्रकार के कदम से प्रशासन ने यह संदेश दिया है कि सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है और नागरिकों से भी अपेक्षा की जा रही है कि वे मिलजुल कर सामूहिक शांति और सुरक्षा को सुनिश्चित करें।

# तीन दिवसीय विकास उत्सव/मेले का समापन कार्यक्रम सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात



**जौनपुर** प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित भव्य तीन दिवसीय विकास उत्सव/मेले का समापन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आज विकास उत्सव मेले में विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का शुभारंभ राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार खेल एंव युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश गिरीश चन्द्र यादव ने फीता काटकर कर किया कृषि, उद्योग, जल जीवन मिशन, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास, खादी ग्रामोद्योग, पुलिस (मिशन शक्ति), एनआरएलएम, चिकित्सा, खाद्य सुरक्षा, बेसिक शिक्षा, बैंक, नगर पालिका और विद्युत, सूचना सहित अन्य विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लगाए गए स्टालों का जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा जन सामान्य ने अवलोकन किया। वहीं स्टॉल के अवलोकन के दौरान राज्यमंत्री ने बाल विकास विभाग के स्टॉल पर गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करने के साथ ही 6 माह के बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन कराया। इसके उपरांत उन्होंने बारी-बारी से सभी स्टालों का अवलोकन किया। इसके उपरान्त मंत्री द्वारा प्रेक्षागृह में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभ व मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम ने मा0 राज्यमंत्री जी का, एमएलसी बृजेश सिंह ''प्रिंसू'' एवं अन्य मा0 जनप्रतिनिधियों को बुके देकर उनका स्वागत किया। महाकुंभ 2025 तथा उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्षों पर आधारित लघु फिल्म का एलईडी के माध्यम से प्रदर्शन किया गया जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व जन सामान्य ने आत्मसात किया। जनपद के लोकगीत गायक रविन्द्र सिंह ज्योति के द्वारा विकास पर आधारित और बेटी बचाओं और बेटी पढाओं पर गीत गाये गये। कार्यक्रम में सूचना/संस्कृति विभाग में पंजीकृत कलाकार अवनीश तिवारी, आशीष पाठक, गोविंदा मिश्रा, सुनील यादव ने लोक गीत के माध्यम से सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया। राय सिंह एवं टीम के द्वारा नुक्कड नाटक की प्रस्तुति दी गयी। सभी कलाकारों को मा0 राज्यमंत्री जी के द्वारा सम्मानित किया गया। टी.डी. कालेज के बच्चों के द्वार गणेश बन्दना प्रस्तुत किया गया। कम्पोजिट विद्यालय गुरैनी के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति दी गयी। बेसिक शिक्षा विभाग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।उन्होंने 02 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति प्रमाण-पत्र दिया। मा0 राज्यमंत्री जी ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई मित्रों, ग्राम प्रधानों, कृषक दुर्घटना बीमा योजना के लाभार्थियों, दैवीय आपदा के लाभार्थियों सहित विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगो को प्रमाण-पत्र वितरित किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरण किया। इस अवसर पर मा0 राज्यमंत्री जी ने उपस्थित जन सामान्य को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश शासन के 08 वर्ष में हुए विकास के गति से प्रदेश आज एक नई ऊंचाई पर है, अयोध्या मंदिर का निर्माण, विंध्यवासिनी धाम कॉरिडोर के रूप में विकसित होना हमारी आस्था संस्कृति को लेकर लिए गए संकल्प को दर्शाता है। प्रदेश सरकार युवा, गरीब सहित समाज के सभी तबके को साथ लेकर चल रही है। युवाओं को पारदर्शिता के साथ सरकारी नौकरी दिया जा रहा है। महिला सम्मान की दिशा में आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाया जा रहा है, किसानों को किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है। जन आरोग्य योजना अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष अंतर्गत स्वास्थ्य सुविधा दी जा रही है। सौभाग्य योजना के तहत हर घर को बिजली पहुंचाई जा रही है। हर घर नल से जल योजना से सभी घरों में जल उपलब्ध कराया जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने की ओर अग्रसर है, उत्तर प्रदेश में निवेश बढ़ रहा है, युवाओं को रोजगार मिल रहा है। जीरो टॉलरेंस नीति के कारण तेजी से उद्योग शुरू हुए हैं, भूमि अधिग्रहण के मामलों में किसानों को मुआवजा दिया जा रहा है। खेल के क्षेत्र में बहुत व्यापक बदलाव आए हैं। उन्होंने कहा कि 08 वर्षों में उत्तर प्रदेश में जो बदलाव आए हैं यह स्पष्ट करता है कि 08 साल बेमिसाल रहा है।सदस्य विधान परिषद ने प्रदेश सरकार के 08 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां को गिनाया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश सरकार ने अनेकों कार्य किए हैं जिससे आज महिलाएं अपने आप को सुरक्षित एवं सम्मानित महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में लिंगानुपात में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है, निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, विद्युत सेवाएं, इंफ्रास्ट्रक्चर, लोक निर्माण आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य हुए हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि आज पूरे हर्ष प्रसन्नता के साथ सेवा सुरक्षा सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उसी के सम्मान में तीन दिवसीय मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इन 08 वर्षों में कानून व्यवस्था में, विकास के लाभ, समाज सेवा, उद्यमिता के साथ विभिन्न विभागों द्वारा वंचितों एवं पात्रों को चिन्हित कर योजना का लाभ दिया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम के द्वारा कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी का आभार और धन्यवाद किया गया। कार्यक्रम का संचालन सलमान शेख ने किया। इस अवसर पर जनपद की सभी विकास खण्डों में भी तीन दिवसीय विकास महोत्सव का आयोजन हुआ। सभी कार्यक्रमों में भारी संख्या में जन सामान्य की उपस्थिति सुनिश्चित कराते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं/उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका श्रीमती मनोरमा मौर्य सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण अधिकारीगण व लाभार्थीगण तथा जन सामान्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सिमरा में हाई-वे पर टायर फटने से डंफर मकान में घुसा



**कानपुर।** यशोदा नगर के पास सिमरा गांव के हाईवे पर एक डंफर का टायर फटने से डंफर दीवार तोड़ता हुआ मकान में घुस गया। मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस हादसे में को जनहानि नहीं हुई। पुलिस ने बताया कि आज सुबह करीब 7.30 बजे सूचना प्राप्त हुई की सिमरा गांव बायपास रोड पर एक ट्रक अनियंत्रित होकर किसी घर में जा घुसा है। मौके पर जाकर देखा की एक ट्रक क्७८्यह७581 अनियंत्रित होकर भवन स्वामी मो0 तोफिक पुत्र इमरान अली निवासी मकान संख्या 71/20 सिमरा गांव बायपास रोड थाना नौबस्ता कानपुर नगर के घर में जा घुसा हैं। *मकान आगे से टूट गया हैं। कोई जनहानि नही हुई हैं । लॉ एंड ऑर्डर की कोई समस्या नहीं हैं। ट्रक को हटवाया जा रहा हैं। यातायात सुचारू रूप से चल रहा हैं। मौके पर भवन स्वामी तथा ट्रक वाहन स्वामी अखिलेश यादव पुत्र श्री जतन सिंह यादव निवासी ग्राम गड़ेहवा थाना बिधनू कानपुर मौजूद हैं। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### पूर्वी जोन में जुम्मे की नमाज पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त

**सीसीटीवी से पूरे कमिश्नरेट में रखी गई गतिविधियों पर नजर**



**कानपुर।** आज दिनांक 28.03.2025 को पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा जुम्मे की नमाज़ को दृष्टिगत रखते हुए थाना कोतवाली व थाना मूलगंज अंतर्गत पैदल गश्त की व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया व सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्थानीय समुदाय के लोगों और धार्मिक नेताओं से संवाद बनाए रखने पर जोर दिया जिससे शांति और सौहार्द्र का माहौल बना रहे। ?पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे आम जनता से संवाद करें, उनकी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को सुनें और उचित समाधान प्रदान करें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि पर नजर रखने के लिए सभी अधिकारियों को सतर्क रहने का निर्देश दिया गया। गश्त का उद्देश्य नमाज़ के दौरान शांति और सुरक्षा बनाए रखना व लोगों में सुरक्षा की भावना को बढ़ाना। गश्त में सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक मूलगंज मौजूद रहे।

### कन्नौज से एडीजी कानपुर जोन आलोक सिंह का संदेश

**सभी त्योहार हर्षोल्लास से मनाएं, अफवाहों से बचें**



**कानपुर।** कानपुर जोन के अपर पुलिस महानिदेशक आलोक सिंह ने कन्नौज से कानपुर जोन के सभी निवासियों से अपील की है कि सभी लोग त्योहार हर्षोल्लास से मनाएं और अफवाहों पर बिल्कुल ध्यान नहीं दें। आज अलविदा जुमा की नमाज के दृष्टिगत आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर व जोगेन्द्र कुमार, पुलिस महानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर द्वारा जनपद कन्नौज कोतवाली कन्नौज क्षेत्र जामा मस्जिद, लाखन तिराहा व अन्य संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल के साथ भ्रमण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सेवा सुरक्षा सुशासन के भाव से सभी नागरिकों को हर्षोल्लास और उमंग के साथ आगामी सभी त्योहार मनाने एवं अफवाहों से बचने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु स्थानीय पुलिस का सहयोग करने की अपील की गयी। इस दौरान श्री विनोद कुमार, पुलिस अधीक्षक, जनपद कन्नौज व अन्य पुलिसजन मौजूद रहे।

### बलदेव कॉन्वेंट के छात्र अर्पित ने नवोदय परीक्षा में चयनित होकर लहराया परचम

**अविभावक और विद्यालय परिवार ने बच्चे के स्वर्णिम भविष्य कामना ब्यक्त किया**




**जौनपुर बदलापुर** तहसील मुख्यालय के गांव उदपुर गेलहवा स्थित बलदेव कॉन्वेंट स्कूल के कक्षा 5 के मेधावी छात्र अर्पित शुक्ल पुत्र मनीराम शुक्ला का चयन कक्षा- 6 मे प्रवेश हेतु नवोदय विद्यालय में हुआ है नवोदय विद्यालय में चयन होने पर विद्यालय परिवार और अविभावकों, बुद्धिजीवियों , समाज सेवा के लोगो ने ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाये देते हुए बच्चे के स्वर्णिम भविष्य की कामना ब्यक्त किया है। बधाई के क्रम में प्रमुख रूप से प्रिंसिपल डॉ दुर्गेश शुक्ल, राम आसरे यादव , सीमा विश्वकर्मा, प्रबंधक रामाज्ञा शुक्ल,सुनील कुमार, शुक्ला, उत्तम दुबे, महेंद्र बिंद, शैलजा शुक्ला, समीक्षाबसिंह, रुचि तिवारी, सहित अन्य मौजूद रहे

### वाराणसी मंडल रहा ओवर आल चैम्पियन, बीएसए को मिली विजेता ट्राफी



**जौनपुर** लखनऊ कानपुर में आयोजित 35वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 2024-25 में वाराणसी मण्डल ओवर आल चैंपियन रहा।तत्क्रम में जिला व्यायाम शिक्षक वाराणसी राजेश कुमार सिंह÷ दोहरी ÷(मंडलीय व्यायाम शिक्षक)एवं जिला व्यायाम शिक्षक जौनपुर रवि चन्द्र यादव तथा श्रीमती प्रियंका सिंह जिला व्यायाम शिक्षिका राकेश कुमार यादव ब्लॉक व्यायाम शिक्षक द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के हाल में विजेता ट्रॉफी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डॉ.गोरख नाथ पटेल को सौंपी गई।इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी व्यायाम शिक्षकों को अंगवस्त्रम तथा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।जौनपुर के खिलाड़ियों ने वाराणसी मण्डल को चैंपियन बनाने में बहुत ही सराहनीय योगदान दिया था जिसमें लगभग 75 अंकों का योगदान दिया।इस अवसर पर अश्वनी कुमार सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार शर्मा वरिष्ठ सहायक,विंध्यवासिनी उपाध्याय वरिष्ठ सहायक, दुर्गेश पटेल डी सी, विशाल कुमार उपाध्याय डी सी, राजू सिंह ए आर पी, महेन्द्र कुमार यादव ए आर पी कमलेश यादव एस आर अजय कुमार मौर्य, एस आर अमित कुमार यादव हरिश्चंद्र, आदि लोग उपस्थित रहे।

### किसानो के हित मे बनेगा चेकडेम-ब्लॉक प्रमुख राहुल सिंह



**जौनपुर** नेवढ़िया ब्लॉक प्रमुख रामपुर राहुल सिंह जी हथेरा नयेपुर में क्षेत्र के खेतो की सिंचाई समस्या को ध्यान में रखते हुए बासुरी नदी पर चेक डैम बनाने के लिए सर्व करवाए हैं।रामपुर के ब्लॉक प्रमुख राहुल सिंह (मंकु), एसडीएम मड़ियाहूं कुणाल गौरव, रामपुर खंड विकास अधिकारी अभिनव सरोज जी,कानूनगो व लेखपाल के साथ नयेपुर हथेरा गांव पहुंचे। वहां बसूही नदी पर चेकडेम निर्माण को लेकर सर्वेक्षण किया गया।किसानों को लंबे समय से रामपुर प्रमुख राहुल सिंह से मांग किये थे कि बसुही नदी पर चेकडेम बनाया जाए,जिससे खेतों की सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। इसको देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया और आवश्यक रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया।ब्लॉक प्रमुख राहुल सिंह ने बताया कि चेकडेम बनने से किसानों को बड़ी राहत मिलेगी और जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। एसडीएम मड़ियाहूं ने कहा कि रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी,ताकि शीघ्र ही कार्य शुरू हो सके। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रवि पटेल,महेन्द्र पटेल,अरविन्द मास्टर, ललित सिंह,बिपुल सिंह,पंकज सिंह,अशोक पटेल,अरविन्द पटेल, सचिव अभय सरोज,अल्का पटेल,राजकुमार,दीपक आदि लोग उपस्थित रहे।

### बड़ागांव जुमा मस्जिद में हजारों अकीदत मंदों ने अदा की अलविदा जुम्मा की नमाज़

**जौनपुर** शाहगंज क्षेत्र के बड़ा गांव स्थित जुमा मस्जिद में हजारों अकीदत मंदों ने जुम्मा की नमाज़ अदा किया। रमजान के पवित्र महीने का अंतिम जुम्मा अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस वर्ष, रमजान का अलविदा जुम्मा 28 मार्च 2025 को पूरी श्रद्धा के साथ अदा किया गया। बड़ागांव जुमा मस्जिद इमाम मुफ्ती अजीजुल हसन ने बताया कि जमात-उल-विदा, अर्थात् अंतिम जुम्मा पर इबादत करने से कई गुना अधिक सवाब प्राप्त होता है। आज का दिन यानी 27 रमजान को लैलतुल कद्र विशेष इबादत के लिए मस्जिदों में नमाज पढ़ने से 70 गुना अधिक सवाब प्राप्त होता है। जिसमें मुल्क की शांति और सुरक्षा के लिए दुआ की जाती है। रोजेदार पूरी श्रद्धा के साथ एकत्र होकर नमाज अदा करने के लिए आते हैं। इस दिन को विशेष बनाने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोग एक-दूसरे को मुबारकबाद व तोहफा भी आदान-प्रदान करते हैं। नमाज के दौरान हाफिज अबू जैद, मोहम्मद खालिद,अलहम, नेसार,हमदान, सलाम बिहारी, अरमान, कलाम शाह, आजाद कुरेशी, मोहम्मद कुरैशी, अमीन अंसारी, नेसार कुरैशी मेराज हाशमी,शिबलू खान,रईस अहमद, मोहम्मद वारिस हाशमी,फरहान,सलीम भाई, समेत हजारों मुसलमान ने अकीदत के साथ अलविदा जुमा की नमाज़ अदा किया।

# संक्षिप्त ख़बरें

## दबंगों ने दलित विधवा की जगह पर कब्जा करने का प्रयास किया

### विधवा पर पुलिस बन रही फैसले को दबाव



**बरेली**/दबंगों द्वारा दलित विधवा की जगह पर दबंग के कब्जा करने का मामला प्रकाश में आया यह घटना क्यों लड़िया थाना क्षेत्र के गांव नकटी नारायनपुर में घटित हुई पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत भेज कर न्याय की मांग की। ज्ञात रहे यहां के वेदपाल की पत्नी अमरती देवी ने दिए प्रार्थना पत्र में गांव के ही लोगों पर आरोप लगाया है कि गांव में उसका पुराना मकान क्षतिग्रस्त है जिस पर वह लिटर डलवाने के उद्देश्य से उसमें सफाई कर रही थी तभी गांव के चार-पांच लोगों ने आकर उसको दौड़ा लिया और कहा यह मकान हमारा है इस पर तेरा कोई अधिकार नहीं है पीड़िता ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई पुलिस को नाम जब तहरीर दी। परंतु कोई भी कार्यवाही न होने के साथ ही पुलिस पीड़िता पर ही फैसले के लिए दवाव बन रही है पीड़िता को न्याय न मिलने पर उसने उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के बरेली को प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार की है।

## दहेज के लोभियों ने विवाहिता का खाना पीना किया बंद



**बंडा, शाहजहांपुर** /दहेज के लोभियों ने विवाहित का खाना बंद किया मरणासन्न हालत में बिना इलाज के कराए पिता के घर छोड़ा पिता ने बंडा थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी ग्राम ररूआ निवासी जानकी प्रसाद स/ दुलारे लाल ने बंडा थाने में तहरीर देकर लिखित शिकायत में बताया हमने अपनी लड़की रुचि देवी की शादी पौने दो वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज से सुमित सन ऑफ सुनील निवासी गुरैया, थाना जलालाबाद में करी थी समर्थ के अनुसार दान दहेज भी दिया था लेकिन मेरा दामाद व उसकी मां गुड्डी देवी , सुनील कुमार, उसके रिश्तेदार अभिषेक सन ऑफ जंग बहादुर निवासी थाना कस्बा जलालाबाद संतुष्ट नहीं हुए और एक मोटरसाइकिल डेढ़ लाख रुपया नगद की मांग को लेकर उक्त लोग आए दिन मेरी लड़की को मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे, उसे तीन-तीन दिन भूखा रखा जब बीमार हुई तो इलाज नहीं कराया ,मैने अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता व्यक्ति की, तो उक्त लोगों ने मेरी लड़की का सारा, माल जेवर सिंगर उतार लिया और उसे मरणासन्न अवस्था में एक गाड़ी पर लाद कर मेरे दरवाजे पर उतार कर चले गए और धमकी दे गए की मांग पूरी किए बिना दोबारा रुचि देवी को भेज दिया तो उसे जान से मार दूंगा इधर एस आई प्रदीप चौधरी ने बताया जांच चल रही है मुकदमा पंजीकृत कर करवाई की जाएगी

## वर्दी और रमज़ान का फ़र्ज़ एक साथ अदा कर रहे हैं कॉन्स्टबल शाहरुख़ खान



**मैगलगंज** रमजान के पाक महीने मे मुस्लिम समुदाय के लोग अल्लाह की इबादत मे मशगूल हैं, कामकाजी लोग पूरी शिद्दत के साथ नौकरी व रमज़ान दोनों का फ़र्ज़ अदा कर रहे हैं, तमाम ऐसे महकमे हैं जहां तैनात लोग दिनभर भूख़-प्यास सहन कर रोज़ा रखते हैं, बात अगर पुलिस वालों की करें तो इनकी ज़िम्मेदारी कुछ अलग ही है क्यूंकि इन्हे ऑफ़िस की ड्यूटी के साथ दिन भर सड़कों पर दौड़ना पड़ता है चिलचिलाती गर्मी में पानी की तलब चौराहों पर जाम में फंसे वाहनों को निकलवाते वक्त ज़रूर लगती है पर यह सब्र के साथ हंसते-हंसते दोनों ज़िम्मेदारी निभाते हैं। अपराधियों को पकड़ना हो या बाहर दबिश देने के लिए निकलना इन कठिन परिस्थितियों का सामना करने के बाबजूद वे रोज़े से मुंह नही मोड़ते, थाना पसगवां जनपद खीरी में तैनात सिपाही शाहरुख़ बताते हैं, दरअसल यह रमज़ान का ही असर है कि रमज़ान के महीने में ड्यूटी करते हुए कभी दिक्क़त महसूस नही हुई, शाहरुख़ अपनी ड्यूटी को लेकर हमेशा गंभीर रहते हैं, अभी कुछ दिन पूर्व में कुछ बच्चे नहर पर नहाने गए जो डूबने लगे उस वक्त रोज़ा रहते हुए भी चार बच्चों की जान बचाई वे ड्यूटी को हमेशा पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाते हुए जनता की सेवा करते हैं। साथ ही पांचो वक्त की नमाज़ अदा कर ड्यूटी पर ही इफ़्तार करते हैं।

# ब्राउन के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार, कहा से लाया किसको पहुंचना बना असमंजस

स्वतंत्र प्रभात

**पलिया कलां गौरीफंटा खीरी।** गौरीफंटा बॉर्डर पर पुलिस व एस एस बी द्वारा चलाएं जा रहे संयुक्त टीम ने एक नेपाली व्यक्ति के पास से 8.27 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद कर लिया वही पकड की कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट में जेल भेज दिया गया।लेकिन इस सबसे महत्वपूर्ण बात यह समझ में नहीं आया कि आखिर यह नेपाली व्यक्ति ब्राउन शुगर कहां से लाया और कहा ले जा रहा था।

जबकि पुलिस ने यह सूचना सोशल मीडिया के तहत कुछ पत्रकारों को उपलब्ध करा दी लेकिन पूरी जानकारी देना ही भूल गए। आपको बता दें की इन दिनों नेपाल में अभी हाल ही के महीनों में कई भारतीय ब्राउन शुगर की तस्करी के साथ पकड़े जा चुके हैं और नेपाल द्वारा बड़ी कार्रवाई भी की जा चुकी है लेकिन इंडो नेपाल के गौरीफंटा बॉर्डर पर छिट-पुट कार्रवाई करते हुए सिर्फ उन लोगों को पकड़कर वह वाही लूटी जाती है जो व्यक्ति इस धंधे में या तो नए? होते हैं या फिर किसी न किसी ड्रग्स माफियाओं का शिकार हुए होते हैं कुछ साल पहले एक ब्राउन शुगर के बड़े अपराधी ने एक नेपाली युवक को चारा बनाते हुए अपनी मां की दवाई बात कर नेपाल में देने के लिए कहा जो कि वह भोला भाला व्यक्ति दवाई समझकर उस पुड़िया को नेपाल ले ही जा रहा था तभी किसी मुखबिर द्वारा सूचना मिलते ही उस युवक को मेन नाके पर ही धर दबो लिया गया पूछताछ में जब उसने खुलासा किया तो सभी के होश उड़ गए। सूत्र द्वारा जानकारी दी गई की ऐसे गौरीफंटा बार्डर पर तस्कर टैक्सी माफिया और दिन भर गौरीफंटा बार्डर पर बिना काम काज किए खाली बैठकर इस गोरखधंधे को अंजाम देने के लिए माफियाओं द्वारा भोले भाले लोगों को फंसा कर कार्य कराए जाते है इसमे सबसे बड़ी बात जो लोग पकड़े जाते है इस काम में ना तो कभी पड़े थे और ना ही कोई ऐसा अपराध उन पर पहले से है। वहीं संयुक्त टीमों द्वारा लूटी जा रही वाहवाही भी कहीं ना कहीं संदेह के घेरे में साबित हो रही है की क्या इंडो नेपाल सीमा पर घूम रहे फर्जी लोगों के चंगुल में ही पूरा सिस्टम फंसकर रह



गया है और अगर नहीं तो जिनपर कार्रवाई की जाती है तो पलिया पत्रकारों को जानकारी क्यों नहीं उपलब्ध कराई जाती जबकि नेपाल से पकड़ी गई पूरी सूचनाएं नेपाली सिम और सीमापर बैठे दलालों द्वारा खूब फैलाई जाती है जो खबरे नेपाल से भेजी जाती है उसमे साफ साफ लिखा जाता है कि नेपाल में ड्रग्स या ब्राउन शुगर के साथ पकड़े गए व्यक्ति भारत के बंगवान सूडां कजरिया से लेकर आ रहा थातो फिर जो नेपाली पकड़े जाते हैं वह कहा से लेकर आ रहें थे और कहां देने जा रहे थे इसकी जानकारी आखिर कौन देगा क्या कहीं ना कहीं बड़े षड्यंत्रकारी और अपराधी को बचाने के लिए या खुलासा आधा अधूरा ही किया जाता है।

# पत्रकारों का उत्पीड़न कब तक चलेगा, सरकार कब तक रखेगी पत्रकारों को उपेक्षित

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** पत्रकार के विरुद्ध कोई भी मामला हो गिरफ्तारी में पुलिस बिल्कुल देर नहीं करती तत्काल गिरफ्तारी हो जाती है वहीं दूसरी ओर पड़ोसी जनपद में पत्रकार की हत्या होती है हाइवे पर 4 गोली मारी जाती है अभी तक हत्यारोपियों की गिरफ्तारी नही हुई और घटना को अंजाम देने वाले अपराधी आकाश में चले गए या जमीन में दफन हो गए।हालांकि पुलिस मामले के खुलासे के लिए लगातार कह रहीं हैं।वहीं जनपद खीरी में पत्रकार दीपक पंडित के विरुद्ध बिजुआ ब्लॉक में संविदा कर्मी कंप्यूटर आपरेटर की शिकायत करता है।वही आपरेटर एफआईआर करवाता है।दीपक को तत्काल भीरा थाना के हवालात में ठूंस दिया। इस पर आप सभी विचार करें पुलिस की नजरों में पत्रकार क्या है। होगा क्या पत्रकार संगठन ज्ञापन देकर मामले को जिंदा तो जरूर करेंगे लेकिन पत्रकार उत्पीड़न रोकने के लिए कोई गंभीरता नहीं दिखाई पड़ती आज दीपक पंडित है

कल हम आप भी हो सकते हैं निशाने पर यह खबरों की खुन्नस यह भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले पत्रकारों के लिए शुभ संकेत नहीं हम सबकी खबर लगाते हैं हम सबकी बाइट लेते हैं लेकिन हम सब की खबर कोई नहीं लेता।लखीमपुर प्रशासन अब पत्रकारों के खिलाफ मुकदमा लिखने में पीछे नहीं हट रहा अगर कोई पत्रकार किसी विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार उजागर करता है तो उस पर बहुत ही आसान आरोप लगा दिया जाता कि पत्रकार पैसे मांग रहा



था।फिर लोग कहते पत्रकार भ्रष्टाचार क्यों उजागर करता है पत्रकार तो भ्रष्टाचार उजागर कर देता है पर जनता जब किसी पत्रकार पर कोई बात पड़ती है तो साथ क्यों नहीं देती है। दीपक पंडित पर जिस तरीके से फर्जी आरोप लगाकर उन्हें प्रशासन और पुलिस मिलकर जेल भेज रही है जो बहुत गलत कर रही है सभी पत्रकार साथी इसका विरोध करते है। और दीपक पंडित पर सारे मुकदमे खत्म किए जाए।

# पत्रकारिता का हनन अब बर्दाश्त नहीं ङ्क वन कॉल मीडिया हेल्पलाइन ने लिया दीपक पंडित मामले में संज्ञान

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर (खीरी)** लखीमपुर खीरी में एक बार फिर प्रशासन का दोहरा रवैया उजागर हुआ है। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने में लचर पुलिस तंत्र, जब किसी पत्रकार की बात आती है, तो बेजोड़ फुर्ती दिखाता है। पत्रकार व मशहूर यूट्यूबर दीपक पंडित के खिलाफ कल ही मुकदमा दर्ज हुआ और उसी दिन गिरफ्तारी भी हो गई।इस मामले ने मीडिया जगत को झकझोर दिया है। वन कॉल मीडिया हेल्पलाइन, नई दिल्ली ने इस प्रकरण का संज्ञान लेते हुए इसे पत्रकारिता पर सीधा हमला करार दिया है।

**क्या अपराधियों के लिए नहीं, सिर्फ पत्रकारों के लिए सक्रिय है पुलिस?**

सवाल यह उठ रहा है कि जब खीरी पुलिस इतनी मुस्तैद है, तो फिर यह सक्रियता बड़े अपराधों के मामलों में क्यों नहीं दिखती? इस घटना ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।बिजुआ ब्लॉक का एक कंप्यूटर ऑपरेटर ङ्क जिसने कुछ ही वर्षों में आय से अधिक संपत्ति अर्जित कर ली, वह आज इतना ताकतवर हो गया कि उसकी पोल खोलने वाले पत्रकार को उसी दिन जेल भेज दिया गया। आखिर यह व्यक्ति इतना प्रभावशाली कैसे बन गया?

**भ्रष्टाचार को उजागर करने की सजा – पत्रकार पर मुकदमा**

पत्रकार दीपक पंडित ने जब इस भ्रष्टाचार को सामने लाने की कोशिश की, तो इस ताकतवर ऑपरेटर ने अपने प्रभाव का दुरुपयोग कर उन्हीं पर मुकदमा दर्ज करवा दिया। यही नहीं, कुछ ही घंटों में गिरफ्तारी तक हो गई। सवाल उठता है क्या प्रशासन इस भ्रष्टाचारी को बचाने में लगा है?अगर यह ऑपरेटर निर्दोष है, तो उसे बचाने की इतनी कोशिशें क्यों हो रही हैं?क्या अब भ्रष्टाचार उजागर करने वाले पत्रकारों को झूठे मुकदमों में फंसाकर चुप कराया जाएगा?

**पत्रकारों के लिए यह सिर्फ एक केस नहीं, पूरे मीडिया जगत पर हमला–**

वरिष्ठ पत्रकार एनके मिश्रा ने इस मामले को लेकर बिजुआ चौकी से लेकर एसपी खीरी तक फोन किया, लेकिन कोई ठोस जवाब नहीं मिला। यह साफ संकेत है कि पुलिस सत्ता के इशारे पर काम कर रही है और निष्पक्ष पत्रकारिता को दबाने की कोशिश हो रही है।वहीं, अनुराग सारथी (चीफ कोऑर्डिनेटर, ऐप्जा) ने इस पूरे मामले में दमदार उपस्थिति दर्ज कराई और पत्रकारों का मनोबल बढ़ाया। उनका कहना है कि यह सिर्फ दीपक पंडित के खिलाफ एफआईआर नहीं, बल्कि हर उस पत्रकार के खिलाफ एफआईआर है जो सच बोलने की हिम्मत रखता है।

**पत्रकारों को एकजुट होने की जरूरत ङ्क अब चुप रहना गलत होगा!**

अब वक्त आ गया है कि पत्रकार संगठन आपसी मतभेद छोड़कर एकजुट हों और इस अन्याय के खिलाफ दमदार तरीके से आवाज़ उठाएं।अगर आज चुप रह गए, तो कल हर ईमानदार पत्रकार इसी तरह निशाना बनाया जाएगा। प्रशासन और सत्ता को यह एहसास कराना जरूरी है कि कलम को दबाया नहीं जा सकता।

**खीरी पुलिस का दोहरा चेहरा उजागर– बड़े अपराधों में ढील, पत्रकार पर त्वरित एक्शन!**

खीरी जिले की पुलिस, जो आमतौर पर संगीन अपराधों में हाथ पर हाथ धरे बैठी रहती है, इस बार एक पत्रकार के खिलाफ त्वरित कार्रवाई कर चर्चा में आ गई है। आम जनता से लेकर पत्रकार जगत तक, हर कोई सवाल उठा रहा है कि आखिर पत्रकार दीपक पंडित के खिलाफ इतनी जल्दबाजी क्यों?

**जनता में आक्रोश–सत्ता के दबाव में काम कर रही पुलिस?**

मीडिया रिपोर्ट्स और जनचर्चाओं के अनुसार, इस मामले के पीछे सत्ता से जुड़े प्रभावशाली जनप्रतिनिधियों का हाथ बताया जा रहा है। जब खीरी जिले में बड़े-बड़े अपराधों पर पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नहीं करती, तो फिर एक पत्रकार के मामले में इतनी मुस्तैदी क्यों दिखाई गई? क्या पत्रकार दीपक पंडित का अपराध इतना बड़ा था कि आनन-फानन में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया?

**एसपी संकल्प शर्मा की भूमिका संदेह के घेरे में–** संवेदनशील मामलों में निष्क्रिय रहने वाली खीरी पुलिस ने इस बार अपनी सारी जांबाज़ी एक कलमकार पर दिखा दी। जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संकल्प शर्मा इस मामले पर खुलकर कुछ भी कहने से बचते रहे। छह घंटे तक जब पत्रकार समुदाय ने पुलिस अधीक्षक से संपर्क साधने की कोशिश की, तो उनकी तरफ़ से कोई सीधा जवाब नहीं मिला। बल्कि, पीआरओ के ज़रिए पत्रकारों को गुमराह करने की कोशिश की गई।अब सवाल उठता है कि क्या एसपी किसी दबाव में हैं? क्या उन्हें सच बोलने वालों को जेल भेजने का आदेश मिला था? आखिर ऐसे कौन से कारण थे, जिनके चलते वह स्वयं मीडिया से बात करने के बजाय एकांतवास में चले गए?

**न्याय की लड़ाई ङ्क अधिवक्ता सूरज सिंह ने उठाई आवाज़–** इस मामले में पत्रकार दीपक पंडित की ओर से अधिवक्ता सूरज सिंह ने पैरवी की। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने इस केस में अगली सुनवाई के लिए कल की तारीख तय की है और साथ ही भीरा थाना प्रभारी (एसओ) को अदालत में तलब किया है। यह आदेश कहीं न कहीं पुलिस प्रशासन की जल्दबाजी और पक्षपातपूर्ण कार्रवाई पर सवाल खड़ा करता है।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई ङ्क क्या सिस्टम से हार जाएगा सच?** आज एक बार फिर यह साबित हो गया कि जब कोई पत्रकार भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग और पुलिस की लापरवाही के खिलाफ आवाज़ उठाता है, तो उसे झूठे मामलों में फंसाकर जेल भेजने की साज़िश रची जाती है। लेकिन सवाल यह है कि क्या पत्रकार और सिस्टम के बीच के रिश्ते हमेशा ऐसे ही रहेंगे? क्या कलम की ताकत को सत्ता के इशारों पर कुचला जाएगा? या फिर इस अन्याय के खिलाफ उठी आवाज़ एक बड़ा आंदोलन खड़ा करेगी?इस लड़ाई को यहीं खत्म नहीं किया जाएगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ यह संघर्ष जारी रहेगा। क्योंकि, जब अन्याय होता है और हम चुप रहते हैं, तो हम भी दोषी बन जाते हैं!

# शराब ऑफर~ शराब खरीद पर एक के साथ एक मुफ्त ऑफर मे मची लूट,एक व्यक्ति ने खरीद सारी दारू

स्वतंत्र प्रभात

**पलिया कलां खीरी।** शराब ऑफर-फाइनेंशियल ईयर एंड चल रहा है ऐसे में 31 मार्च तक पुराना स्टॉक खत्म हो रहा है, इसलिए शराब की स्टॉक में दमदार ऑफर दिया जा रहा है। कई जगहों पर 40 से 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है तो कहीं एक पर एक फ्री का ऑफर चल रहा है जिसे देखते हुए शराब की दुकानों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें देखी जा रही है आपको बता दें कि शराब के शौकीनों के लिए जैसे ही यह सूचना जारी हुई कि एक के साथ एक बोतल फ्री है वाइन शॉप पर इस कदर लूट मच गई की देखते ही देखते चंद घंटे में ही पूरा स्टॉक खाली हो गया

वहीं देर शाम तक जब यहां पर नहीं रहा तो लोग मायूस होकर लौटने लगे बड़ी ही गम्भीर बात सामने आई है की एक व्यक्ति स्टेशन चौराहे की एक नंबर दुकान पर आया और ऑफर देखते ही कई हजारों की दारू एक साथ खरीदली जिसका लाभ लेते हुए उसको उतनी ही दारू फ्री में मिल गई। अब वह व्यक्ति इतनी दारू कैसे ले जाए तब उसने फौरन देर ना करते हुए एक लोडर बुलवाया और सारी दारू की पेटी लादवाकर चला गया।कुछ लोगों ने भी इस पर कड़ा विरोध भी जताया कि आखिर यह ऑफर शिव ग्राहकों के लिए थी तो इसमें कहीं ना कहीं दारू माफियाओं ने भी पढ़कर भरपूर लाभ उठा लिया।दारू माफियाओं ने खेल करते हुए कहीं दारू की खरीदारी कर डंप तो नहीं कर



लिया यह कहीं ना कहीं चर्चाएं बनी हुई है कि आखिर इतनी ज्यादा तादाद में वह व्यक्ति दारु पीने के लिए तो नहीं ले जा सकता है हो सकता है इसकी आड़ में गोरख दारू के धंधे को भी अंजाम देना चाहता है। आखिर वह व्यक्ति कौन था और एक साथ इतनी दारू क्यों खरीदा इसके बारे में किसी ने भी कोई जानकारी नहीं दी है।

# शाहजहांपुर में भूकम्प मॉक एक्सरसाइज

स्वतंत्र प्रभात





**शाहजहांपुर/** जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शाहजहाँपुर एवं 8वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचक दल (एन.डी. आर. एफ.) गाजियाबाद द्वारा शुक्रवार को स्वशासी राज्य चिकित्सा विद्यालय शाहजहाँपुर में भूकम्प आधारित विषय पर एक मॉक अभ्यास आयोजित किया गया, जिसमें सतह और बिल्डिंग के अंदर फंसे हुए लोगों को अपने तकनीकी और प्रशिक्षित तरीके से बाहर निकाला गया और निकटतम अस्पताल भेजने का मॉक अभ्यास किया गया। इसी प्रकार बिल्डिंग के ऊपर फंसे लोगों को भी निकाला गया। एन.डी.आर.एफ. के पास खोजी स्वान एवं तकनीकी खोज का पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त था, जिसके माध्यम से लोगों को बाहर निकालने का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान इंसीडेन्ट कमाण्डर अरविन्द कुमार अपर जिलाधिकारी वि0रा0 को इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर में सूचना प्राप्त हुई कि जनपद में 7.2 रिक्टर स्केल का भूकम्प आया है, जिसमें स्वशासी राज्य चिकित्सा वि?द्यालय शाहजहाँपुर में 8-10 लोगो के फंसे होने की सूचना प्राप्त हुई। इनके रेस्क्यू हेतु एन0डी0आर0एफ से सम्पर्क कर इसके बारे में सूचना दी गयी।

तत्पश्चात एन0डी0आर0एफ0 टीम जनपद में आई और अपने प्रशिक्षित जवानों के माध्यम से केनाइन सर्च, टेक्निकल सर्च कर मलबे में फंसे हुए 02 लोगों को स्टकचरल कटिंग कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। 02 विक्टिम को हाईराइज बिल्डिंग से टेम्पोरेरी रोपवे के माध्यम से सुरक्षित निकाला गया। इसके अतिरिक्त अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा भी 01 विक्टिम को सुरक्षित बाहर निकाल कर एम्बुलेंसी के माध्यम से जिला अस्पताल भेजा गया। फायर टीम द्वारा सिलेण्डर की आग को फायर एक्सिटनग्यूसर के माध्यम से बुझाते हुए प्रदर्शित किया गया। एन0डी0आर0एफ0 से आये हुये अधिकारियों द्वारा राहत एवम् बचाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी है जिसमें जन जागरूकता पर विशेष जोर दिए जाने के विषय में बताया गया। इंसीडेंट रिसपांस सिस्टम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी जिसमें विभिन्न विभागों की क्या-क्या जिम्मेदारियां होती है, यह भी अवगत कराया गया। एन0डी0आर0एफ0 के अधिकारियों ने बताया कि यदि कोई आपदा आती है तो शुरुआत के 8 घंटे खोज एवं बचाव के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते है। इसके उपरान्त आयोजित गोष्ठी में सभी विभागों के प्रतिनिधियों ने मॉक अभ्यास के विषय में अपने अनुभव एवम् सुधार हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की। मॉक एक्सरसाइज में एन0डी0आर0एफ0 से 35, अग्निशमन विभाग से 20 लोग, राजस्व विभाग से 15 लोग, चिकित्सा विभाग से 15, पंचायतराज से 2, पुलिस विभाग से 10, युवक मंगल दल के 10, तहसील सदर से 5, होमगार्ड विभाग से 10, नगर निगम से 10, जिला चिकित्सालय से 100, पी0आर0डी0 से 10 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर अरविन्द कुमार अपर जिलाधिकारी वि0रा0 शाहजहाँपुर, असिस्टेंट कमाण्डेन्ट संजय रावत, इंसपेक्टर पंकज जोशी, 02 अधीनस्थ अधिकारी एवं 32 जवान व इशिका सिंह, डिप्टी एस0पी0, बी0एन0 पटेल, फायर ऑफीसर, रमेश कुमार सोनकर, होमगार्ड कमाण्डेन्ट, संजीव कुमार सक्सेना, मुख्य राजस्व लेखाकार, अभिषेक श्रीवास्वत आपदा विशेषज्ञ, नरेश सिंह ए0सी0आर0 आपदा, जितेन्द्र कुमार, स्वास्थ्य अधिकारी, मोहित कुमार, बी0ओ0 युवा कल्याण विभाग, इन्द्रजीत अध्यक्ष युवक मंगल दल आदि मौजूद रहे।

# जनपद न्यायाधीश के साथ कारागार का निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहाँपुर/** जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा, जिला मजिस्ट्रेट धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के द्वारा जिला कारागार का आकस्मिक त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम तीनों जनपदीय उच्च अधिकारियों के द्वारा कारागार के बाहर मुख्य रोड पर बंदियों द्वारा जेल में निर्मित विभिन्न प्रकार की उपयोगी सामग्री की प्रदर्शनी एवं बिक्री केंद्र का शुभारंभ करके प्रदर्शनी में प्रदर्शित वस्तुओं को देखा सभी सामानों की गुणवत्ता एवं निर्धारित कीमतों की सराहना की तथा कुछ सामान क्रय भी किया। इसके उपरांत सभी उच्च अधिकारियों के द्वारा महिला बैरक का निरीक्षण किया महिला बैंरक में विगत दिनों एक महिला बंदी के द्वारा कन्या को जन्म दिया था।



उसका जेल प्रशासन की तरफ से नामकरण संस्कार आयोजित था। इस नामकरण संस्कार में सभी उच्च अधिकारियों ने शिरकत की और ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर बंदियों का विशेष रूप से महिला बंदियों का और उनके साथ रह रहे बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए जेल प्रशासन की प्रशंसा की। नामकरण संस्कार का आयोजन वैश्य समाज, महिला प्रकोष्ठ , शाहजहांपुर की पदाधिकारी ज्योति गुप्ता रजनी गुप्ता एवं उड़ान वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष नीलम गुप्ता के सौजन्य से आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में जच्चा बच्चा के लिए विभिन्न प्रकार के उपहार जिसमें जच्चा के लिए पौष्टिक चीजें-जिसमें ड्राई फरूट्स, कपड़े, अन्य खाने की वस्तुएं, हाइजीन एवं कॉस्मेटिक किट तथा सभी महिला बंदियों एवं उनके बच्चों के लिए चॉकलेट,फरूटी, चिप्स, कुरकुरे, टॉफी, बिस्कुट आदि भेंट किए गए। दोनों स्वयंसेवी संगठनों के सौजन्य से बच्ची के नामकरण के लिए दो अलग-अलग केक भी काटे गए तथा नवजात बच्ची का नाम सभी के मत से एवं मां की इच्छा अनुसार अनमोल रखा गया।

# नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष के.सी. मिश्रा का जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

**पुवायां/शाहजहांपुर–** पुवायां नगर के गांधी पार्क में भारतीय जनता पार्टी के पुनः नवनियुक्त जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा के पुवायां प्रथम आगमन पर भा जा पा के कार्यकर्ताओं ने स्वागत समारोह का आयोजन किया। जहां भा जा पा के पदाधिकारियों ने के. सी.मिश्रा का भव्य स्वागत किया व बधाई दी। पदाधिकारियों ने फूल मालापहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर व चांदी का मुकुट पहनाकर किया स्वागत समारोह में पुवायां विधायक चेतराम, विधायक हरिप्रकाश वर्मा , एम एल सी डॉ सुधीर गुप्ता,चेयरमैन संजय गुप्ता, क्षेत्रीय महामंत्री राकेश मिश्रा अनावा,जिला मीडिया प्रभारी अनिल कटियार, डायरेक्टर विराज प्रॉपर्टीज पुवायां विकास शुक्ला, मंडल अध्यक्ष अर्पित गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राजेश राजपूत, मंडल अध्यक्ष दिनेश चंद्र मिश्रा, नि0 वर्तमान मंडल अध्यक्ष विपिन शुक्ला, जिला मंत्री अनुराग सिंह, जिला मंत्री रजनी, पूर्व विधायक शकुंतला देवी, जिला कार्य0 मंत्री सुशील बाबू गुप्ता, जिला मंत्री किसान मोर्चा सत्येन्द्र कुमार गुप्ता,सैनिक प्रकोष्ठ विजय मोहन मिश्रा, जिला अध्यक्ष भा जा यू



मो0 रोहित सिंह,जिला मंत्री भाजायूमो आदित्य सिंह चौहान,जिला उपाध्यक्ष मंजू आनन्द, शशि अग्निहोत्री व कपिल गुप्ता आदि सभी सम्मानित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बेहतर पेड़ी प्रबंधन से बढेगी गन्ने की पैदावार

**● मिल अधिकारियों ने खेतों में जाकर किसानों से किया संपर्क**

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड इकाई गोला परिक्षेत्र के ग्राम हीरपुर के प्रगतिशील कृषक बलजीत सिंह के खेत पर चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना पी.एस चतुर्वेदी एवं अशद शेख सहा0महा प्रबन्धक गन्ना (कॉरपोरेट) द्वारा कृषकों से सम्पर्क करके बेहतर पेड़ी प्रबन्धन करके अधिक पैदावार प्राप्त करने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना ने बताया कि पौधे गन्ने की कटाई के तुरन्त बाद ठूठों की छटाई करें, तत्पश्चात ईथाफोन का स्प्रे ठूठों पर करें, जिससे पेड़ी का फुटाव अच्छा होता है साथ ही उन्होंने गन्ना कटाई के तुरन्त बाद सिंचाई करके खाद/उर्वरक डालने, निराई/गुड़ाई करने व रिक्त स्थान भरने की सलाह दी। खेत पर उपस्थित तमाम कृषकों को बताया कि 75 किग्रा यूरिया,100 किग्रा सिंगल सुपर फास्फेट एवं 50 किग्रा म्यूरेट ऑफ़ पोटाश प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करें तथा चोटी बेधक कीट के बचाव हेतु कोराजन की ड्रैंचिंग करें।इस समय शरद काल मे बोये हुए गन्ने एवं पेड़ी गन्ने में टॉप बोरर की प्रथम पीढ़ी की तितली व पत्तियों की निचली सतह पर इसके अंड समूह दिखाई पड़ रहे है। इसलिए टॉप बोरर से बचाव हेतु शरद काल मे बोये गए गन्ने एवं पेड़ी गन्ने में तत्काल कोराजन/सुपर सिक्सर की ड्रेंचिग कराये। साथ ही यह भी बताया कि विगत वर्ष टॉप बोरर की चौथी पीढ़ी ने गन्ने की फसल को बहुत अधिक नुकसान पहुँचाया था। इस लिए इस बार इससे बचाव हेतु जुलाई-अगस्त महीने में अपने क्षेत्रीय मिल सुपरवाइजर से सम्पर्क करके पुनः फरटेरा



या वर्टाको(दानेदार) का प्रयोग अवश्य करें।गोला चीनी मिल द्वारा इस वर्ष बड़े पैमाने पर पेडी क्षेत्रफल बढानेश व प्रवचन का अभियान गाँव गाँव चलाया जा रहा है तथा गाष्ठी व पम्पलेट वितरण कर विस्तार से किसानों को जानकारी दी जा रही है। दर्जनों गाँवो का भ्रमण कर पेडी फसल में अवतक करायें गये कार्यो का खेतों पर जाकर देखा गया और आवश्यक सुझाव दिया गया। साथ ही साथ अन्य किसानों से भी उसी अनुसार पेडी में कार्य करने का सुझाव दिया गया।

# निघासन ब्लॉक सरकार के 8 वर्ष पूर्ण हाने पर सुशासन दिवस व अन्य विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्तरीय मेले में सरकार की उपलब्धियों का जश्न मनाया गया

**निघासन खीरी–** आपको बता दें कि भाजपा सरकार के 8 वर्ष के सेवा, सुरक्षा और सुशासन का जश्न मनाया जा रहा है। इसी के क्रम में लखीमपुर जनपद के निघासन तहसील के ब्लॉक सभागार में आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ निघासन लोकप्रिय विधायक शशांक वर्मा ने किया । मेले में आए हुए अतिथियों ने विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निशुल्क दवाइयाँ और कृषि उपकरण वितरित किये। कार्यक्रम में महिला सहायता समूहों की सदस्यों को फल वितरण के साथ साथ बच्चो का अन्न प्राशन संस्कार भी कराया। विधायक ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का लाभ जनता तक सीधे सीधे पहुँच रहा है। उपजिलाधिकारी राजीव निगम व खण्ड विकास अधिकारी जयेश सिंह ने कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की नीतियों एवं उपलब्धियों का जनता को बताया ब्लाक में आवास योजना मनरेगा आयुष्मान स्वस्थ व अन्य सरकारी लाभों के बारे में सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया बाल विकास परियोजना से सीडीपीओ पूजा त्रिपाठी ने अपने विभाग के कर्मचारियों के साथ कैम्प लगा कर प्रदर्शनी प्रोजेक्टर के माध्यम से जनता को बाल विकास की योजनाओ के बारे में अवगत किया गया। कृषि विभाग से डाक्टर अवनीश राजवंशी ,उस्मान अली एवन किंग ने भी कैम्प लगा कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया ओर जनता को सरकार की 8 वर्ष उपलब्धियों के बारे में बताया व ऐसे ही सभी विभागों ने कैम्प लगाए व सरकार की अपने अपने विभाग की उपलब्धियों को बताया ग्राम रोजगार सेवक अमर प्रकाश शुक्ला ,संजय गुप्ता , आशीष कनोजिया व समस्त प्रधान आंगनबाड़ी कार्यनेत्री आदि सभी कर्मचारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### भदोही में एहतराम के साथ अदा की गई अंतिम जुमे की नमाज



**भदोही।** मुकद्दस रमजान माह के आखिरी जुमे पर अलविदा की नमाज शुक्रवार को भदोही जिले के नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में एहतराम के साथ अदा की गई। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस एवं प्रशासनिक अफसर अलर्ट रहे। ज्ञानपुर, गोपीगंज, घोसिया समेत अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीओ और भारी पुलिस बल की तैनाती रही। अलविदा की नमाज को लेकर शुक्रवार सुबह से ही पुलिस एवं प्रशासनिक अफसर अलर्ट रहे। दोपहर 12 बजे से पहले ही मस्जिदों पर पुलिस टीमें तैनात हो गई। ज्ञानपुर में मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम बंधुओं ने अमन की दुआ की। गोपीगंज की जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, शाही मस्जिद, मुजाहिद मस्जिद, फैजाने मदीना सहित अन्य मस्जिदों में अकीदत व एहतराम के साथ नमाज अदा की गई। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र के जामा मस्जिद चकसहाब, बरजी खुर्द, खानापुर गांधी मे अलविदा की नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान पुलिस और प्रशासन के लोग मुस्तैद रहे। जनपद के घोसियां, महराजगंज, जंगीगंज, दुर्गागंज, सुरियावां, चौरी, मोढ़, पाली, अभोली समेत अन्य क्षेत्रों में मस्जिदों में नमाज अदा की गई।

### भदोही में सपा नेता रामजी लाल सुमन के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग

भारी संख्या में जिला मुख्यालय पहुंचे लोगों ने सौंपा पत्रक



**भदोही।** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा संग्राम सिंह को लेकर किए गए अभद्र टिप्पणी के संबंध में वृहस्पतिवार को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम राज्यसभा के स्पीकर से मांग की गई है कि सपा के नेता रामजीलाल सुमन की तत्काल सदस्यता समाप्त करते हुए उनके ऊपर कानूनी करवाई की जाए, ताकि भारत के उच्च सदन में फिर कोई राष्ट्र के गौरव महानायक संग्राम सिंह राणा जैसे महान विभूतियों पर कोई ओछी और अभद्र टिप्पणी न कर पाए। इस मौके पर वेद प्रकाश सिंह, डॉ रामेश्वर सिंह, कुलभूषण सिंह, ओम प्रकाश तिवारी, संदीप सिंह, रामेश्वर सिंह, जय कुमार सिंह, बृजेश कुमार सिंह, जय प्रकाश सिंह, धीरज दुबे, लक्की सिंह, करण सिंह, तहसीलदार सिंह, सूरज गुप्ता, प्रिंस मौर्य, साहिल सिंह समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना चौरी का किया गया वार्षिक निरीक्षण



आज दिनांक-28.03.2025 को अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना चौरी का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों, अभिलेखों के रख-रखाव, माल-खाना, शस्त्रागार व महिला हेल्प-डेस्क आदि का अवलोकन करते हुए थाना परिसर का भ्रमण कर परिसर, बैरक, मेस व शौचालय आदि की साफ-सफाई का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। थाना परिसर में खड़े वाहनों व मुकदमें से सम्बन्धित माल का यथाशीघ्र नियमानुसार निस्तारण कराने तथा विवेचकों को लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

### ड्रोन कैमरे की निगरानी में अलविदा की नमाज सकुशल सम्पन्न



**चुनार, मीरजापुर।** शुक्रवार को अलविदा की नमाज सकुशल सम्पन्न हुई। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओ पी सिंह के नेतृत्व में चुनार पुलिस थाना क्षेत्र के सभी मस्जिदों पर भ्रमण करती रही। नगर के दरगाह शरीफ, बेलबीर,लाल दरवाजा, चौक बाजार आदि मोहल्लों में ड्रोन कैमरे लगाए गए थे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सुश्री मंजरी राव, प्रभारी निरीक्षक रविंद्र भूषण मौर्य, कस्बा चौकी प्रभारी उदय नारायण कुशवाहा, उपनिरीक्षक नरेंद्र यादव, अदालपुरा चौकी प्रभारी सुरेश सिंह,हेड कांस्टेबल सुमित सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह, कांस्टेबल भानु प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात रही।

## रामपुर घाट सेतु के भदोही की तरफ भूमि मुआवजा दर निर्धारण हेतु कास्तकारों के साथ कलेक्टेऊट में हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**भदोही 28 मार्च, 2025:**-मीरजापुर-भदोही को जोड़ने वाला गंगा नदी रामपुर घाट सेतु के भदोही के तरफ भूमि मुआवजा दर सम्बन्धित बैठक अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य व अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह की सह अध्यक्षता में कास्तकारों के साथ कलेक्टेऊट सभागार में की गयी। बैठक में सेतु निर्माण इकाई मीरजापुर परियोजना प्रबन्धक आरएस उपाध्याय ने बताया कि रामपुर घाट सेतु के भदोही के अधिग्रहण की जाने वाली भूमि कुल 4.500 हेक्टेयर, 42 गाटा, 269 किसान प्रभावित हो रहे है। उपस्थित किसानों के प्रतिनिधि शीतला प्रसाद के नेतृत्व में किसानों ने सर्किल रेट से चार गुना मुआवजा दिये जाने हेतु अपने जीवकोपार्जन व परिवार विस्थापन के विभिन्न आयामों को बताया।

जनपद भदोही से आपस में जोड़ने हेतु गंगा नदी पर रामपुर घाट पर दीर्घ सेतु, पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग, सुरक्षात्मक कार्य एवं भूमि अध्याप्ति कार्य के निर्माण हेतु सेतु के सर्वेक्षण में राजस्य नक्से के अनुसार ग्राम-विहरोजपुर उपवार, ता0 कोढ़, तहसील-ज्ञानुपर, जिला-भदोही में कुल रकबा लगभग 4.500 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। भूमि क्रय किये जाने हेतु भूमि की लागत रू.10.00 करोड़ से अधिक हैं के लिए भूमि की दरों की स्वीकृति एवं कुल भूमि मूल्य के अनुमोदन हेतु शासनादेश में दिये गये निर्देशों के अनुसार एक समिति गठित की गयी।

विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी, भदोही द्वारा आपसी सहमति के आधार पर भूमि अधिग्रहित किये जाने हेतु सेतु के सरेखण में आ रही भूमि की मापी कराते हुए भूमि की खाता संख्या, गाटा संख्या व रकबे की सूची तैयार कराकर उपलब्ध करा दी गयी है तथा मुआवजा वितरण हेतु प्रभावित कास्तकारों की खसरा खतौनी के अनुसार अंश निर्धारण कराते हुए सूची उपलब्ध करा दी गयी है। तत्क्रम में उप निबन्धक, ज्ञानपुर, भदोही द्वारा आराजी मौजा बिहरोजपुर उपरवार, तालुका कोढ़, तहसील ज्ञानपुर, जिला भदोही की मूल्यांकन की सूची उपलब्ध करा दी गयी है। उपरोक्तानुसार अधिग्रहित की जाने वाली भूमि के प्रकार तथा दर निर्धारण हेतु समिति के समस्त सदस्यों तथा प्रभावित कास्तकारों की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें कास्तकारों की सर्किल रेट से चार गुना की मॉग को शासन से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में उप जिलाधिकारी ज्ञानपुर अरूण गिरि, सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग राम अछैवर पाल, सब रजिस्टार ज्ञानपुर, जिला सूचना अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार सहित बड़ी संख्या में प्रभावित कास्तकार उपस्थित रहे।

## ड्रमडगज व पवारी कला इडियन बैक बना दलालो का अड्डा

● दलालों का फीस कंफर्म नहीं मनमानी तरीके से दलाल करते हैं शौदा

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमडगज क्षेत्र मे कोई भी विभाग दलालों से नहीं बच पाता है ड्रमडगज व पवारी कला इडियन बैंक मे दलालो का भरमार लगा हुआ है आए दिन व्यापारी हो या किसान सुलह समौता मे बिना दलाली का नही होगा समझौता सरकार के योजनाओं का लाभ व्यापारी व किसान नहीं बल्कि दलाल ले रहे हैं दलालों को ज्योही जानकारी हुआ कि सरकार का योजना आया हुआ है तुरंत दलाल फाइल लेकर दौड़ना शुरू कर देते हैं ब्रांच में बैठे कर्मचारियों की मिली भगत से अपना शाठ गाठ करके किसी को मोहरा बनाकर कर लेते है दलाली ग्रामीणों ने बताया कि दलाल प्रतिदिन बैंक में बैठकर अच्छा खासा करते हैं दलाली अगर बैंक का सीसीटीवी फुटेज निकाला जाय तो ग्राहकों से बात करते मिलेंगे बैंक में दलाल बैंक के अंदर एक ही आदमी रोज कई चक्कर लगाते हुए नजर आते हैं ग्रामीणों ने कई एक बार इसका जवाब सवाल बैंक कर्मचारियों से भी किया लेकिन बैंक कर्मचारी जवाब देने में नाकाम साबित हुए ना तो उसको स्टाफ बता सकते हैं ना तो बैंक कर्मचारी और ना तो दलाल कह सकते हैं क्योंकि उन्ही के इशारे पर करता है बैंक में




दलाली दलालों के पेट पर्दे को बचाते हुए बैंक कर्मचारी अपना भी बचा रहे हैं पेट पर्दा खाताधारक अगर अपना पासबुक लेकर जाते हैं पासबुक सुधरवाने के लिए तो नहीं होता उनका काम खाता चेक करवाने जाते हैं तो नहीं होता खाता चेक जो दलाल काम लेकर जाते हैं उन्हीं का होता है काम।

## तीसरे दिन अभ्यर्थियों ने किया प्राणायाम के सीरीज का अभ्यास

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** पतंजलि युवा भारत एवं विंध्य योग सेवा धाम के संयुक्त तत्वाधान में पांच दिवसीय योग विशेष कार्यशाला के तीसरे दिन बीएड अभ्यर्थियों ने प्राणायाम का विशेष अभ्यास किया। नगर के गणेशगंज स्थित केबी0पीजी0 कॉलेज के बीएड विभाग में बीएड0 अभ्यर्थियों के पांच दिवसीय योग विशेष कार्यशाला के तीसरे दिन, योग गुरु राष्ट्रीय योगासन जज योगी ज्वाला सिंह ने अभ्यर्थियों को प्राणायाम का विशेष अभ्यास कराते हुए प्रतिदिन करने वाले मुख्य सात प्राणायाम भस्त्रिका प्रणायाम कपालभाती प्रणायाम, बाह्य प्राणायाम, अनुलोम विलोम, उज्जाई, भ्रामरी एवं उद्गीत प्राणायाम का अभ्यास करते हुए उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि भस्त्रिका प्राणायाम करने से साधक के समस्त कफ रोग सांस रोग दमा रोग जैसी समस्याओं का समाधान होता है साथ ही यह इम्यूनिटी को बूस्ट कर रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है। वही कपालभाति करने वाले साधक अपने शरीर के निन्यानबे प्रतिशक रोगों को दूर कर सकते हैं , बाह्य प्राणायाम का अभ्यास करने से साधक की साधना प्रबल होती है चित्त और मन पर नियंत्रण होता हैं। उज्जाई प्रणाम करने से गले संबंधी रोग थायराइड पैराथाइरॉईड टॉन्सिल जैसी समस्या का समाधान होता है, अनुलोम विलोम करने से मनुष्य अपने शरीर के 72 करोड़ 72 लाख 10202 , से 10210

उपनाड़ियों को परिशुद्ध करता है, साथ ही सुगर ब्लडप्रेशर को बैलेंस कर उच्च एवं निम्न रक्तचाप को संतुलित करता है। एवम् भ्रामरी व उद्गीत प्राणायाम करने से अनिद्रा बेचैनी घबराहट माइग्रेन सर दर्द एवं मानसिक रोगों का समाधान कर सकता हैं। अतः हर व्यक्ति को समय निकालकर प्राणायाम की सीरीज का अभ्यास अवश्य करना चाहिए। जिससे कि शारीरिक एवं मानसिक रोगों से मुक्त होकर जीवन को स्वस्थ एवं समृद्ध बना सके।

इस अवसर पर बीएड अभ्यर्थी प्रगति अग्रहरि ने कहा कि योग एवं प्राणायाम का रोज अभ्यास करने से वास्तव में जीवन में अनुशासन आता है , वहीं जीवन आनंदित व प्रसन्नचित होता हैं, अतः जीवन में स्वस्थ सकुशल रहना बहुत जरूरी है, क्योंकि कहा गया है पहला सुख निरोगी काया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ भवभूति मिश्रा ने कहा कि जिसके जीवन में योग है। वही वास्तविक जीवन से परिचित हो सकता है। क्योंकि जीवन की महत्व को भी समझ सकता और इसे स्वस्थ सुंदर और निरोग बना सकता है। इस अवसर पर इंतशार खानम कैलाश गुप्ता पूर्णिमा गुप्ता ज्योति मौर्य नैंसी कुमारी वर्षा सिंह इंद्रजीत सिंह मुस्कान मिश्रा नितेश कुमार सिंह के साथ प्रोफेसर डॉ भानु प्रसाद मोहन शुक्ल ,डॉक्टर प्रभुनाथ यादव डॉक्टर अमन जी उपस्थिति रहे।

## आकांक्षा समिति एवं रेडक्रास सोसायटी ने टीबी रोगियों को बांटी पोषण किट

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट ब्यूरो** आकांक्षा समिति एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में शुक्रवार को ऑडिटोरियम हाल में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत गोद लिए गए 100 टीबी मरीजों को निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया। साथ ही पोषण किट वितरण के लिए दान करने वाले और टीबी मरीजों को गोद लेने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आकांक्षा समिति की मंडल अध्यक्ष पूजा सिंह ने कहा कि वहं टीबी के मरीजों को टीबी का मरीज नहीं कहती है। आकांक्षा समिति के सदस्यों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों व स्वयंसेवी संगठनों आदि जिन्होंने खुल करके समिति में पोषण किट वितरण के लिए दान किया है, वह प्रशंसा योग्य है। भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा टीवी मुक्त भारत के लिए विभिन्न अभियान चलाए जा रहे हैं। टीबी के मरीजों से कहा कि आप लोग समय से नियमित रूप से दवा खाएं तथा जो पोषण किट दी जा रही है, उसको भी नियमित खाएं।

आकांक्षा समिति की जिलाध्यक्ष डॉ तनुषा टी आर ने कहा कि पोषण किट वितरण के लिए छोटे-बड़े अधिकारियों, कर्मचारियों व स्वयंसेवी संस्थाओं ने दिल खोलकर दान किया। भगवान श्री राम की तपोस्थली धर्मनगरी में सभी लोग टीम भावना के साथ कार्य करेंगे तो निश्चित रूप से भारत को टीवी मुक्त करने में अच्छा सहयोग मिलेगा। कहा कि टीबी खतरनाक बीमारी नहीं है। समय से जांच कराकर दवा लें, तो इससे ठीक हो सकते हैं। टीबी शरीर के किसी भी अंग में हो सकती है। जिसकी जांच कराए और समय से दवा की खुराक लें। यदि टीवी की दवा से कोई नुकसान होता है, तो दवा खाना बंद न करें। चिकित्सक से सलाह लेकर दूसरी दवा लेकर नियमित खाएं। बताया कि जनपद में लगभग 700 टीबी के मरीज हैं। सभी लोग पौष्टिक खाना खाएं ताकि स्वस्थ जल्द हो सके। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश में तथा सीएम योगी व राज्यपाल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में टीबी मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें ग्राम प्रधान भी अच्छा सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा कि गांवों में टीबी के मरीजों को चिन्हित करें और उन्हें गोद लेकर पोषण किट की व्यवस्था कराएं। अगर आप लोग पोषण किट देने में सक्षम नहीं है, तो अवगत कराएं। उसके लिए आकांक्षा समिति के माध्यम से पोषण किट की व्यवस्था कराई जाएगी। उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू ने कहा कि अब टीबी का इलाज संभव है। पहले तरह-तरह की भ्रांतियां होती थी कि टीबी एक लाइलाज बीमारी है, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। उन्होंने टीबी के मरीजों से कहा कि आप लोग जो दवा खाने के लिए दी गई है, उसे नियमित रूप से अवश्य खाएं तथा पोषक तत्वों का सेवन करें ताकि जल्द स्वस्थ हो सकें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि एक जमाने में टीबी एक लाइलाज बीमारी मानी जाती थी, लेकिन भारत को टीबी मुक्त करने के लिए सरकार द्वारा कार्यक्रम चलाए जा रहे है। जिसके तहत प्रत्येक माह जनपद में मरीजों को पोषण किट का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने



सभी टीबी मरीजों से नियमित रूप से दवाओं का सेवन करने की सलाह दी।

कार्यक्रम में गोद लिए गए 100 टीबी मरीजों को पोषण किट का वितरण किया गया। साथ ही पोषण किट वितरण के लिए आकांक्षा समिति में दान करने वाले व टीबी मरीजों को गोद लेने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को महात्मा गांधी की प्रतिमा व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आकांक्षा समिति की मंडल अध्यक्ष के पुत्र ओम यादव एवं आकांक्षा समिति की जिलाध्यक्ष की पुत्री कुमारी काश्मी नगनूर को भी टीबी मरीजों को गोद लेने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव केशव शिवहरे ने किया। सोसायटी के सचिव ने बताया कि अभी प्रथम चरण में 100 लोगों को गोद लिया गया है। जिन्हें लगातार छह माह तक आकांक्षा समिति की देखरेख में पोषण किट प्रदान की जाएगी। इस पोषण किट में एक किलोग्राम मूंग की दाल, एक किग्रा भुना चना, एक किलोग्राम गुड, एक किलोग्राम मूंगफली का दाना, दो पैकेट सोया बीन बडी दी गई है। इस मौके पर एलडीएम अनुराग शर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एमके जतारया, डॉ संतोष कुमार, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अरुण पटेल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अपंजीकृत एवं अवैध ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध 01 अप्रैल से शुरू होगा विशेष चेकिंग अभियान

● अवैध ई-रिक्शा और ऑटो के खिलाफ 1 से 30 अप्रैल तक चलेगा विशेष चेकिंग अभियान

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** 28 मार्च 2025:-परिवहन आयुक्त उ0प्र0 द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को अपंजीकृत एवं अवैध रूप से संचालित ई-रिक्शा के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। केन्द्रीय मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 39 में ''किसी भी सार्वजनिक स्थान अथवा किसी अन्य स्थान में किसी मोटर यान को कोई व्यक्ति तभी चलाएगा और मोटर यान तभी चलवायेगा या चलाने की अनुज्ञा देगा, जब तक वह यान इस अध्याय के अनुसार रजिस्ट्रीकृत हो तथा यान का रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र निलम्बित या रद्द न किया गया हो और यान पर रजिस्ट्रीकरण चिन्ह विहित रूप से प्रदर्शित हो।'' अपंजीकृत वाहनों का संचालन से जहां एक ओर राजस्व की क्षति कारित होती है वहीं अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों से यातायात में अवरोध एवं दुर्घटनाओं की संभावनाएं बनी रहती हैं। ऐसा भी संज्ञान में आया है कि कुछ अवयस्क एवं बिना लाइसेंस धारकों द्वारा ई-रिक्शा का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा है तथा वाहन विक्रेताओं द्वारा अवैध एवं बिना फैक्ट्री में निर्मित ई-रिक्शा वाहन विक्रय किए जा रहे हैं, जिससे प्रदेश में कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अतः अवैध एवं अपंजीकृत ई-रिक्शा वाहनों के विक्रय एवं संचालन के विरुद्ध 01 से 30 अप्रैल तक परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग के द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर कार्यवाही की जायेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद परिवहन विभाग अवैध ई-रिक्शा व ऑटो वालों के खिलाफ कार्रवाई को और तेज करने जा रहा है। इसके लिए, परिवहन व पुलिस विभाग की तरफ से 01 से 30 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

विदित हो कि मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक ली थी। इसमें उन्होंने निर्देश दिया था कि टेंपो, ई-रिक्शा चालकों का प्राथमिकता के साथ वेरीफिकेशन कराया जाए। उन्होंने इस बात को लेकर भी विशेष रूप से फोकस किया था कि प्रदेश में नाबालिग वाहन न चलाएं। किरायेदारों का भी वेरीफिकेशन कराया जाए तथा ओवरलोडिंग को जीरो प्वाइंट पर ही रोका जाए। इसके लिए जनपदों में गठित टास्क फोर्स में परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी शामिल किया जाए। इन सभी निर्देशों के पालन और उचित क्रियान्वयन के लिए परिवहन विभाग द्वारा अप्रैल माह में विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## पिछले 22 तारीख को रात में हुई पिकप चोरी का नहीं लगा पाई पुलिस पता

● पुलिस के सामने हुई थी पिकप चोरी एक हफ्ते बाद भी पुलिस के हाथ खाली नहीं हुआ चोरी का खुलासा

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया, मीरजापुर।** ड्रमडगज थाना क्षेत्र के रतेह चौराहा सेमरा कला गांव निवासी राम कैलाश केसरवानी के घर के सामने खड़ी पिकअप वाहन को मनबढ चोर पिछले शुक्रवार की रात उठा ले गए ग्रामिणो ने बताया की जिस जगह से पिकप चोरी हुआ है उस जगह से चद कदम दुरी पर पुलीस रात्रि ड्यूटी मे तैनात रही चोरों द्वारा पिकअप वाहन के ले जाने का दृश्य सीसीटीवी कैमरे में कैद है जिसमें रहते चौराहे पर तैनात पुलिसकर्मी पिकअप वाहन तथा उसके पीछे से जा रहे बोलेरो पर टॉर्च जलाकर देख रहे थे पुलिस के सामने पिकअप वाहन को लेकर भाग निकले चोर लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी स्थानिक दुकानदारों में चोरी की घटना को लेकर दहसत व्याप्त है शनिवार सुबह वाहन स्वामी की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना किया जाच पड़ताल में जुटी लेकिन एक हफ्ते बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली मिले चोर पुलिस के गिरफ्त से बाहर हैं चोर जब पुलिस के ड्यूटी के वक्त ईतनी बड़ी वाहन चोरी हो सकता है तो छोटी-मोटी चोरियां तो आम बात है पुलिस अपने आप को बचाने के लिए एफआईआर दर्ज करके एक हफ्ते लगातार जांच कर रही है जबकि सीसीटीवी कैमरे में साफ पिकअप दिखाई दे रही है कि




पिकप लेकर जा रहे हैं चोर ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बड़ी-बड़ी चोरियां हुई लेकिन एक भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ अब यह देखना है कि पिकअप का खुलासा होता है या पिकअप को भी चोरों के द्वारा पचा लिया जाता है क्षेत्र में तमाम चोरिया को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ है एक हफ्ते से लगातार जांच चल रहा है जांच में पुलिस के हाथ खाली नजर आ रहे हैं।

## सरकार के आठ साल पूरा होने पर नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने गिनाई उपब्धिया

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** सेवा,सुरक्षा,सुशासन एवं गरीबकल्याण को समर्पित योगी सरकार के सफलतम 8 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे तीन दिवसीय विशेष घर-घर संपर्क अभियान के अंतर्गत नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ दक्षिणी और उत्तरी सबरी के अंतर्गत आने वाले बूथों पर घर घर जनसंपर्क कर मोदी- योगी की डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों,जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाया।नपाध्यक्ष ने कहा कि इन आठ सालों में सेवा समर्पण को समर्पित इस सरकार ने कई ऐसे कार्य किए है,जिससे प्रदेश की दिशा



और दशा दोनों बदली है। इस अवसर पर नितिन विश्वकर्मा, संतोष जायसवाल, रुपेश यादव, सुरेश जयसवाल, जाह्नवी तिवारी, ओमप्रकाश मौर्य, सुमन बिंद, अखिलेश अग्रहरि, दीपा उमर, सुमन यादव, गोपाल अग्रवाल, मनमोहन जायसवाल, शिव शंकर जायसवाल, सचिन जायसवाल, राहुल जैन, लालजी, राहुल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय संगोष्ठी में राजीव ओझा हिन्दी पत्रकारिता गौरव सम्मान से विभूषित

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर।** शुक्रवार को एस. एस.पी. पी. डी पी. जी. कालेज मीरजापुर में प्रो.क्षमा शंकर पांडेय की जयन्ती के अवसर पर शिक्षा में साहित्य एवं साहित्यकार विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी में ख्याति लब्ध साहित्यकार गणेश गंभीर, लल्लू तिवारी,वरिष्ठ संपादक समीक्षक राजीव कुमार ओझा, महाविद्यालय के संस्थापक- संरक्षक जगदीश सिंह ने दिवंगत शिक्षाविद साहित्यकार प्रो.क्षमा शंकर पांडेय के व्यक्तित्व , शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में उनके अवदान पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उक्त अवसर पर ख्याति लब्ध साहित्यकार गणेश गंभीर ,लल्लू तिवारी को



प्रो.क्षमा शंकर पांडेय साहित्य रत्न सम्मान, वरिष्ठ संपादक समीक्षक राजीव कुमार ओझा को प्रो.क्षमा शंकर पांडेय हिन्दी पत्रकारिता गौरव सम्मान, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। संगोष्ठी में लल्लू तिवारी एवं सुरेंद्र मिश्र अंकुर ने काव्य पाठ किया। विषय प्रवर्तन इस संगोष्ठी के शिल्पी डा.भुवनेश्वर द्विवेदी ने किया। इस सारस्वत यज्ञ में प्रो.क्षमा शंकर पांडेय के किरदार पर केंद्रित डा. भुवनेश्वर द्विवेदी की पुस्तक का मंचीय अतिथियों ने विमोचन किया। महाविद्यालय के संस्थापक जगदीश सिंह, श्रीमती गीता सिंह, मां विंध्यवासिनी यूनिवर्सिटी के कुलसचिव सत्य प्रकाश सिंह, ख्याति लब्ध साहित्यकार गणेश गंभीर, संपादक समीक्षक राजीव कुमार ओझा इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के मंचीय अतिथि थे।

## चोरी की घटनाओं का खुलासा कर पुलिस ने बरामद की मोटर साइकिलें, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**शिवरामपुर, चित्रकूट-** कोतवाली कर्वी व चैकी शिवरामपुर की संयुक्त पुलिस टीम ने चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए एक चोर को गिरफ्तार किया है। साथ ही पांच मोटर साइकिलें व एक ई-रिक्शा बरामद किया है। क्षेत्राधिकारी सदर राजकमल ने बताया कि बीते गुरुवार को कोतवाली कर्वी व चैकी शिवरामपुर की संयुक्त पुलिस टीम ने पथरौड़ी मोड़ शिवरामपुर में वाहन जांच अभियान के दौरान बिना नम्बर प्लेट के एक बाइक की जांच की। जिसमें ई-चालान एप पर वाहन स्वामी का नाम गुलाब चन्द्र पुत्र श्यामलाल निवासी गुलामपुरी थाना करारी जनपद कौशाम्बी दर्शा रहा था। शक होने पर बाइक चालक लियाकत निवासी काशीराम कॉलोनी लोढ़वारा को कोतवाली कर्वी पुलिस ने गिरफ्तार कर पूंछतांछ की। पूंछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने एक फहीम निवासी समदा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी ने यह बाइक होली के समय रात में चुराई थी। साथ ही इस मोटर साइकिल के अलावा चार अन्य मोटर साइकिलें व एक ई-रिक्शा भी चोरी किए है, जो छिपाकर रखा गया है तथा उसका साथी फहीम भी वही पर है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को साथ में लेकर उसके बताएं स्थान पर गई। जहां आरोपी के साथी फहीम पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर भाग गया। इस दौरान मौके पर झाड़ियों में छिपी चार मोटर साइकिलें व तथा एक ई-





रिक्शा बरामद किया गया। इस सम्बन्ध में चोरी के आरोपी व उसके साथी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम में कोतवाली कर्वी के उपनिरीक्षक गौरव तिवारी, कैलाश नाथ यादव, आरक्षी सचिन व चैकी शिवरामपुर की टीम में चैकी प्रभारी शनि कुमार चदुर्वेदी, आरक्षी विपिन कुमार, दीप प्रताप सिंह व विवेक शामिल रहे।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जन्म शताब्दी समारोह पर विचार गोष्ठी का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात

**सीखड़, मीरजापुर।** क्षेत्र में स्थित नरोत्तम सिंह पदम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मगरहां में अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। गोष्ठी के मुख्य वक्ता प्रोफेसर राकेश कुमार ने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डाक्टर अरूण कुमार सिंह ने किया। उक्त अवसर पर डाक्टर सबीहा नाज, डाक्टर




नीलम यादव, डाक्टर महेंद्र नाथ, डाक्टर शिवमंगल यादव, डाक्टर पल्लवी मिश्रा, डाक्टर रामनरेश यादव, डाक्टर मनीष मिश्रा सहित छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# यूपी से नितिन खेलेंगे राष्ट्रीय चैंपियन शिप के लिए कबड्डी प्रतियोगिता

## 27मार्च को गया बिहार में आयोजित होगी प्रतियोगिता

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज ।** गया (बिहार) में 27 मार्च 30 मार्च 2025 से आयोजित होने वाली सब जूनियर नेशनल बालक / बालिका कबड्डी चैंपियनशिप के लिए नितिन का उत्तर प्रदेश कबड्डी टीम बालक वर्ग में हुआ चयन। ऑलराउंडर के तौर पर खेलेंगे नितिन। यूपी सब जूनियर नेशनल कैंप में 18 बच्चों का हुआ था चयन जिसमें से अंतिम 12 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा करेंगे । चयन होने पर उनकी माता श्रीमती पूजा दिवाकर तथा पिता श्री राकेश कुमार जी ने खुशी जताई। प्रयागराज का इकलौता खिलाड़ी खेलेगा सब जूनियर



नेशनल। प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में करते थे प्रशिक्षण उनके कोच श्री जयराम सिंह बघेल ने बताया कि मौका मिलने पर अच्छा करेंगे नितिन। स्टेडियम के बच्चों तथा परिवार और रिश्तेदारों ने ढेर सारी बधाइयां दी। और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। और उनके जिला के कबड्डी सचिव श्री प्रेम कुमार पांडे जी ने खुशी जताई और कहा की नितिन के चयन होने पर जिले के खिलाड़ियों में नया जोश और प्रेरणा मिलेगी। और उनके वापस आते ही उनके गांव प्रतापपुर फूलपुर प्रयागराज में किया जाएगा धूमधाम से उनका और उनके माता पिता का स्वागत । यह जानकारी जिला कबड्डी एसोसिएशन प्रयागराज से मिली ।

# पूजा अर्चना के बाद प्रबंध निदेशक डॉ अवस्थी ने पूरे प्लांट का किया निरीक्षण ,अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

## नवनियुक्त युवा इंजीनियरों से मुलाकात की किया।सभी को भविष्य में आने वाली चुनौतियों से आगाह किया

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज ।** इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी ने आज दिन की शुरुआत इफको परिसर में स्थित श्री राम मंदिर में विधि-विधान से पूजा अर्चना से किया। इसके बाद उन्होंने संयंत्र भ्रमण किया। जिसमें यूरिया-1, यूरिया-2, अमोनिया-1, अमोनिया-2 के नियंत्रण कक्ष, बैगिंग प्लांट, शक्ति संयंत्र, डीएम प्लांट, अग्नि एवं सुरक्षा विभाग, परिवहन विभाग का निरिक्षण किया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने प्रशासनिक भवन में लिफ्ट, नवनिर्मित कार्मिक एवं प्रशासन व लेखा विभाग का उद्घाटन किया। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के



साथ समीक्षा बैठक कर संयंत्र की विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन व इफको इम्पलाइज संघ के सदस्यों के साथ बैठक की तथा नवनियुक्त युवा इंजीनियरों से मुलाकात किया।सभी को भविष्य में आने वाली चुनौतियों से आगाह किया तथा हर दिन विकसित हो रही नई तकनीक से अवगत रहने की सलाह दी। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया, वरिष्ठ महाप्रबंधक संजय वैश्य, महाप्रबंधक क्रमशः ए.पी.राजेन्द्रन, संजय भंडारी,पी.के सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अनीता मिश्रा, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरुण कुमार, एस.के.सिंह, ए.के. गुप्ता, पी.के.वर्मा विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयम् प्रकाश, इफको इम्पलाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विजय कुमार यादव मौजूद रहे।

# सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफ़आईआर दर्ज करने की याचिका खारिज की

स्वतंत्र प्रभात

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (28 मार्च) को दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ आधिकारिक परिसर में अवैध नकदी की कथित बरामदगी के मामले में एफ़आईआर दर्ज करने की मांग वाली रिट याचिका पर विचार करने से इनकार किया।जस्टिस अभय ओक और जस्टिस उज्ज्वल भुयान की खंडपीठ ने कहा कि याचिका, जिसमें चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) के निर्देशानुसार तीन जजों की समिति द्वारा की जा रही आंतरिक जांच को भी चुनौती दी गई, समय से पहले दायर की गई है। जस्टिस ओक ने शुरुआत में ही याचिकाकर्ता वकील एडवोकेट मैथ्यूज जे नेदुपमारा से कहा÷मिस्टर नेदुमपारा, हमने प्रार्थनाएं देखी हैं। आंतरिक जांच समाप्त होने के बाद कई विकल्प खुले हैं। चीफ जस्टिस रिपोर्ट की जांच करने के बाद एफ़आईआर दर्ज करने का निर्देश दे सकते हैं या मामले को संसद को भेज सकते हैं। आज इस



याचिका पर विचार करने का समय नहीं है। आंतरिक रिपोर्ट के बाद सभी विकल्प खुले हैं। याचिका समय से पहले है। जजों को नियमित जांच से बचाने वाले निर्णयों की समीक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए नेदुमपारा ने कहा कि केरल में तत्कालीन हाईकोर्ट जज के खिलाफ़ पाक्सो मामले का आरोप था; हालांकि, पुलिस ने एफ़आइआर दर्ज नहीं की। नेदुमपारा ने कहा कि जांच न्यायालय का काम नहीं है। इसे पुलिस पर छोड़ देना चाहिए। आंतरिक समिति एक वैधानिक प्राधिकरण नहीं है और यह विशेष एजेंसियों द्वारा की जाने वाली आपराधिक जांच का विकल्प नहीं हो सकती। जस्टिस ओक ने दोहराया,आज हम इस चरण में हस्तक्षेप नहीं कर सकते। आंतरिक प्रक्रिया पूरी होने दें और उसके बाद चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया के पास सभी विकल्प खुले हैं।

# ND कॉलेज के वार्षिकोत्सव 'स्पन्दन' में संगीतमय संध्या ने मोहा मन

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** एन डी कान्वेंट स्कूल एण्ड कॉलेज में वार्षिकोत्सव 'स्पन्दन' का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह आयोजन विद्यालय के सांस्कृतिक एवं शैक्षिक उत्थान की एक प्रेरणादायक झलक प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के अध्यक्ष पूर्व विधायक चायल माननीय संजय कुमार गुप्ता की हृदयकार्णिका एवं आज के कार्यक्रम की चीफ गेस्ट रिद्धि और सिद्धि द्वारा सरस्वती पूजा से हुई, जिसके पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मयंक कुमार मिश्रा ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर तथा कोऑर्डिनेटर सर ने बैज पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस गरिमामयी सत्कार के साथ कार्यक्रम की शुभ शुरुआत हुई।इसके बाद सरस्वती वन्दना और गणेश वन्दना नृत्य ने मंच को पावन आभा से आलोकित कर दिया। छात्र-छात्राओं ने कश्मीर का प्रसिद्ध नृत्य, राजस्थानी नृत्य, दक्षिण भारतीय नृत्य और बॉलीवुड मैशअप जैसी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन जीत लिया। कॉमेडी डांस ने दर्शकों को हंसी से लोटपोट कर दिया, जबकि कठपुतली नृत्य ने लोककला की सुन्दरता को प्रस्तुत किया। विद्यालय के मंच पर सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने वाले संदेश भी दिए गए। स्वच्छ भारत



पर आधारित नृत्य ने स्वच्छता का महत्व बताया, तो मोबाइल एडिक्शन थीम ने डिजिटल दुनिया की लत से होने वाले नुकसान को उजागर किया। घरेलू हिंसा पर प्रस्तुत नृत्य ने सभी को संवेदनशील किया, वहीं जल बचाओ पर आधारित प्रस्तुति ने प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। महाकुम्भ पर विशेष प्रस्तुति और गंगा आरती (बनारस की) ने भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिकता को मंच पर जीवंत कर दिया। योग विद्या पर आधारित कार्यक्रम ने स्वस्थ जीवन के महत्व को दर्शाया। राष्ट्रीय एकता को दर्शाने के लिए हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई की अद्भुत झलक प्रस्तुत की गई, जिसमें एकता का संदेश दिया गया। देशभक्ति नृत्य ने सभी के मन में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत की, तो रामायण प्रसंग संपूर्ण ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को मंच पर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन एवं निवर्तमान विधायक संजय कुमार गुप्ता, चेयरपर्सन सपना गुप्ता, हेलो किड्स चक्र फाउंडर देव बाबू गुप्ता जी, संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार और डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मयंक कुमार मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी गणमान्य अतिथियों ने छात्रों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम का समापन होली उत्सव की रंगारंग प्रस्तुति से हुआ, जिसमें छात्रों ने रंगों के त्योहार की मस्ती और उल्लास को मंच पर जीवन्त कर दिया। इसके बाद विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को रिजल्ट और पुरस्कार वितरण के माध्यम से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि संस्कृति और शिक्षा का यह संगम बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम उन्हें आत्मविश्वास और नई ऊँचाइयों तक पहुँचने की प्रेरणा देते हैं। विद्यालय की चेयरपर्सन सपना गुप्ता जी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों को बधाई दी और कहा कि ÷यह मंच बच्चों की प्रतिभा को निखारने का अद्भुत अवसर प्रदान करता है। हेलो किड्स KPS फाउण्डर देव बाबू गुप्ता ने अपनी शुभकामनाएँ व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। डायरेक्टर सीमा पवार और डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मयंक कुमार मिश्रा ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। 'स्पन्दन' न केवल कला और संस्कृति का मंच बना, बल्कि यह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश भी दे गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर रिद्धि सिद्धि, वाइस चेयरपर्सन सपना गुप्ता मैम,हमारे अभिभावक प्रेमचन्द गुप्ता जी, सुभाष गुप्ता, वासु गुप्ता जी,कोऑर्डिनेटर नितेश सिंह ,रणजीत सिंह , शैलेन्द्र सिंह, बद्री विशाल शुक्ला, मयंक जायसवाल, गायत्री चावला प्रज्ञा शर्मा, सुमन कुशवाहा,यशवी ,कीर्ति ,रश्मि, संध्या, रूपल ,सिमरन, निशा, अनम, आशीष त्रिपाठी, शिवम त्रिपाठी, नारायण जी, प्रीति श्रीवास्तव, पूजा सचान ,श्रेया पाण्डेय, मनोज कुमार, विवेक कुमार, रमेश श्रीवास्तव, नवनीत एवं कोरियोग्राफर दीपक डांस आदि उपस्थित रहे।

# फूलपुर में एमडी डॉ. उदय शंकर अवस्थी का भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात

**ब्यूरो प्रयागराज ।** इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. उदय शंकर अवस्थी के आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। डॉ. अवस्थी को हाल ही में प्रतिष्ठित रॉसडेल पायनियर अवॉर्ड और फर्टिलाइज़र मैन ऑफ इंडिया के सम्मान से नवाजा गया है। उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर इफको फूलपुर इकाई के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय ग्राम प्रधानों ने हर्ष व्यक्त किया। डॉ. अवस्थी का स्वागत समारोह बाबूगंज के नजदीक भुलई का पूरा गांव में आयोजित किया गया, जहां इफको प्लांट के आसपास के ग्राम प्रधानों ने उनका अभिनंदन किया। इस स्वागत समारोह में महिला ग्राम प्रधानों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और उनके नेतृत्व की सराहना की। इस अवसर पर ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों ने डॉ. अवस्थी को सम्मानित किया और इफको द्वारा किसानों की समृद्धि और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।



डॉ. अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा, यह सम्मान पूरे इफको परिवार और भारत के मेहनतकश किसानों को समर्पित है। हमारा लक्ष्य देश के किसानों को सशक्त बनाना और कृषि क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देना है। इफको फूलपुर इकाई के अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने इस अवसर पर उनका उत्साहपूर्वक स्वागत किया और उनके मार्गदर्शन में संगठन की निरंतर प्रगति के प्रति विश्वास जताया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक इफको फूलपुर इकाई संजय कुदेशिया, जनसम्पर्क अधिकारी स्वयम् प्रकाश, ग्राम प्रधान तिसौरा रेनू देवी पटेल, ग्राम प्रधान पुरे का भुलई पुष्पा देवी, ग्राम प्रधान सराय अब्दुल मलिक मंजू देवी, ग्राम प्रधान पाली निशा देवी, ग्राम प्रधान बाबूगंज शीला देवी, ग्राम प्रधाम कनौजा गुडिया देवी, ग्राम प्रधान कादीपुर हरिश्चंद्र आदि स्थानीय ग्राम प्रधान व ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा के सम्बन्ध में नामित केन्द्राध्यक्ष/केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी ।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (राजकीय आश्रम पद्यति विद्यालय)-कोइलहा, भरसवॉ, करारी, ककोढ़ा एवं बरैसा में कक्षा-06,07,08 एवं 09 में रिक्त सीटों को भरे जाने के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के सापेक्ष दिनॉक 30.03.2025 को प्रवेश परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में नामित केन्द्राध्यक्ष/केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों के साथ उदयन सभागार में बैठक की गयी। बैंठक में जिलाधिकरी ने केन्द्राध्यक्ष/केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रवेश परीक्षा में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय एवं सभी केन्द्र व्यवस्थापक सीटिंग प्लान के अनुसार ही अभ्यर्थियों को बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होंने स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को परीक्षा केन्द्रों में समय से उपस्थित होने एवं




अपनी देख-रेख में प्रवेश परीक्षा सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वेबसाइट https://ats.upsdc.gov.in/OnlineApp/PrintAdmitCard से अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र डाउनलोड करते हुये उन्हें समय से उपलब्ध करा दिया जाय। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार द्वारा बताया गया कि जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा के लिए कुल 23 केन्द्र बनाये गये है। जिसमें-जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय करारी, करारी इण्टर कॉलेज करारी, रियाज इण्टर कॉलेज उखैया खास, रिजवी स्प्रिंग फील्ड करारी, मदर इण्डिया इण्टर कालेज करारी, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय कोइलहा, महगांव इण्टर कॉलेज महगांव, महेश्वरी प्रसाद इण्टर कालेज आलमचन्द्र, गुलाब देवी इण्टर कॉलेज बजहा, श्री लाल बहादुर इण्टर कॉलेज चायल, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय भरसवॉ, जवाहर लाल नेहरू इण्टर कॉलेज सरसवां, कृषक इण्टर कॉलेज हिनौता, वैद्यनाथ अम्बिका प्रसाद इण्टर कॉलेज गंगापारी का पूरा, डीएन बालिका इण्टर कॉलेज ओसा, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय ककोढ़ा, हुबलाल इण्टर कॉलेज भरवारी, डीडीआर पब्लिक स्कूल भरवारी, कस्तूरबा गांधी इण्टर कॉलेज भरवारी, जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मंझनपुर बरैसा, दिलीप सिंह इण्टर कॉलेज बाकरगंज गोराजू, जिला पंचायत इण्टर कॉलेज पश्चिम शरीरा एवं रानी देवी राम अभिलाष इण्टर कॉलेज भगत का पुरवा अलवारा परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न होगी। प्रथम पाली में कक्षा-06 की प्रवेश परीक्षा एवं द्वितीय पाली में कक्षा-07, 08 एवं 09 की प्रवेश परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी। दोनो पालियां की प्रवेश परीक्षा में कुल 14777 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षण डॉ0 सच्चिदानन्द यादव एवं पीडी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपद की विभिन्न मस्जिदों का लगातार भ्रमण करते हुए अलविदा जुमा की नमाज के दृष्टिगत सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी ।** जनपद में अलविदा जुमा की नमाज जनपद की विभिन्न मस्जिदों में आयोजित की गयी। नमाज को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में सभी मस्जिदों में अधिकारियों के साथ-साथ पर्याप्त पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गयी थी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जामा मस्जिद कस्बा मंझनपुर, कस्बा करारी, कस्बा भरवारी, थाना क्षेत्र कोखराज, कस्बा मूरतगंज एवं थाना क्षेत्र संदीपनघाट आदि संवेदनशील स्थानों पर लगातार भ्रमण करते हुए नमाज के सम्बन्ध में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था आदि का जायजा लिया गया। ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों का मार्गदर्शन करते हुए नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया। अलविदा जुमा की नमाज को सकुशल सम्पन्न



कराने एवं संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर लागतार ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की गयी। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा आगामी ईद की नमाज को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत धर्मगुरुओं से वार्ता की गयी तथा त्यौहार को शांति एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सहयोग की अपेक्षा की गयी। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की बात कही गयी। इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं उपजिलाधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल के साथ लगातार भ्रमण करते हुए नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

# महिला कल्याण विभाग द्वारा अकांक्षी वि0ख0 कौशाम्बी में स्वावलम्बन कैम्प का किया गया आयोजन




स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद के आकांक्षी विकास खण्ड-कौशाम्बी में आज बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति फेज 5 के अन्तर्गत विभागीय योजना स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण/स्वावलम्बन कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। सदस्या द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढाओ, मिशन शक्ति फेज 5, सरकार की 08 वर्षो की उपलब्धियों पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान करते हुये उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों एवं निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इसके साथ ही बच्चों को अन्नप्रशान एवं गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराते हुये आम जनमानस को जागरूक किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा विभागीय योजनाओं व उनकी पात्रता पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। महिला कल्याण विभाग, बाल विकास पुष्टाहार, पशुपालन स्वास्थ्य विभाग आदि द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के उद्देश्य से स्टॉल लगाया गया। स्टॉल के माध्यम से मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेन्टर आदि योजना सहित विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं का बुकलेट, पम्पलेट, स्टैण्डी, बैनर आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुये स्टॉल पर आये हुये आम जनमानस को प्रचार सामाग्री प्रदान कर योजनाओं की जानकारी दी गयी। इस अवसर पर उपायुक्त नरेगा/खण्ड विकास अधिकारी कौशाम्बी, डायट प्राचार्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अधिक संख्या में महिला एवं पुरूष उपस्थित रहे।

# गोकशी के लिए ले जा रहे गोवंश बजरंगियों ने किया बरामद, हंगामा



स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिले के गंगा तराई क्षेत्र से तस्करी कर ले जा रहे चार 300 से अधिक गोवंश को बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने बरामद किया। इतनी बड़ी संख्या में गोवंश मिलने के बाद कार्यकर्ताओं ने हंगामा काटना शुरु कर दिया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं का आरोप था कि जिले से गोकशी के लिए कंटेनरों में लदा जाता रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर लगभग 3 तीन बजे विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने को गौवंश को तस्करी के लिए ले जाने की सूचना पर पहुंचकर 300 से अधिक गोवंश बरामद की और इसके बाद को तस्करी का आरोप लगाते हुए हंगामा काटने लगे। मौके पर पहुंची कड़ाधाम थाना पुलिस ने 230 गोवंशों को बरामद कर गिरधरपुर गाड़ी स्थित बृहद गौशाला के सुपुर्द कर दिया। इस मौके पर पहुंचे विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं का आरोप था कि गैर प्रांत तथा कई जिलों से गायों को गंगा के तराई पर लाकर इन्हें गोकशी के लिए कन्टेनरों से लादकर दूसरे प्रदेशों में भेजा जाता है। यही नहीं उनका यह भी आरोप था कि जिले के कई बड़े वह तस्कर भी इस पूरे खेल में शामिल हो सकते हैं। मामले में विश्व हिन्दू परिषद के लोगों ने कठोर कार्रवाई करते हुए जांच कराए जाने की मांग कि है। इस मौके पर प्रमुख रूप से राजवीर मौर्य, अवधेश नारायण शुक्ला यशवंत यदुवंश वेद प्रकाश सत्यार्थी कामता यादव तारीफ यादव शिवम पाण्डेय दीपक मौर्य संदीप दिवाकर सहित सैकड़ो की संख्या में विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता मौजूदरहे।

# कौशाम्बी : कटैया घाट से किसके रहमो-करम पर गुजर रहे हैं ओवरलोड बालू वाहन

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध खनन और ओवरलोडिंग पर सख्त कार्रवाई के दावों के बावजूद कटैया घाट से होकर गुजरने वाले ओवरलोड बालू वाहनों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सवाल यह उठता है कि आखिर ये ओवरलोड वाहन किसके रहमो-करम पर बेरोकटोक सड़कों पर दौड़ रहे हैं? क्या प्रशासन की मिलीभगत के बिना यह संभव है?

**सराय अकिल थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से जारी ओवरलोडिंग**

सराय अकिल थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कटैया घाट पर अवैध बालू खनन और ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही चरम पर है। सरकार की स्पष्ट नीति होने के बावजूद बालू माफिया बेखौफ होकर कारोबार कर रहे हैं। योगी




सरकार ने ओवरलोडिंग और अवैध खनन के खिलाफ 'ज़ीरो टॉलरेंस' नीति अपनाई है, लेकिन ज़मीनी हकीकत इसके उलट दिखाई दे रही है। प्रशासनिक मिलीभगत या लचर व्यवस्था हो गई है स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के संचालन में प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है। रोज़ाना सैकड़ों की संख्या में बालू से लदे ओवरलोड ट्रक हाईवे और ग्रामीण सड़कों से होकर गुजरते हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है।

**कौन है ये बालू माफिया**

यह सवाल हर किसी की जुबान पर है कि आखिर किसके संरक्षण में यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है क्या इस खेल में बड़े रसूखदारों का हाथ है यदि सरकार की नीतियां स्पष्ट हैं, तो प्रशासन इन्हें लागू करने में नाकाम क्यों हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्ती बरती जा रही है। बावजूद इसके, कौशाम्बी में बालू माफिया खुलेआम सरकार की नीतियों को ठेंगा दिखा रहे हैं।

**क्या होगी सख्त कार्रवाई**

अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस मामले में कब तक चुप्पी तोड़ता है और क्या वाकई अवैध बालू खनन और ओवरलोडिंग पर कोई ठोस कार्रवाई होगी, या फिर यह सिलसिला यूं ही जारी रहेगा?

## संक्षिप्त ख़बरें

### तीखी धूप से बाजार में सन्नाटा, नवरात्रि की तैयारियों में जुटे श्रद्धालु



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** शुक्रवार, 28 मार्च को पाकुड़िया में तीखी धूप और गर्म हवाओं के कारण बाजार में दोपहर बाद सन्नाटा पसर गया। बीते कुछ दिनों से मौसम सुहाना था, लेकिन शुक्रवार को सूरज की प्रखर किरणों ने अपनी तीव्रता दिखाई, जिससे लोग जल्द ही खरीदारी कर घर लौटने लगे। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि तापमान में उतार-चढ़ाव सामान्य प्रक्रिया है, और हमें बदलते मौसम के अनुरूप खुद को ढालना चाहिए। भारतीय ऋतु चक्र में छह ऋतुएं होती हैं, और प्रत्येक का अपना विशिष्ट महत्व है।

इधर, 30 मार्च से हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 का शुभारंभ हो रहा है। इसी दिन से चैत्र नवरात्र भी प्रारंभ होंगे, जिसके लिए श्रद्धालु तैयारियों में जुट गए हैं। भक्तगण घरों और मंदिरों में कलश स्थापना कर माता के नौ स्वरूपों की आराधना करेंगे। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु व्रत रखकर पवित्र जीवनशैली का पालन करते हैं। बाजार में भले ही दोपहर को सन्नाटा रहा, लेकिन श्रद्धालु नववर्ष और नवरात्रि की तैयारियों में विशेष उत्साह के साथ लगे हुए हैं।

### रांची में बढ़ते अपराध पर भाजपा नेता का हमला

**झारखंड में हाहाकार, सरकार निकम्मी- सुनील कुमार सिंह**



**रांची, झारखंड-** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने झारखंड में बढ़ते अपराधों पर हेमंत सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, जनता असुरक्षित है और अपराधी बेखौफ हैं। बीते गुरुवार को व्यवसायी भूपल साहू की हत्या और इससे एक दिन पहले भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या को लेकर उन्होंने सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है, जबकि पुलिस भाजपा नेताओं को गिरफ्तार करने में लगी है। उन्होंने रांची को क्राइम कैपिटल बताते हुए कहा कि अगर सरकार अपराध पर लगाम नहीं लगाती तो जनता खुद सड़क पर उतरकर सरकार को उखाड़ फेंकने को मजबूर होगी।

### इफ्तार पार्टी समाज की आपसी भाईचारा, एकता एवं सौहार्द का संदेश देता है- दीपक गुप्ता



**रांची/बरही, झारखंड-** रांची फंक्शन हॉल में में कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ के द्वारा बड़ी स्तर पर आयोजित इफ्तार पार्टी किया गया। इस इफ्तार पार्टी में ओबीसी जिला कांग्रेस अध्यक्ष दीपक गुप्ता शामिल हुए जिसमे मुख्य रूप से कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष श्री अभिलाष साहू, पूर्व मंत्री प्रदीप बालमुचू, ओबीसी कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुरजीत नागवाला,प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज़ आलम, प्रदेश ओबीसी प्रवक्ता डॉ प्रकाश कुमार, जिला कांग्रेस नेता धीरज सिंह प्रदेश सचिव रेणु देवी के साथ अन्य प्रदेश के कई नेताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि उन्होंने कहा कि एकता एवं सौहार्द हमारे देश, राज्य व गढ़वा की खूबसूरती है। अपने यहां गंगा जमुनी तहजीब का मिसाल देखने को मिलता है। हम सभी धर्मों के लोग आपस में मिलजुल कर एक दूसरे का पर्व त्यौहार मनाते हैं।

### नवविवाहिता कॉलेज जाने के बहाने मायके से हुई फरार, परिजन चिंतित



**बरही, झारखंड-** बरही थाना क्षेत्र के ग़महरिया गांव की 23 वर्षीया नवविवाहिता के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में परिजनों ने बताया की बीते युवती 25 मार्च को कॉलेज जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन उसके बाद से वह लापता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवती का विवाह एक वर्ष पूर्व ग़महरिया निवासी उपेश कुमार पिता स्व. योगेंद्र साव से हुआ था। वह हाल ही में अपने मायके ग्राम बासीसाखी, थाना गिद्धौर, जिला चतरा गई हुई थी। वहीं से वह कॉलेज जाने का बहाना बनाकर घर से नगदी, कपड़े और शादी में मिले सोने-चांदी के सारे गहने लेकर फरार हो गई। घटना के बाद युवती की मां ने गिद्धौर थाना में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने रामनवमी, ईद, सरहुल एवं चैती दुर्गापूजा पर्व के मद्देनजर जिला शांति समिति के साथ की बैठक

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़ , झारखंड-** कृषि उत्पादन बाजार समिति पाकुड़ मे उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार द्वारा जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर आगामी पर्व त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था, शांति व्यवस्था एवं जनसुविधाओं तथा सुगम यातायात व्यवस्था के संदर्भ में चर्चा कर सबसे सहयोग की अपील की गई।*

**शांतिपूर्ण, सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संयमित तथा अनुशासित तरीके से पर्व-त्योहार मनायें**

पाकुड़ उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि पर्व-त्योहार खुशियां मनाने और बांटने का अवसर होता है, ऐसा वातावरण बनायें कि लोग परिवार के साथ आपकी खुशियों में शामिल हो सकें। जिला प्रशासन नागरिक सुविधाओं की बेहतरी का ध्यान रखेगी, लोग संयमित एवं अनुशासित तरीके से पर्व-त्योहार मनायें। शांति समिति सदस्यों से अपील है कि जुलूस में चलते समय शराब या किसी अन्य मादक पदार्थ का सेवन कर के कोई व्यक्ति शामिल नहीं हो इसका ध्यान रखेंगे। डीजे का प्रयोग नहीं कर एक मिसाल कायम करें। जुलूस में ऐसे गाने नहीं बजने दें, जो अश्लील हो या जिससे किसी समुदाय की भावना आहत हो। जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर सख्त निगरानी रखेगी, सावधानी से सोशल मीडिया का उपयोग करें, किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान नहीं दें, भ्रामक एवं अपुष्ट खबरों का सत्यापन प्रशासन से जरूर करा लें। किसी भी प्रकार से जुलूस के पुराने रूट चार्ट में विचलन की अनुमति नहीं दी जाएगी। साफ-सफाई, पेयजल, बिजली आदि जैसे कुछ सुझाव को लेकर संबंधित पदाधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया है। जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष को 24X7 क्रियाशील रखते हुए सभी जुलूस पर निगरानी रखी जाएगी ताकि असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण रखा जा सके। पुलिस प्रशासन आपके सहयोग के लिए सदैव तत्पर, अखाड़ा समिति अपने वॉलंटियर के माध्यम से भी जुलूस पर नियंत्रण रखें। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि सभी वॉलंटियर की सूची सभी समिति दे। लाठी या पारंपरिक अस्त्र से कलाबाजी जुलूस में वे लोग ही करें जिन्हें कलाबाजी ठीक तरीके से आती है। सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी।संवेदनशील स्थानों पर विशेष चौकसी बरती जाएगी। आपके उत्सव के माहौल में कोई बाधा नहीं पहुंचाये इस उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा सभी एहतियाती कदम उठाये जा रहे हैं। ध्यान रखें की विसर्जन जुलूस मार्ग का विचलन किसी प्रकार से नहीं हो। विसर्जन में समयसीमा का विशेष ध्यान रखें। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महेशपुर एवं पाकुड़, जिला परिवहन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी एवं जिला के गणमान्य उपस्थित थे।

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नेशनल वाटर मिशन के राज्य आधारित एक्शन प्लान पर स्टीयरिंग कमेटी की बैठक

**● जल संरक्षण के लिए अभिनव तरीके अपनाए- मुख्य सचिव**

स्वतंत्र प्रभात




**रांची, झारखंड-** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने झारखंड में जल संरक्षण के क्षेत्र में अभिनव तरीके अपनाने पर बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समन्वय बना कर इस दिशा में आगे बढ़ें। झारखंड में जल संसाधन के क्षेत्र में हुए अध्ययन और आंकड़े के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने कहा कि राज्य में पर्याप्त बारिश होती है, लेकिन हम उसे पूरी तरह रोक नहीं पा रहे हैं। ज्यादा से ज्यादा जल संरक्षण कैसे हो, इस दिशा में हमारा फोकस होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के कई भागों में जल संकट चुनौती बनकर खड़ी हो चुकी है। झारखंड में अभी यह स्थिति नहीं है, लेकिन बढ़ती जनसंख्या और क्लाइमेट चेंज के दौर में झारखंड में भी यह स्थिति धीरे-धीरे बन सकती है, इसलिए अभी से सचेत होकर इस दिशा में सार्थक पहल करने की जरूरत है। वह शुक्रवार को नेशनल वाटर मिशन के तहत राज्य आधारित एक्शन प्लान पर स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में बोल रही थीं।

मुख्य सचिव ने कहा कि झारखंड में नेशनल वाटर मिशन के लिए जुटाए जा रहे पानी के खपत के आंकड़े जल संरक्षण और उसके प्रबंधन में हमारी काफी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि पानी की किल्लत वाले देश इजराइल और साइप्रस किस तरीके और तकनीक के साथ इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, इस पर भी हमें ध्यान देना चाहिए। बैठक के दौरान बताया गया कि टाटा और बोकारो स्टील जैसी बड़ी कंपनियों को राज्य सरकार पानी की सप्लाई करती है, इसलिए इसके आंकड़े हैं और उनसे सैकड़ों करोड़ रुपये टैक्स भी मिलता है। लेकिन, जो उद्योग भूगर्भ जल का उपयोग करते हैं, उसका डेटा नहीं मिल पाता। बताया गया कि भूगर्भ जल संरक्षण के लिए जल्द ही एक्शन प्लान लाने की तैयारी चल रही है। गौरतलब है कि भारत सरकार के नेशनल वाटर मिशन का मुख्य मकसद जल संरक्षण के साथ पानी की बर्बादी को कम से कम करना है। साथ ही मिशन का उद्देश्य राज्यों के समन्वित जल संसाधन, उसके विकास और प्रबंधन के द्वारा पानी का सामान वितरण सुनिश्चित करना है। चूकि हर राज्य का जल संसाधन अलग-अलग है, इसलिए राज्य आधारित एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। स्टेट स्पेसफिक एक्शन प्लान के लिए झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग ने झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी के साथ एमओयू किया है। यूनिवर्सिटी विभिन्न विभागों से समन्वय कर झारखंड के जल संसाधन का डेटा तैयार कर रही है।

यूनिवर्सिटी के अभी तक के अध्ययन और आंकड़े के अनुसार झारखंड में जल संरक्षण को लेकर अवसर और चुनौतियां दोनों हैं। अव्वल तो सबसे बड़ा अवसर यह है कि राज्य में प्रचुर मात्रा में जल संसाधन है। पानी को रोकने के लिए स्ट्रक्चर निर्माण की जरूरत है। राज्य सरकार जल संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। लेकिन, हर संबंधित पक्ष को इस दिशा में जागरूक करने की भी जरूरत है। दूसरी ओर झारखंड में क्लाइमेट चेंज और बढ़ती जनसंख्या से जल संकट चुनौती के रूप में सामने आ रहा है। राज्य की जल संरचना पुरानी पड़ती जा रही हैं, जिसमें निवेश और नवीकरण की जरूरत है। राज्य में जल का उपभोग करनेवाले विभिन्न तरह के उपभोक्ताओं और सरकारी एजेंसी में तालमेल की कमी है। झारखंड बाढ़ और सूखे की दोहरी मार झेलता है। भूगर्भ जल प्रदूषण भी विचारणीय है। वहीं राज्य में अनेक लोगों तक शुद्ध जल की उपलब्धता नहीं है। मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में नगर विकास के प्रधान सचिव श्री सुनील कुमार, जल संसाधन सचिव प्रशांत कुमार, कृषि सचिव अबु बक्कर सिद्दीख, नेशनल यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि डॉ. अजय समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बिचौलिया और रोजगार सेवक की मिली भगत से तेतरिया पंचायत में चल रही है श्रमिको की फर्जी हाजरी, मनरेगा में लूट की मची छूट

स्वतंत्र प्रभात




**मंडरो, झारखंड-** मंडरो प्रखंड अंतर्गत तेतरिया पंचायत इन दिनों फर्जीवाड़ा के मामले में सुर्खियों में बना हुआ है। हर दिन कोई न कोई नया मामला देखने को मिलता है वही आपको बता दे कि इन दिनों तेतरिया पंचायत के बासकोडीह गांव में बैजून मरांडी के जमीन पर मेडबंदी सह समतलीकरण,बासकोडीह गांव में बहामय मुर्मू के जमीन पर मेडबंदी सह समतलीकर सहित अन्य कई योजनाओं में दर्जनों की संख्या में फर्जी डिमांड का खेल खेला जा रहा है। जिसमें तेतरिया पंचायत के रोजगार सेवक सहित तेतरिया गांव के एक विशेष बिचौलिया(पूर्व नेता) की मिली भगत से लाखों रुपए की अवैध रूप से फर्जी तरीके से पैसे की निकासी की जा रही है। साथ ही साथ दर्जनों मजदूर झारखंड राज्य से बाहर काम करने गए हैं उनके नाम पर भी बिचौलिया और रोजगार सेवक की मिली भगत से फर्जी तरीके से डिमांड कराकर सरकारी राशि का बंदरबांट किया जा रहा है।

क्षेत्र के कुछ बुद्धिजीवी लोगों का कहना है कि बाहर में रहने वाले लोगों के खाते में मजदूरी पैसा जाने पर फोन पे के माध्यम से पैसे को मंगवा लिया जाता है।जिसमें प्रत्येक सप्ताह का 200 या 300 उन्हें भी दे दिया जाता है। ऐसे में आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं कि शासकीय धन का किस तरह से दुरूपयोग किया जा रहा है, आखिर किस के इशारे पर इतना बड़ा भ्रष्टाचार किया जा रहा है जबकि केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार भ्रष्टाचार मुक्त करने की दावा करती है। मनरेगा योजना में घोटाले बाजों की जड़े इतनी मजबूत है कि किसी भी ग्रामीण में इतनी हिम्मत नहीं होती की खुलकर इसका विरोध कर सके अगर किसी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई तो उसकी हर तरह से इतना प्रताड़ित व पीड़ित कर दिया जाता है कि वह थक हार कर घर पर बैठ जाता है।

## ईद-उल-फितर को लेकर सुपौल में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात



**सुपौल-** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित लहटन चौधरी सभागार में जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक शैशव यादव की अध्यक्षता में ईद-उल-फितर 2025 के मद्देनजर जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की विधि-व्यवस्था एवं शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। बैठक में अपर समाहर्ता राशिद कलीम अंसारी, सिविल सर्जन डॉ. ललन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी इन्द्रवीर कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक कुमार, जिला सामान्य शाखा की प्रभारी पदाधिकारी पुष्पा कुमारी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा, जिला के अन्य पदाधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लिया।

**मुख्य बिंदु एवं निर्देश-** विधि-व्यवस्था बनाए रखना- अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ईद-उल-फितर के अवसर पर जिले में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम-** संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती करने, गश्त बढ़ाने एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य सुविधाएं- ईदगाहों एवं मस्जिदों के आसपास सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नगर निकायों को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं एवं एंबुलेंस की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा हुई।



सांप्रदायिक सौहार्द- बैठक में शामिल समुदाय के प्रतिनिधियों से सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई और सभी धर्मों के लोगों से आपसी भाईचारा कायम रखने का अनुरोध किया गया।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी कौशल कुमार और पुलिस अधीक्षक शैशव यादव ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ईद-उल-फितर का त्योहार शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो।

## सरकार की प्रशासनिक क्षमता को बनाएगी सशक्त- प्रशांत कुमार, सचिव, वित्त विभाग

**● झारखंड में The/Nudge इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलोशिप ने पकड़ी रफ्तार**

**फेलोज़ विभागीय परियोजनाओं में ला रहे नई ऊर्जा**

स्वतंत्र प्रभात



**रांची, झारखंड-** झारखंड सरकार और द/नज इंस्टिट्यूट के संयुक्त प्रयास से शुरू की गई ञ्जद्धद्ग/हृह्वस्रद्दद्ग इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलोशिप राज्य के प्रमुख विभागों में तेजी से कार्य कर रही है। फेलोशिप का उद्देश्य नीति सुधार, परियोजना प्रबंधन और तकनीकी नवाचार के ज़रिए शासन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाना है। वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार ने जानकारी दी कि यह फेलोशिप झारखंड सरकार की प्रशासनिक क्षमता को और अधिक सशक्त बनाएगी। शासन को कुशल, प्रभावी और नवीन दृष्टिकोण देने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें विश्वास है कि इन फेलोज़ का योगदान नीतिगत सुधारों और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि आईएएफ के तहत नियुक्त ये सभी फेलो 20+ वर्षों का निजी क्षेत्र का अनुभव रखते हैं। उनका उद्देश्य अपने विशेषज्ञता का उपयोग कर सरकारी तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाना है, जिससे राज्य के समावेशी और सतत विकास को बल मिल सके। फेलोशिप के शुरुआती दो महीनों में फेलोज़ ने विभागीय टीमों के साथ मिलकर प्रक्रियाओं का विश्लेषण, डेटा समीक्षा और सुधार एजेंडों की पहचान की है। आने वाले महीनों में ये फेलोज विभिन्न परियोजनाओं का प्रगति को बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। बता दें कि The/Nudge इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलोशिप 3 फरवरी 2025 को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में झारखंड सरकार के वित्त विभाग के सचिव, श्री प्रशांत कुमार (आईएएस) की उपस्थिति में लॉन्च की गई थी। इस फेलोशिप का प्रमुख उद्देश्यनीति निर्माण को मजबूत करना, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी लाना, विभागीय कार्यप्रणाली में नवाचार और तकनीक का उपयोग बढ़ाना और शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

**क्या है The/Nudge इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलोशिप?**

The/Nudge इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव फेलोशिप एक 18 महीने का नेतृत्व-उन्मुख कार्यक्रम है, जिसा उद्देश्य शासन और नीति-निर्माण में नवाचार को बढ़ावा देना है। इसके तहत फेलो राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर विभिन्न विकास परियोजनाओं और योजनाओं पर कार्य करेंगे। फेलो तकनीकी नवाचार, नीति निर्माण और शासन के मध्य तारतम्यता स्थापित करने पर कार्य करेंगे। वे डेटा-संचालित निर्णय लेने, डिजिटल समाधानों और नवीन तकनीकों को सरकारी प्रक्रियाओं में एकीकृत करने में सहायक होंगे। इस प्रयास का उद्देश्य शासन में पारदर्शिता और दक्षता को बढ़ावा देना है। ये सभी फेलो वरिष्ठ पेशेवर हैं, जिनके पास औसतन 20+ वर्षों का निजी क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव है। वे अपनी विशेषज्ञता और ज्ञान का उपयोग सरकारी परियोजनाओं को मजबूत करने और नीति क्रियान्वयन में सुधार लाने के लिए करेंगे।इससे झारखंड के सर्वांगीण विकास और सभी नागरिकों के जीवन स्तर को सुधारने में काफ़ी मदद मिलेगी। The/Nudge इंस्टिट्यूट के इस प्रयास का उद्देश्य प्रशासनिक सुधारों में सहयोग प्रदान करना और राज्य में सामाजिक व आर्थिक विकास को फेलोगति देना है। आईएएफ टीम ने जानकारी दी कि जल्द ही प्रत्येक फेलो अपनी प्राथमिक परियोजनाओं पर विस्तृत कार्य योजना विभागीय सचिवों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे, ताकि अगले चरण के काम में तेजी लाई जा सके।

## चौकी साल-छोटा बरमसिया आर.ई.ओ. पथ जर्जर, आवागमन में ग्रामीणों को भारी परेशानी

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखंड-** चौकी साल मोड़ से बीच पहाड़ी विद्यालय होते हुए ग्राम छोटा बरमसिया तक आर.ई.ओ. (ग्रामीण अभियंत्रण संगठन) द्वारा निर्मित सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। 28 मार्च को ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या को उठाया और सड़क की बदहाली पर रोष व्यक्त किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस पक्की सड़क का निर्माण महज एक साल पहले हुआ था, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता खराब होने के कारण यह जल्दी ही टूटने लगी। अब सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क पर स्टोन मेटल बिखरने से बाइक और साइकिल चलाना जोखिम भरा हो गया है, जबकि नंगे पांव चलने पर चोट लगने का डर बना रहता है।

छोटा बरमसिया और बीच पहाड़ी गांव की महिलाओं ने बताया कि घटिया निर्माण के कारण सड़क सालभर में ही दरारों से भर गई थी और अब पूरी तरह से टूट चुकी है। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक स्टेफन मरांडी से मांग की है कि इस सड़क के पुनर्निर्माण की स्वीकृति दिलाई जाए, ताकि चौकी साल, छोटा बरमसिया, काटालडीगी, बीच पहाड़ी सहित अन्य गांवों के लोगों को आवागमन में राहत मिल सके।

## हुसैनाबाद के लोहबंधा में रमजान माह के अलविदा जुम्मे पर मुस्लिम समुदाय ने अदा की नमाज

स्वतंत्र प्रभात



**हुसैनाबाद/ पलामू/ झारखंड-** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के विभिन्न मस्जिदों में रमजान महिने के आखिरी अलविदा जुम्मे की नमाज शुक्रवार को बड़े ही अदब के साथ अदा की गई। पारंपरिक लिबास में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अल्लाह व रसूल की शान में अलविदा जुम्मे की नमाज में सजदा किया। उक्त प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती महुडंड पंचायत अंतर्गत लोहबंधा गांव के मदिना मस्जिद में भी देखा गया कि काफी संख्या में लोगों ने रमजान माह का आखिरी जुम्मे अलविदा की नमाज इमामत प्रशिक्षणरत मौलाना गुलाम गौस कादरी के अगुवाई में सभी मौजूद मुस्लिम धर्मावलंबियों ने अल्लाह के बारगाह में हाथ उठाकर अपने मुल्क और अपने इलाके के लिए अमन चैन की दुआएं मांगी।

मालूम हो कि इस्लाम धर्म के रमजान महिने में जरुरत मंदों की मदद और खुदा के बताए रास्ते पर चलने वालों पर अल्लाह अपनी रहमत बरसाता है। इस्लाम धर्म में बारह महीने में एक यह महिना रमजान शरीफ़ सबसे ज्यादा अफजल (पवित्र) महीना माना गया है। इस महिने में बाड़ा बा बरकत का महीना माना जाता है। इसी महीने में इस्लाम धर्म का सबसे अफजल (पवित्र) कूरॉन शरीफ नाजिल हुई है। इस महीने में रोजा रखना फर्ज हुआ करता है व कूरॉन शरीफ को इस महिने में ज्यादा से ज्यादा तिलावत करना सवाब ए जरिया है।

इस पाक महीने में हलाल रोजी से गरीब और जरूरतमंद लोगों को सदका ए फितरा दिया जाता है। जिससे यह मिलने वाले इस रूपए से बेसहारा लोगों को सहारा मिल जाता है। और इस्लाम धर्म के अनुसार सदका फितरा मालिक निसाब पर फर्ज है। मुस्लिम समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति पर इस साल 65-70 रूपए फितरा देना जरूरी माना गया है। जिससे गरीब जरूरतमंद व असहाय लोगों को मदद मिल सके और खुशी - खुशी से अपने परिवारों के साथ ईद का त्योहार मना सके। विदीत हो कि रविवार को चांद के एतबार से अपने भारत मुल्क में सोमवार को ईद की त्योहार मनाएं जाने की उम्मीद है।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के साथ की बैठक

**● निर्वाचन के गाइडलाइंस को ध्यान में रखकर करें कार्य इसमें किसी प्रकार के शॉर्टकट की जगह नहीं- के. रवि कुमार**

स्वतंत्र प्रभात




**रांची, झारखंड-** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं ईआरओ को अपने स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक करने का निर्देश प्राप्त है। राजनीतिक दलों से प्रप्त सुझावों का निर्वाचन के कानूनी प्रावधानों के अनुसार, इनके क्रियान्यवयन हेतु कार्य करें। श्री के. रवि कुमार शुक्रवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाची पदाधिकारियों के लिए भेजे गए पीपीटी पर भी विस्तृत रूप से चर्चा किया एवं इसे बेहतर करने हेतु सूझाव भी मांगे। के रवि कुमार ने कहा है कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों अथवा मतदाताओं द्वार मतदाता पहचान पत्र से संबंधित मामले संज्ञान में लाए जाते हैं उनका ससमय निष्पादन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि समय समय पर हो रहे मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रमों एवं सबों के सम्मिलित प्रयास से मतदाता सूची में सुधार हुआ है। मतदाताओं के पंजिकरण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइंस को ध्यान में रखकर सभी कंप्यूटर ऑपरेटर कार्य करें वे किसी प्रकार के शॉर्टकट का इस्तेमाल न करें इससे गलतियों की संभावना अधिक होती है। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। इस पुस्तिका में विधानसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित आंकड़ों को साझा किया गया है । इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, ईआरओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भारतीय नवसंवत्सर - युगधर्म का उद्घोष बने

भारत में चैत्र मास की शुक्ल प्रतिपदा तिथि (युगादि तिथि) से हिंदू नव वर्ष की अर्थात विक्रम संवत की शुरुआत होती है। इस वर्ष यह पावन दिन(सवंत 2082 का प्रथम दिवस) भारत में सरकारी कामकाज के लिए स्वीकृत ग्रेग्रियन कैलेंडर जिसे हम अंग्रेज़ी/ईसाई कैलेंडर भी कहते हैं के अनुसार 30 मार्च,2025 को आ रहा है। शासन स्तर पर अंग्रेजी कैलेंडर के प्रचलन में होने के बाबजूद भारत अपनी धार्मिक, सामाजिक तथा अन्य सांस्कृतिक परंपराओं के निर्वहन के लिए भारतीय कैलेंडर को सदियों से महत्व देता रहा है।भारत की ही तरह कुछ और देश भी है जो पूरी तरह ग्रेग्रेरियन कैलेंडर को नहीं मानते हैं तथा धार्मिक आदि कारणों से अपने देश के कैलेंडर को भी महत्व देते हैं जैसे ईरान, अफगानिस्तान (हिजरी कैलेंडर), इथियोपिया (इथियोपियन कैलेंडर), नेपाल (विक्रम संवत),सऊदी अरब (इस्लामिक हिजरी कैलेंडर), चीन (चीनी चंद्र कैलेंडर), भारत (विक्रम संवत), इजरायल (हिब्रू कैलेंडर) आदि।

हिन्दूओं द्वारा नव संवत्सर के प्रथम दिवस को नव वर्ष की शुरुआत के रूप में मान्यता देने के पीछे कई ठोस सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, वैज्ञानिक तथा अध्यात्मिक कारण है।ऐसी मान्यता है कि इस तिथि पर ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना आरंभ की थी(ब्रह्मपुराण) तथा कालगणना (समय-गणना) प्रारंभ की थी। इसी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम तथा धर्मराज युधिष्ठिर का राज्याभिषेक हुआ था ,इसी तिथि से सतयुग आरंभ हुआ था, इसी तिथि से चैत्र नवरात्र(देवी अराधना का पर्व) आरंभ होती है तथा इसी दिन 1875 को जागरूकता और पुनर्जागरण के प्रतीक आर्य समाज की स्थापना हुई।भारतीयों के लिए नवसंवत्सर इस लिए भी अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि इसकी शुरुआत न्याय के प्रतीक महाराजा विक्रमादित्य ने की थी जो वैदिक ज्योतिषीय गणनाओं पर आधारित है तथा प्राकृतिक चक्रों के अनुरूप है।वैज्ञानिक और खगोलीय दृष्टिकोण से नव संवत्सर के प्रथम दिवस पर सूर्य संक्रांति काल में होता है, चंद्रमा शुक्ल पक्ष में होता है तथा वसंत विषुव के निकट होती है अथार्त सूर्य और चंद्रमा दोनों उच्च ऊर्जा में होते हैं। प्रकृति नया चक्र शुरू कर रही होती है मसलन पेड़-पौधे नई कोंपलों को जन्म दे रहे होते हैं, फसलें पक चुकी होती हैं या पकने की स्थिति में होती हैं, और मौसम का मिजाज बदल रहा होता है।यह तिथि इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि यह लगभग संपूर्ण भारत में भारतीय नववर्ष के प्रथम दिवस के रूप में स्वीकार है, और अधिकांश भारतीय भी उसी रूप में इसका पूरे हर्ष और उल्लास से स्वागत करते हैं जैसे महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश आदि गुड़ी पड़वा के रूप में,आंध्र प्रदेश और कर्नाटक उगादि के रूप में तथा राजस्थान थापना के रूप में। वहीं सिंधी समाज इस तिथि को चेती चाँद के रूप में तथा कश्मीरी पंडितों द्वारा इस तिथि को नवरेह के रूप में मनाया जाता है।


एक विचार आता है कि अंग्रेजी कैलेंडर तथा इसकी 1 जनवरी को नववर्ष के प्रथम दिवस के रूप में वैश्विक मान्यता प्राप्त है। भारत में भी अंग्रजों के शासनकाल से ही इस कलैंडर को सरकारी व निजी संस्थानों द्वारा व्यवहार में लाया जा रहा है, तथा इसकी एक जनवरी को नए साल की शुरुआती दिन के रूप में स्वीकारा जाता है। यह धर्म, जाति, भाषा या क्षेत्रीय भेदभाव से परे भी दिखाई देता है।जनता के मन में भी इसी कैलेंडर की तिथियां और माह रच-बस गए हैं, तथा अधिकांश जनता मन से या बेमन से या फिर मजबूरी बस जन्म,मरण, शादी की तिथि, नोकरी में आने की तिथि, नोकरी से सेवा निवृत्त होने की तिथि,पदोन्नति की तिथि, न्यायालय में केस दर्ज करने तथा केस मुक्त होने की तिथि,गृह प्रवेश तिथि, बेटा-बेटी के जन्म तथा विवाह की तिथि, स्कूल आदि में प्रवेश की तिथि आदि सभी महत्वपूर्ण कार्यों की तिथियों को याद रखने के लिए अंग्रेजी कैलेंडर पर निर्भर है तो फिर हिन्दू कैलेंडर (विक्रम संवत्सर) की चर्चा करना, उसके माह और तिथियों को स्मरण करना तथा उसके प्रथम दिवस को अंग्रेजी कलैंडर के नववर्ष के प्रथम दिन की तुलना में अधिक महत्व देने का क्या औचित्य है?

मेरा ऐसा मानना है कि हम भारतीयों को खुले मन से यह विचार करना होगा कि क्या अंग्रेजी नव वर्ष (1 जनवरी) पूरी तरह से पश्चिमी अवधारणा का प्रतीक नहीं है?, क्या यह हम भारतीयों को अपनी संस्कृति से दूर नहीं करता? क्या ऐसा करने से भारतीय परंपराएं और संस्कृति धीरे-धीरे कमज़ोर नहीं होती? क्या इसका कोई धार्मिक, प्राकृतिक, आध्यात्मिक आधार है? क्या इसके मनाने के तौर-तरीकों समाज में कृत्रिमता, अनैतिक गतिविधियाँ, उपभोक्तावाद को बढ़ावा नहीं देते? वहीं हमें इन प्रश्नों के उत्तर भी निष्पक्ष रूप से अपने आप से पूछना होगा कि क्या हमें प्रकृति, धर्म, संस्कृति, और परंपराओं से जुड़े तथा हिन्दू (हिन्दुस्तान) कैलेंडर को महत्व देते हुए नववर्ष के प्रथम दिवस 'गुड़ी पड़वा'को हर्ष और उल्लास से नहीं मनाना चाहिए?, क्या भारतीयों को अपनी संस्कृति की रक्षा और पहचान को बनाए रखने के लिए जाति, धर्म, राज्य से ऊपर उठकर नव संवत्सर को अधिक महत्व नहीं देना नहीं चाहिए? मेरा ऐसा मानना है कि हमें अंग्रेजी कैलेंडर तथा हिन्दू कैलेंडर के नववर्ष शुरुआत की तुलनात्मक विवेचना कर के भी देखना चाहिए। यदि हम ऐसा करते हैं तो पाते हैं कि नव संवत्सर का प्रथम दिवस हमारी अपनी परंपराओं, इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा है, जबकि अंग्रेजी कैलेंडर की 1 जनवरी पश्चिमी परंपरा का हिस्सा है, औपनिवेशिक मानसिकता तथा सांस्कृतिक गुलामी का प्रतीक है।1 जनवरी सिर्फ एक औपचारिक तिथि परिवर्तन है, जबकि नव संवत्सर की गुड़ी पड़वा वास्तव में एक नव वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है।नव संवत्सर की गुड़ी पड़वा चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को आती है, इसके विपरीत 1 जनवरी का कोई विशेष खगोलीय या प्राकृतिक महत्व नहीं होता; यह सिर्फ ग्रेगोरियन कैलेंडर का पहला दिन है, जिसे यूरोप में ईसाई धर्म के विस्तार के साथ अपनाया गया।नव संवत्सर धर्म, सत्कर्म, शक्ति और ज्ञान की उपासना का समय है, तथा इसे एक पर्व के रूप में उपवास, हवन और पूजा-पाठ के साथ मनाया जाता है, जो मानसिक शुद्धता और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है।जबकि 1 जनवरी आतिशबाजी, पश्चिम रंग में ढली पार्टी, मौज मस्ती और दिखावे का माध्यम बन चुका है।हिंदू नव वर्ष (नव संवत्सर) से नवऋतु (वसंत) का आगमन होता है, जिससे पर्यावरण में भी नयापन आता है। जबकि अंग्रेजी नववर्ष की शुरुआत ऐसी किसी नयेपन की ओर संकेत नहीं करती।हिन्दू नव वर्ष के प्रथम दिवस को सैलिब्रेट करने में हमें संस्कृति, परंपरा,धर्म, अध्यात्म, इतिहास, प्रकृति, विज्ञान, राष्ट्रीय एकता, स्वास्थ्य और सकारात्मकता का संकेत और दृष्टि स्पष्ट दिखाई देती है जबकि अंग्रेजी नववर्ष का इन सबसे कोई लेना देना नहीं है। मुझे लगता है कि यह संवत्सर यह भी प्रश्न करता है कि क्या तुम्हारी आधुनिकता में संस्कृति का प्राण बसता है? क्या विकास की अट्टालिकाओं में संस्कारों के दीप जलते हैं?या तुम उस पश्चिमी हवा में अपने मूल को ही तज बैठे हो? अतः मेरा सभी भारतवासियों से आग्रह है कि -यह नवसंवत्सर केवल तिथि नहीं, यह युगधर्म का उद्घोष है। यह तुम्हें पुकारता है– अपने अभ्युदय की ओर, अपने आत्मबोध की ओर, अपने स्वर को पहचानने की ओर। चेतना के इस प्रभात में अपने पूर्वजों के स्वप्नों को स्वर दो, संस्कृति को अभ्युदय दो, परंपरा को गति दो, और इस नवसंवत्सर को सच्चे अर्थों में नव बनाओ!

**डा मनमोहन प्रकाश**

# संपादकीय

## मुंह में राम, बगल में छुरियां आखिर क्यों ?



मेरे तमाम पाठक मश्विरा देते हैं कि मुझे अब भाजपा और मोदी जी को बख्श देना चाहिए ,क्योंकि ये दोनों मुझे बीमार कर सकते है। ऐसे मित्रों को मैं अक्सर कहता हूँ कि भाजपा और मोदी जी ने मेरी भैंस नहीं खोली,इसलिए उनसे मेरी कोई अदावत नहीं है । मैं इन दोनों के खिलाफ नहीं बल्कि सत्ता प्रतिष्ठान को केंद्र में रखकर लिखता हूँ । कल यहां कोई और होगा, आज यहां भाजपा और मोदी जी हैं। आज भी मैं भाजपा और मोदी जी को मश्विरा देने जा रहा हूँ कि -देश सेवा करना है तो अब मुंह में राम और बगल में छुरियां रखना बंद कर देना चाहिए।

मैं न मुसलमान हूँ और न रोजा रखता हूँ, लेकिन मैं भाजपा के इस ऐलान से खुश हुआ था कि आने वाली ईद को मुल्क के 32 लाख मुसलमानों को ,गरीब मुसलमानों को सौगात-ऐ- मोदी बांटी जाएगी, लेकिन मेरी ख़ुशी केवल एक दिन टिकी और उस समय काफूर हो गयी जब भाजपा शासित अनेक राज्य सरकारों ने मुसलमानों की खुशियां छीनने वाले फैसले कर डाले। अब या तो राज्य सरकारें माननीय मोदीजी को नीचा दिखाना चाहतीं हैं या फिर मोदी जी के इशारे पर ही मुसलमानों को दुखी करने वाले फैसले कर रहीं हैं। खबर हरियाणा से आयी है कि हरियाणा सरकार ने मुसलमानों को ईद पर मिलने वाली सरकारी छुट्टी रद्द कर दी है। तर्क ये है कि ईद की छुट्टी को गजेटेड हॉलीडे के बजाय रेस्ट्रिक्टेड हॉलीडे किया गया है। सरकारी अधिसूचना के मुताबिक सप्ताहांत होने के चलते शनिवार और रविवार (29 और 30 मार्च) को छुट्टी होगी. इसी बीच 31 मार्च (सोमवार) को फाइनेंशियल ईयर का कलोजिंग डे है. इसलिए सरकारी की ओर से यह फैसला लिया गया है । भारतीय रिजर्व बैंक ये कदम उठती है तो समझ आता है ,उसने ये कदम उठाया भी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने सभी बैंक को 31 मार्च को काम करने और सभी सरकारी लेन-देन पूरा करने के निर्देश दिए हैं. यानी ईद की छुट्टी सस्पेंड कर दी गई है और सभी बैंकिंग सुविधाएं जारी रहेंगी लेकिन हरियाणा को छोड़ किसी और सूबे ने ये अक्लमंदी नहीं दिखाई।

मोदी जी कितने उदार हैं लेकिन उनकी पार्टी की सरकारें उतनी ही कठोर हो रही है। मोदी जी के चिर प्रतिद्वंदी माने जाने वाले उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार और नौकरशाही हरियाणा से भी आगे निकल गयी। मेरठ में पुलिस प्रशासन ने ईद की नमाज को लेकर सख्त आदेश जारी करते हुए सड़कों पर नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी है। इस आदेश पर अब प्रदेश में सियासत हो रही है। एनडीए की सहयोगी और केंद्र सरकार में मंत्री जयंत चौधरी ने मेरठ पुलिस के इस फैसले का विरोध किया है और उसकी तुलना ऑरवेलियन 1984 की पुलिसिंग से की है। उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर ये पोस्ट किया है। संभल में पीस कमेटी की बैठक बुलाकर सबको नसीहत दी गई है कि कोई मस्जिद के अलावा कहीं नमाज़ पढ़ता हुआ दिखाई दिया, तो सख्त एक्शन होगा।

हरियाणा और उत्तर प्रदेश से भी एक कदम आगे 27 साल बाद दिल्ली में आयी भाजपा की सरकार नवरात्रि पर दिल्ली में मांस की दुकानें बंद करने पर आमादा है। दिल्ली में मीट और मछली की बिक्री को लेकर सरकार ने बड़ा फैसला किया है। दिल्ली में गैरकानूनी रूप से मीट, मछली बेचने पर रोक लगाई गई है। दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस संबंध में प्रवेश वर्मा ने कहा कि राजधानी में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह गैरकानूनी मीट, मछली बेचने वाली यूनिट को खत्म करें। मंत्री प्रवेश वर्मा ने साफ कहा कि कोई भी व्यक्ति गैर-कानूनी रूप से मीट और मछली नहीं बेचना चाहिए।अब इस फैसले से कौन खुश होगा और कौन नहीं ये सब बताने की जरूरत नहीं है। यानि इस बार भले ही मोदी जी की तरफ से गरीब मुसलमानों को सौगात बांटने का ऐलान किया गया हो किन्तु भाजपा शासित सरकारों ने तमाम तरह की पाबंदियां लगाकर ईद का मजा तो पहले से ही किरकिरा कर दिया है।

इस मुल्क में सड़क पर कांवड़ यात्राएं वर्षो से निकल रहीं है। धार्मिक जुलूस निकाले जाते है । हर धर्म के लोग जुलूस निकलते हैं लेकिन परेशानी अलविदा की नमाज से है। अलविदा की नमाज से क़ानून और व्यवस्था की स्थिति खराब होती है। अरे मिया ! सड़क पर नमाज कोई पूरे दिन तो नहीं होती ! कुछ देर के लिए उसी तरह ट्रेफिक को मोड़ा जा सकता है जिस तरह मंत्रियों की सभाओं के लिए मोड़ा जाता है ,लेकिन ये कसरत कौन करे? क्यों करे ? मुसलमान इस मुल्क के नागरिक थोड़े ही हैं। सारी पाबंदियां उन्हीं के लिए हैं। बहुसंख्यक महाराष्ट्र के अहिल्यनगर में ख्वाजा चिश्ती की दरगाह पर बवाल काट सकते हैं,वहां भगवा फहरा सकते हैं। शायद यही गजबा -ऐ-हिन्द का जबाब भगवा -ऐ- हिन्द है और वो भी सरकार की तरफ से। गनीमत है कि ईद के चाँद पर हमारी भाजपा सरकार का नियंत्रण नहीं है अन्यथा ये भी मुमकिन था की चाँद को या तो निकलने ही नहीं दिया जाता या फिर उन मोहल्लों में चादरें तान दी जातीं हैं जहाँ चाँद देखना एक रिवायत है।

**राकेश अचल**

# कर्मचारियों को राष्ट्रीय पेंशन, एकीकृत पेंशन के साथ पुरानी पेंशन का भी विकल्प दे सरकार




जिस देश की संसद में शोर की तुलना कौओं की कांव कांव से होती हो। जहां चप्पलों, जूतों, कुर्सियों को हथियारों के रूप में प्रयोग किया जाता हो। जहां असंसदीय शब्दों का प्रयोग कर उन्हें कार्रवाई से निकालने की आवश्यकता पड़ती हो, उस देश में बिना किसी शोर-शराबे, बिना किसी बहस, बिना किसी विरोध के सांसदों के वेतन, भत्तों और पेंशन में चौबीस प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव पास हो गया। सत्ता पक्ष चुप, विपक्ष भी चुप। कोई बहस नहीं, कोई चर्चा नहीं। ऐसा लगा मानो यह कोई राष्ट्रीय एकता का क्षण हो, जहाँ सभी दलों ने एक स्वर में कहा, ऐसे बिलों पर हम एक थे, एक हैं और एक रहेंगे। कमाल की बात यह कि इस वृद्धि से न तो देश की अर्थव्यवस्था पर कोई बोझ पड़ा, न ही विकास की गति में कोई बाधा आई। ऐसा लगता है जैसे कि सांसदों के वेतन और पेंशन का पैसा संयुक्त राष्ट्र संघ से आता हो, या फिर कोई अदृश्य दैवीय शक्ति इसकी व्यवस्था करती हो। क्योंकि अगर यही वेतन वृद्धि या पेंशन की बात कर्मचारियों के लिए की जाए, तो तुरंत अर्थव्यवस्था के डूबने की बात शुरू हो जाती है। अखबारों में मोटी मोटी सुर्खियों में लिखा जाता है कि कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाने से देश पर कितना आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा।

दूसरी ओर, कर्मचारियों के लिए एक नई अधिसूचना जारी की गई है। इस अधिसूचना के अनुसार एकीकृत पेंशन योजना (UPS) को थोपने की तैयारी है। कर्मचारियों के सामने दो विकल्प रखे गए हैं- या तो स्वीकार करो, या फिर राष्ट्रीय पेंशन योजना (NPS) में बने रहो। यह ऐसा ही है जैसे किसी को कहा जाए कि तुम या तो तुम सौ प्याज खा लो या फिर सौ कोड़े खाओ! लेकिन प्रश्न यह है कि पेंशन के तीन विकल्प होते हुए कर्मचारियों को चुनने के लिए दो ही क्यों दिए जा रहे हैं? स्वतंत्रता के पश्चात से लागू पुरानी पेंशन योजना (OPS) को विकल्पों की इस सूची में शामिल क्यों नहीं किया गया। सांसद जो वास्तव में जनसेवक होते हुए वेतन या पेंशन के हकदार भी नहीं बनते, उनके वेतन भत्तों में चौबीस प्रतिशत की वृद्धि। कर्मचारी जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं, उन्हें ठेंगा।

संसद में बैठने वाले हमारे माननीय जनप्रतिनिधियों के लिए पैसा कोई समस्या नहीं है। चौबीस प्रतिशत की वृद्धि कोई छोटी-मोटी बात नहीं है। एक आम कर्मचारी के लिए इतनी वृद्धि का सपना देखना भी एक गहन अपराध माना जा सकता है। लेकिन सांसदों के लिए यह बस एक औपचारिकता है। न कोई बहस, न कोई प्रश्न। यहाँ तक कि विपक्ष, जो हर छोटी-बड़ी बात पर हंगामा करने के लिए तैयार रहता है, इस मुद्दे पर खामोश रहा। जैसे कि किसी ने बाहर से आकर कह दिया हो, खामोशज्ज । शायद इसलिए कि यहाँ निजी हित की बात थी, और निजी हित के आगे राष्ट्रीय हित गौण हो जाता है।

सांसदों को मिलने वाले भत्तों की सूची देखें तो लगता है कि ये लोग किसी दूसरे ग्रह से आए हैं, जहाँ महँगाई, गरीबी और आर्थिक संकट जैसी समस्याएँ नहीं होतीं। मुफ्त आवास, मुफ्त यात्रा, चिकित्सा सुविधाएँ, और अब पेंशन में भारी वृद्धि। यह सब तब हो रहा है जब देश की अर्थव्यवस्था को लेकर हर दूसरी खबर में चिंता जताई जा रही है। लेकिन सांसदों के लिए यह सब जायज़ है। आखिर वे देश के ÷निर्माता÷ हैं, और निर्माताओं को तो विशेष सुविधाएँ मिलनी ही चाहिए।

अब बात करते हैं उस मेहनतकश वर्ग की, जो वास्तव में देश को चलाता है—सरकारी कर्मचारी। इनके लिए न तो वेतन वृद्धि इतनी आसानी से होती है, न ही पेंशन की कोई गारंटी। नई अधिसूचना के तहत कर्मचारियों को UPS और NPS के बीच चुनने को कहा जा रहा है। UPS को "एकीकृत" कहकर इसे कोई क्रांतिकारी कदम बताया जा रहा है, लेकिन हकीकत में यह एक और बोझ है। NPS तो पहले से ही कर्मचारियों के गले की फाँस बना हुआ है, जहाँ उनकी पेंशन बाज़ार के उतार-चढ़ाव पर निर्भर करती है। क्या यह उचित है कि जिस कर्मचारी ने अपना यौवन देश की सेवा की में समर्पित कर दिया वह बुढ़ापे में मजदूरी करता फिरे।

पुरानी पेंशन योजना एक ऐसा विकल्प था, जो कर्मचारियों को निश्चितता और सम्मान देता था। इसमें सरकार उनकी पेंशन की गारंटी लेती थी, जो उनकी मेहनत का उचित प्रतिफल था। लेकिन पुरानी पैशन योजना को खत्म कर राष्ट्रीय पेंशन योजना को लाया गया, और अब एकीकृत पेंशन योजना के नाम पर एक और प्रयोग हो रहा है। सवाल यह है कि जब सांसदों को पेंशन में चौबीस प्रतिशत की वृद्धि दी जा सकती है, तो कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने में क्या दिक्कत है? क्या कर्मचारी इस देश के नागरिक नहीं हैं? क्या उनके परिश्रम की कोई कीमत नहीं है?

यहाँ सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि अर्थव्यवस्था पर बोझ का ढोंग क्यों? जब सांसदों के वेतन और पेंशन बढ़ाने की बात आती है, तो कोई नहीं पूछता कि पैसा कहाँ से आएगा। लेकिन जैसे ही कर्मचारियों की पेंशन की बात होती है, तुरंत कहा जाता है कि इससे देश डूब जाएगा, इतना पैसा आएगा कहां से? यह दोहरा मापदंड क्यों? क्या सांसदों की सुविधाएँ अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं करतीं? या फिर यह मान लिया गया है कि सांसदों का योगदान इतना अनमोल है कि उसकी कोई कीमत नहीं आँकी जा सकती? सच्चाई यह है कि कर्मचारी देश की रीढ़ हैं। वे शिक्षक हैं, जो बच्चों को पढ़ाते हैं; वे स्वास्थ्यकर्मी हैं, जो जान बचाते हैं; वे प्रशासनिक अधिकारी हैं, जो व्यवस्था चलाते हैं। लेकिन इनके लिए सरकार के पास न तो पैसा है, न ही संवेदना। दूसरी ओर, सांसदों के लिए खजाना हमेशा खुला रहता है। यह विडंबना नहीं तो और क्या है?

कर्मचारियों के सामने जो दो विकल्प रखे गए हैं—एकीकृत पेंशन योजना और राष्ट्रीय पेंशन योजना—वे वास्तव में कोई विकल्प ही नहीं हैं। दोनों ही योजनाएँ अनिश्चितता और असुरक्षा से भरी हैं। ऐसे में तीसरा विकल्प देना जरूरी है, और वह है पुरानी पेंशन योजना। पुरानी पेंशन योजना को बहाल करना न केवल कर्मचारियों के हित में है, बल्कि यह सामाजिक न्याय की मांग भी है। जब सांसद अपनी पेंशन बढ़ा सकते हैं, तो कर्मचारियों को उनकी पुरानी पेंशन से वंचित क्यों रखा जाए?

पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने से कर्मचारियों को सम्मानजनक जीवन मिलेगा। यह उनकी मेहनत का उचित प्रतिफल होगा। साथ ही, इससे अर्थव्यवस्था में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि पेंशन पाने वाले कर्मचारी अपने पैसे को बाज़ार में खर्च करेंगे, जिससे माँग बढ़ेगी और विकास को गति मिलेगी। लेकिन शायद सरकार को यह बात समझ नहीं आती, या समझना नहीं चाहती।

सांसदों की चौबीस प्रतिशत वेतन-पेंशन वृद्धि और कर्मचारियों पर एकीकृत पेंशन योजना थोपने की नीति देश में बढ़ती असमानता का प्रतीक है। एक ओर वे हैं, जिनके लिए पैसा पानी की तरह बहाया जाता है; दूसरी ओर वे, जिनके लिए हर सुविधा बोझ बन जाती है। यह समय है कि सरकार अपने दोहरे मापदंड को छोड़े और कर्मचारियों को उनका हक दे। पुरानी पेंशन योजना को तीसरे विकल्प के रूप में शामिल करना न केवल जरूरी है, बल्कि यह लोकतंत्र की सच्ची भावना को भी दर्शाएगा। आखिर, देश वही चलता है, जो मेहनत करता है—और मेहनत करने वालों का सम्मान होना चाहिए।

**बलदेव राज भारतीय**

## बंद लोकतांत्रिक विरोध का प्रभावी माध्यम या जनजीवन में अवरोध

पत्रकार, स्तंभकार एवं आलोचक हंसराज चौरसिया की कलम से विशेष



भारतीय लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन एक महत्वपूर्ण घटक रहा है, जो नागरिकों को अपनी असहमति प्रकट करने और शासन को जवाबदेह बनाने का अवसर प्रदान करता है। इनमें से बंद' एक प्रमुख साधन रहा है, जिसका उपयोग राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और श्रमिक संघों द्वारा सरकार की नीतियों के खिलाफ किया जाता रहा है। यह सरकार के प्रति जनाक्रोश को दर्शाने का एक प्रभावी तरीका माना जाता है, विशेष रूप से तब जब अन्य लोकतांत्रिक माध्यमों से विरोध को अनसुना कर दिया जाता है। लेकिन इसके प्रभावों पर विचार करना भी आवश्यक है। जब किसी राज्य या राष्ट्र में बंद का आह्वान किया जाता है, तो आर्थिक, सामाजिक और प्रशासनिक गतिविधियाँ ठप हो जाती हैं। परिवहन व्यवस्था बाधित होती है, व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहते हैं, दैनिक वेतनभोगी मजदूरों की आजीविका प्रभावित होती है, और आम जनता को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा, कई बार बंद हिंसक रूप धारण कर लेता है, जिससे सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचता है और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ जाती है। इस संदर्भ में यह विचार करना महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या बंद वास्तव में लोकतांत्रिक अधिकार का एक प्रभावी उपयोग है, या फिर यह जनता के लिए अवरोध का कारण बनता है जबकि बंद के समर्थकों का मानना है कि यह नागरिकों के आक्रोश को व्यक्त करने और सरकार को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करने का एक प्रभावी तरीका है। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में, जहाँ सरकार कई बार जनता की भावनाओं और जरूरतों की अनदेखी कर देती है, वहाँ बंद जनता की सामूहिक शक्ति को प्रदर्शित करने का एक प्रभावशाली माध्यम हो सकता है। इतिहास गवाह है कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधी द्वारा असहयोग आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन के तहत आयोजित बंदों ने ब्रिटिश हुकूमत की नींव हिला दी थी। आपातकाल के दौरान भी विरोध प्रदर्शनों और बंद ने लोकतंत्र की पुनर्स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हाल ही में, कृषि कानूनों के खिलाफ किसान संगठनों द्वारा किए गए भारत बंद ने सरकार को कानून वापस लेने पर मजबूर किया। इसी तरह, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, महंगाई, श्रम कानूनों में संशोधन, और आरक्षण नीति जैसे मुद्दों पर विभिन्न संगठनों द्वारा आयोजित बंदों ने सरकार को जनता की चिंताओं पर विचार करने के लिए विवश किया है। हालांकि, बंद का दूसरा पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। जब कोई राजनीतिक दल या संगठन बंद का आह्वान करता है, तो आम नागरिक सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। सरकारी और निजी कार्यालयों में कामकाज ठप हो जाता है, जिससे आर्थिक नुकसान होता है। दिहाड़ी मजदूर, जो दिनभर काम करके अपनी रोजी-रोटी कमाते हैं, उन्हें सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसके अलावा, बंद के दौरान कई बार हिंसा, आगजनी, और तोड़फोड़ की घटनाएँ सामने आती हैं। सार्वजनिक परिवहन सेवाएँ बंद हो जाती हैं, जिससे आवश्यक सेवाओं तक लोगों की पहुँच बाधित होती है। अस्पताल जाने वाले मरीज, परीक्षा देने जा रहे छात्र, और दफ्तर जाने वाले कर्मचारी सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। कुछ मामलों में, बंद स्वेच्छा से कम और जबरन अधिक लागू किया जाता है। दुकानदारों और व्यापारियों को मजबूर किया जाता है कि वे अपने प्रतिष्ठान बंद रखें, अन्यथा उनके खिलाफ बल प्रयोग किया जाता है। यह स्थिति लोकतांत्रिक अधिकार के दुरुपयोग का उदाहरण बन जाती है। भारतीय न्यायपालिका ने कई मौकों पर बंद के प्रभावों पर चिंता व्यक्त की है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने विभिन्न फैसलों में स्पष्ट किया है कि विरोध के अधिकार का उपयोग इस प्रकार किया जाना चाहिए कि इससे आम जनता की स्वतंत्रता और अधिकार बाधित न हों। 2004 में केरल हाईकोर्ट ने अपने ऐतिहासिक फैसले में बंद को असंवैधानिक करार दिया था, यह कहते हुए कि यह नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी समय-समय पर यह स्पष्ट किया है कि विरोध के नाम पर हिंसा, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान और आम जनता को परेशान करना अस्वीकार्य है। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार अनिवार्य है, लेकिन इसकी सीमा वहीं तक होनी चाहिए, जहाँ तक यह अन्य नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन न करे। यह आवश्यक है कि विरोध प्रदर्शनों के तरीकों में रचनात्मकता और शांति को प्राथमिकता दी जाए। आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया अभियानों, ऑनलाइन याचिकाओं, शांतिपूर्ण रैलियों, और ज्ञापन सौंपने जैसे विकल्पों पर भी विचार किया जाना चाहिए। कई देशों में प्रदर्शनकारियों ने नए और रचनात्मक तरीकों से विरोध व्यक्त किए हैं, जो बिना किसी हिंसा या असुविधा के प्रभावशाली साबित हुए हैं। बंद का अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रत्येक भारत बंद से अर्थव्यवस्था को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान होता है। उत्पादन गतिविधियाँ ठप हो जाती हैं, व्यापार प्रभावित होता है, और विदेशी निवेशकों के मन में नकारात्मक छवि बनती है। छोटे और मध्यम स्तर के व्यापारियों के लिए तो बंद किसी आपदा से कम नहीं होता। वे पहले से ही बढ़ती महंगाई और करों के बोझ तले दबे होते हैं, और बंद के कारण उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ता है। जबकि बंद लोकतांत्रिक विरोध का एक महत्वपूर्ण माध्यम हो सकता है, लेकिन इसका उपयोग जिम्मेदारीपूर्वक किया जाना चाहिए। किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वह जनता के समर्थन से कितना जुड़ा हुआ है।

यदि विरोध के तरीके से आम जनता को परेशानी होती है, तो इसका मूल संदेश ही कमजोर पड़ जाता है। सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच संवाद को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। सड़कों पर उतरकर बंद आयोजित करने के बजाय, चर्चा, वाद-विवाद और जनमत संग्रह जैसे तरीकों को अपनाया जा सकता है। इसके अलावा, सरकार को भी यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह जनता की आवाज़ को सुने और उनकी शिकायतों का समाधान करे, ताकि लोगों को बंद जैसे कदम उठाने की आवश्यकता ही न पड़े। अंततः विरोध का उद्देश्य सकारात्मक बदलाव लाना होना चाहिए, न कि जनता को परेशान करना। लोकतंत्र की शक्ति जनता की सहभागिता में निहित है, और यह सहभागिता तभी प्रभावी होगी जब विरोध के तरीके शांतिपूर्ण और जनहितकारी होंगे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ल, मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त ख़बरें

## साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में कार और ट्रक में हुई भीषण टक्कर



**बलिया** यूपी के नगरा बिलथरा मार्ग के पडरी मोड़ पर साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर सामने से आ रही ट्रक से टकरा गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरा ब्लाक पत्रकार खुर्शीद आलम ने ज़िला संवाददाता सैयद सेराज अहमद को जानकारी देते हुए बताया कि हादसे में कार में सवार दो महिलाओं समेत पांच लोग घायल हो गए। आस पास की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल पर पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद हालत को गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दोनों वाहनों को पुलिस अपने कब्जे में लेकर छानबीन कर रही है। बताया जा रहा है कि कर में सवार लोगों का ताल्लुक बिहार के गोपालगंज के उचका थाना से है। जो कैथी के मिथलेश राय के परिवार के सदस्यों के साथ मिर्जापुर के विंध्याचल देवी का दर्शन करके वापस लौट रहे थे। इस दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया जबकि उसमें सवार मिथलेश राय, रिंकी देवी, दिनेश सिंह, 13 वर्षीय युवराज, 17 वर्षीय राजनंदिनी तथा 50 वर्षीय सुगंती देवी गंभीर रूप से घायल हो गए।

## यांशी ने लहराया प्रतिभा का परचम

नवोदय परीक्षा में पायी श्रेष्ठतम अंक



**गोला बाजार गोरखपुर।** गोला ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय आनंदगढ़ के पांचवी की छात्रा यांशी ने राज्य स्तरीय विद्याज्ञान तथा नवोदय प्रवेश परीक्षा में श्रेष्ठतम अंक प्राप्त किया है। जनपद के परिषदीय विद्यालयों से मात्र दो छात्र इस परीक्षा में सफल हुए है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती रंजना पांडेय ने बताया कि यांशी शुरू से ही पढ़ाई में काफी होशियार थी। इसकी सफलता से विद्यालय परिवार को काफी खुशी है। यांशी की सफलता पर गोला ब्लॉक सभागार में खण्ड शिक्षा अधिकारी उदय शंकर राय व बी डी ओ गोला दिवाकर सिंह ने सम्मानित किया है। इस छात्रा की सफलता पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गोरखपुर रमेन्द्र कुमार सिंह ,बी ई ओ गोला, अखिल भारतीय माध्यमिक शिक्षक संघ के बरिष्ठ जिलाउपाध्यक्ष हरेकृष्ण दुबे, मनोज त्रिपाठी, नृपेंद्र सिंह,अमितमिश्रा, अजयशुक्ल, सुशीलकुमार सिंह, प्रभाकर मिश्र, उपेंद्र नाथ दुबे, विपिन मिश्रा, राम नयन शुक्ल, मुकुल राय, गंगाधर दुबे, मुकेश राय, आदि ने बधाई दिया है।

## वाराणसी विश्व सुंदरी पुल के नीचे पुलिस और बदमाशों से मुठभेड़ दो गिरफ्तार

ऑपरेशन चक्रव्यूह के दौरान रामनगर उजाला बैरियर के पास चेकिंग के दौरान जो संदिग्ध बाइक से आते दिखाई दिए पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो बाइक मुड़ा कर वो भागने लगे पुलिस में दोनों का पीछा करते हुए समर्पण कि चेतावनी देने पर उनमें से एक बदमाश ने पुलिस पर फायर झोंक दिया जवाबी कार्रवाही में बदमाश अजय साहनी के पैर में गोली लगी पुलिस ने उसे वह उसके साथी त्रिभुवन को गिरफ्तार कर लिया घायल अपराधी को अस्पताल इलाज के लिए वही उसका साथी अपराधी त्रिभुवन जो शातिर अपराधी है उसके ऊपर भेलूपुर थाने में 25000 का इनाम घोषित है फिलहाल दोनों को पूछताछ के बाद जेल भेजा जाएगा

उत्कृष्ट कार्य को लेकर भगवानपुर व हरपुर गांव हुआ मुख्यमंत्री अवार्ड में चयनित

## दोनों ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्पति देकर किया जाएगा सम्मानित

**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के दो ग्राम पंचायतों का मुख्यमंत्री अवार्ड में चयन हुआ है। इन ग्राम पंचायतों को बेहतर विकास कार्यो को लेकर यह उपलब्धि हासिल हुई है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगवानपुर और हरपुर मुख्यमंत्री अवार्ड में चयनित हुआ है। अब इन दोनों ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्पति देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रोत्साहन की धनराशि उनके खाते में आ चुकी है बताया जा रहा है कि प्रति ग्राम पंचायत रैंक के हिसाब से 10 से 35 लाख तक प्रोत्साहन राशि दी जाती है ताकि इस धनराशि से गांव का और भी बेहतर विकास हो सके। मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार उन ग्राम पंचायत को मिलता है, जिन ग्राम पंचायत में विद्यालय का कायाकल्प, पंचायत भवन आरआरसी सेंटर, सीएससी मनरेगा पार्क, अमृतसर सरोवर तथा स्वास्थ्य सुविधाएं संपूर्ण रूप से विकसित होती हैं। इन दोनों गांवों को इसके पूर्व आइसो द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया जा चुका होता है। नौतनवा ब्लाक के दो ग्राम पंचायत का मुख्यमंत्री अवार्ड में चयन होने पर खंड विकास अधिकारी अमित मिश्रा ने एडीओ पंचायत रामकृष्ण प्रसाद, सचिव योगेश मद्धेशिया, ग्राम प्रधान गणेश मद्धेशिया, एवं हरपुर के सचिव पुष्पेंद्र राय व ग्राम प्रधान गोपी को बधाई दिया है।

# खजनी में हादसा- आम की सूखी डाल गिरने से व्यक्ति की सन्दिग्ध हाल में मौत

● रजिस्ट्री बैनामा करवाने वाले उनकी बाइक पर साथ थे उन्होंने इस घटना की सूचना 112 और खजनी पुलिस क्यों नहीं दिए

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी गोरखपुर** खजनी थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां एक व्यक्ति की आम की सूखी डाल गिरने से मौत हो गई। घटना गुरुवार देर शाम की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिकरीगंज थाना क्षेत्र के घोड़सारी निवासी कमलेश शर्मा (55 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र शर्मा, अपनी जमीन की रजिस्ट्री करने खजनी तहसील गए थे। रजिस्ट्री पूरी करने के बाद गोबिंद यादव पुत्र अमरजीत गांव जयपाल पार के साथ खजनी बाजार की ओर जा रहे थे। तभी झरकटहा गांव के सामने सिकरीगंज खजनी रोड मुख्य मार्ग पर अचानक एक आम की सूखी डाल उनके ऊपर गिरने से घायल होने की बात सामने आया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

**इलाज के दौरान मौत होगई कुछ** – स्थानीय लोगों ने उन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान देर रात उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद से परिवार सदमे में है और इलाज के दौरान ही भागदौड़ करता रहा देर रात मामले की जानकारी मिलने पर खजनी थाना अध्यक्ष अर्चना सिंह ने मौके पर पहुंचकर जांच की। हालांकि, घटनास्थल पर कोई गिरी हुई डाल नहीं मिली। इसके बावजूद पुलिस मामले की जांच कर रही है और हादसे की वास्तविकता को समझने का प्रयास कर रही है।

परिवार ने नहीं दी पुलिस को सूचना मृतक कमलेश शर्मा के पुत्र राहुल शर्मा ने बताया बहन की शादी है चौदह दिन बाद है उसी सादी मे खर्च के लिए गाँव के वगल के एक व्यक्ति को खेत वैनामा किये थे वह लगभग 80 लाख रूपये नही दिये उसी पैसे को लेकर परेशान थे वाध्य हो कर उसी शादी में खर्च के लिए दुसरा बैनामा करने खजनी तहसील में गये वैनामा करके खजनी युनियन बैंक जा रहे उसके पहले ही हादसा हो गया पैसा कहां गया हमको नहीं मालुम लाश मेडिकल कॉलेज में आज पोस्टमार्टम होगा अब दाह संस्कार करने के बाद ही पता करेंगे। हैरानी की बात यह है कि मृतक के परिजनों ने अब तक खजनी थाना पर कोई सूचना नहीं दी है। पुलिस का कहना है कि वे जांच पूरी करने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचेंगे।

**इलाके में दहशत**– इस घटना के बाद से क्षेत्र में चर्चा और दहशत का माहौल है। लोग इसे एक दुर्लभ लेकिन खतरनाक घटना मान रहे हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस की जांच में क्या नया खुलासा होता है।

# वार्षिक परीक्षाफल में अथर्व विजयम् ब्वाय अंशिका बनी विजयम् गर्ल

●पुरस्कार वितरण समारोह

स्वतंत्र प्रभात

**रूद्रपुर, देवरिया।** विजयम् पब्लिक हाई स्कूल नारायणपुर में शुक्रवार को वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं में टाप किये बच्चों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र भी दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रबंधक डॉक्टर वीरेंद्र बहादुर राव ने अथर्व सिंह को विजयम् बॉय व अंशिका यादव को विजयम् गर्ल का खिताब दिया। इसके अतिरिक्त अनु यादव अभिषेक यादव वंदना यादव प्रगति यादव व स्नेहलता यादव को बेस्ट रेगुलर स्टूडेंट का अवार्ड दिया गया। वहीं अथर्व सिंह हरिओम यादव व धीरज यादव को स्वच्छता पुरस्कार तथा आलोक कुमार अंश यादव व तस्मिया खातून को अनुशासित छात्र का पुरस्कार मिला। इस अवसर पर प्रबंधक ने कहा कि पुरस्कार से बच्चे उत्साहित होते हैं और लगातार अच्छा करने का जज्बा मिलता है




प्रधानाचार्य अश्वनी द्विवेदी ने कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले सभी छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को उनकी मेहनत का फल मिलना ही चाहिए। खेल में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को गेम टीचर सुख सागर शुक्ला ने मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पवन साहनी बसंत यादव राम यादव शुभम त्रिपाठी के एम उपाध्याय संजय यादव रघुनाथ यादव विवेकानंद शुक्ला अखिलेश यादव शेरू त्रिपाठी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# गोरखपुर- हत्या के मामले में तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास, 25-25 हजार रुपये का अर्थदंड

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर**– वर्ष 2015 में जनपद गोरखपुर के थाना बड़हलगंज क्षेत्र में दर्ज एक हत्या के मामले में न्यायालय ने तीन अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 25,000-25,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। "ऑपरेशन कनविक्शन" अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देशन में पुलिस टीम ने प्रभावी पैरवी की, जिसके फलस्वरूप अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश ईसी एक्ट, गोरखपुर की अदालत ने यह फैसला सुनाया।

**यह रहे दोषी अभियुक्त**– उर्मिला देवी पत्नी राजेश गुप्ता ,दिलीप गुप्ता पुत्र राजवली उर्फ भग्गन ,राजवली उर्फ भग्गन पुत्र दुखी ,तीनों अभियुक्त कल्याणपुर मिश्रौलिया, थाना बड़हलगंज, जनपद गोरखपुर के निवासी हैं।

**पुलिस की मजबूत पैरवी से मिली सजा**– बड़हलगंज चन्द्रभान सिंह, थाने के पैरोकार और मॉनिटरिंग सेल की अहम भूमिका रही। वहीं, विशेष लोक अभियोजक (SPP) श्री सतीश चंद्र यादव एवं श्री धीरेन्द्र जायसवाल के प्रभावी तर्कों के चलते अभियुक्तों को कड़ी सजा दिलाई गई।

**क्या था मामला?**– गौरतलब है कि वर्ष 2015 में थाना बड़हलगंज में मु0अ0सं0 14/2015 अंतर्गत धारा 302 (हत्या) व 201 (अपराध छुपाने का प्रयास) भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित "ऑपरेशन कनविक्शन" के तहत गोरखपुर पुलिस ने इस केस में प्रभावी पैरवी कर दोषियों को सजा दिलाने में सफलता प्राप्त की।

**पुलिस ने जनता से की अपील**– गोरखपुर पुलिस ने इस सजा को अपराधियों के लिए सबक बताते हुए आम जनता से अपील की है कि अपराधियों को किसी भी प्रकार का सहयोग न दें और किसी भी अपराध की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# सनातन धर्म व दर्शन में समता, समानता और भाई चारे का अनुठा उदाहरण है कृष्ण सुदामा मित्रता

● सुदामा जी के पैर धोते हुए द्वारिकाधीश के आखों से अश्रु की धारा बहती रही

स्वतंत्र प्रभात

**खजनी गोरखपुर** खजनी तहसील अन्तर्गत ग्राम वरीवन्दुआरी के विष्णु देव त्रिपाठी स पत्नी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान के सातवें दिन कथा व्यास वृंदावन से पधारे अखिलेश आनंद जी महाराज ने विभिन्न प्रसंगों पर अपने धार्मिक विचार प्रस्तुत किया जिसमें सनातन धर्म में कृष्ण-सुदामा का प्रसंग यह दर्शाता है कि प्राचीन काल से सनातन धर्म में किसी प्रकार का भेद भाव नहीं रहा है और गुरुकुलों में भारतीय संस्कृति तथा उसका दर्शन देखने को मिलता है द्वारीकाधिस भगवान कृष्ण व गरीब असहाय ब्राम्हण सुदामा का भगवान ने अपने हाथ से पांव पखारा और उन्हें राजपाट देकर मित्रता का अनुठा उदाहरण प्रस्तुत किया यही हमारे सनातन धर्म व संस्कृति की पहचान है उन्होंने सातवें दिन लीला पुरुषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया। मां देवकी के कहने पर छह पुत्रों को वापस लाकर मां देवकी को वापस देना, सुभद्रा हरण का आख्यान कहना एवं सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कथा व्यास अखिलेश आनंद जी महाराज ने बताया कि मित्रता कैसे निभाई जाए यह भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा जी से समझा जा सकता है। सुदामा अपनी पत्नी के आग्रह पर अपने मित्र कृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे लेकिन द्वार पर द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह कृष्ण के मित्र हैं, इसपर द्वारपाल महल में गए और प्रभु से कहा कि कोई उनसे मिलने आया है। अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से उन्होंने सुदामा का नाम सुना सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से नंगे पांव द्वार की तरफ भागे। सामने सुदामा सखा को देखकर उन्होंने उसे अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग अचंभित हो गए। कृष्ण ने सुदामा को अपने राज सिंहासन पर बैठा कर यह साबित किया कि मित्रता में किसी प्रकार



का भेद भाव नहीं होना चाहिए। उन्हें कुबेर का धन देकर मालामाल कर दिया। जब भी भक्तों पर विपदा आई है। प्रभु उनका तारण करने अवश्य आए हैं। वरीवन्दुआरी में चल रही सात दिवसीय कथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। अंत में भागवत भगवान की आरती की गई प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। मुख्य अतिथि दुर्गेश मिश्रा शैलेश त्रिपाठी बृजेश त्रिपाठी राजनरायन त्रिपाठी बद्री विशाल त्रिपाठी बबलू त्रिपाठी गोरख राम तिवारी गुलाब शुक्ला लाल्लू त्रिपाठी मोलई त्रिपाठी बिकोल त्रिपाठी अनिल त्रिपाठी आलोक त्रिपाठी हौसला त्रिपाठी एवं सभी समस्त ग्रामीण क्षेत्र के सभी भक्तगण उपस्थित रहे।

# चैत्र नवरात्रि की तैयारियों को लेकर विंध्यधाम पहुंचे नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी

**मीरजापुर।** नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने चैत्र नवरात्रि की तैयारियों को लेकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ विंध्यधाम पहुंचकर मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष विंध्यधाम के घाटों पर भी पहुंचे जहा उन्होंने घाटो पर बन रहे अस्थायी शौचालय, बैरिकेटिंग,घाटों पर महिलाओं के चेंजिंग रूम, लाइटिंग, पेयजल आदि व्यवस्था को समय से पहले ही दुरुस्त करने का निर्देश दिया है।उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में देश के कई कोने से लोग माता का दर्शन करने विंध्यधाम आते है, इसलिए मेला क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाये,दिन में दो बार झाड़ू लगाया जाए,मुख्य स्थलों पर डस्टबिन रखवाया जाए जिससे कूड़ा इधर उधर न पड़ा रहे।मेला परिक्षेत्र में पड़ने वाले सभी लाइटो की जांच कर उसको दुरुस्त भी किया जाए।

# भाजपा सरकार की आठ साल की उपलब्धियों की दी गई जानकारी

स्वतंत्र प्रभात




**चित्रकूट ब्यूरो**– उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी नेताओं ने प्रेस वार्ता कर सरकार की उपलब्धियों को बताया। साथ ही भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि धर्मनगरी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल होने के कारण वर्ष पर्यन्त पर्यटकों का आवागमन लाखों की संख्या में बना रहता है। धर्मनगरी के समेकित पर्यटन विकास के लिए प्रदेश सरकार ने श्री चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद की स्थापना की है। जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ है। इस परिषद द्वारा महाकुंभ 2025 एवं अमावस्या मेला के दृष्टिगत अस्थाई रैन बसेरों, सुलभ प्रसाधन आदि की व्यवस्था की गयी थी। इसके साथ ही जनपद में 15 सूट का डाक बंगला, हवाई अड्डा डिफेंस कोरिडोर, राम वन गमन मार्ग, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे, महिला घाट पुल, रसिन बांध सहित अन्य विकास कार्य किए गए हैं। इसके अलावा कल्याणकारी योजनाओं से जनपद के लाखों लोग लाभान्वित हुए हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री ने चित्रकूट को प्रथम वरीयता में रख कर विकास कार्य किए है। जितना विकास पिछले कई सालों में नहीं हुआ, उससे कई गुना ज्यादा काम इन आठ वर्षों में हुआ है। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने कहा कि देश की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने देश को दुनिया में विकसित देशों की श्रेणी में लाने का काम किया है। कार्यक्रम संयोजक आनन्द प्रताप सिंह ने कहा कि पार्टी द्वारा प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच जाकर सरकार द्वारा किए गए कामों को बताने का काम करेंगे। इस मौके पर चित्रकूट में पूर्व विधायक दिनेश मिश्र, जिला महामंत्री आलोक पांडेय, राजेश जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष हीरो मिश्रा, नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी, जगदीश गुप्ता, प्रदीप त्रिपाठी, राजा मिश्रा, दीपक द्विवेदी, सोनू खंगार आदि मौजूद रहे।

# जानलेवा हमले के आरोपी को पांच वर्ष की सजा

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट** पड़ोसी युवक को घर में बुलाकर तमंचे से गोली मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी को सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती 30 जून 2020 को हर्रा गांव की निवासी राजकुमारी यादव ने पहाड़ी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने बताया था कि बीती 29 जून 2020 की अर्द्धरात्रि को उसके पति महिपाल को गांव का ही भरत यादव बुलाकर अपने घर के अंदर ले गया और जान से मारने की नीयत से तमंचे से गोली मार दी। गोली लगने से उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद परिजनों की मदद से घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने महिपाल यादव को प्रयागराज रिफर कर दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें जानलेवा हमले का दोष सिद्ध होने पर आरोपी भरत यादव को पांच वर्ष कारावास के साथ 15,000 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड की धनराशि में से 10,000 रुपये इस घटना में घायल हुए महिपाल यादव को बतौर प्रतिकर प्रदान करने के आदेश दिए गए।

# युवती की हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

स्वतंत्र प्रभात

**चित्रकूट** भाजी तोड़ने गई युवती के साथ छेड़खानी करने और विरोध करने पर युवती को कुल्हाड़ी से काटकर मौत के घाट उतार देने के मामले में दोष सिद्ध होने पर एससी/एसटी एक्ट कोर्ट के स्पेशल जज राममणि पाठक ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 13,000 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक अभियोजन अधिकारी एसके यादव ने बताया कि बीती 16 दिसम्बर 2014 को कर्वी कोतवाली में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस दी गई तहरीर में वादी ने बताया था कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री 16 दिसम्बर 2014 को घर से खेतों की ओर गई थी। दिन ढ़लने के बाद खेतों से लौटते समय एक स्थान से वह चने की भाजी तोड़ने लगी। इस दौरान सीतापुर चैकी क्षेत्र के अंतर्गत रानीपुर भट्ट गांव का निवासी अर्जुन यादव मौके पर पहुंच गया और उसने भाजी वाले खेत को अपना बताते हुए युवती के साथ गाली गलौज शुरू कर दिया। साथ ही हाथ पकड़कर छेड़खानी करते हुए घसीटकर ले गया। युवती द्वारा विरोध किए जाने पर अर्जुन ने उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। युवती की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या किए जाने की खबर मिलने पर पूरे इलाके में हड़कम्प मच गया था और तत्कालीन पुलिस अधीक्षक समेत मौके पर पहुंचे। साथ ही आरोपी को घटना के दूसरे दिन ही 17 दिसम्बर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को एससी/एसटी एक्ट कोर्ट के स्पेशल जज राममणि पाठक ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी अर्जुन यादव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 13,000 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

# भाकियू ने बर्बरता के खिलाफ दिया धरना, सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



**चित्रकूट ब्यूरो**– संयुक्त किसान मोर्चा के आवाहन पर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन ने जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में पंजाब में किसानों के साथ हुई बर्बरता के खिलाफ सदर तहसील में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। भाकियू जिलाध्यक्ष ने कहा कि पिछले कुछ समय से पंजाब सरकार केंद्र सरकार के साथ मिलकर किसानों की जायज मांगों के लिए चल रहे संघर्ष के खिलाफ पुलिस के जरिए दमन अभियान चला रही है। बीती 19 मार्च को केंद्र सरकार के मंत्रियों से बातचीत कर लौट रहे किसान नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। शंभू और खनौरी में बुलडोजर चलाकर किसानों के धरनास्थलों को जबरन उठा दिया गया। ट्रैक्टर ट्रॉलियों सहित किसानों के उपकरण तोड़ दिए गए। कर्नल पुष्पिंदर सिंह बाठ के खिलाफ पुलिस की बर्बरता और सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद लोगों के घरों को बुलडोजर से ध्वस्त करना इसके ज्वलंत उदाहरण हैं।

इसके साथ ही केंद्र सरकार विदेशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रही है। ये समझौते देश के राष्ट्रीय हितों के लिए हानिकारक साबित होंगे। इससे देश में कृषि और डेयरी क्षेत्र के साथ अन्य छोटे व्यवसायों के नष्ट होने की संभावना है।

भाकियू ने मांग की कि पुलिस के अंधाधुंध बल प्रयोग को बंद किया जाए तथा जनता के संघर्ष के लोकतांत्रिक अधिकार को बहाल किया जाए। गिरफ्तार या जेल में बंद सभी किसानों को बिना शर्त रिहा किया जाए। किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों सहित सभी उपकरण वापस किये जाए तथा क्षतिग्रस्त या चोरी हुए सामान की भरपाई पंजाब सरकार द्वारा की जानी चाहिए। कहा कि अमेरिका सहित अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों के लिए चल रही बातचीत जो राष्ट्रीय हितों के लिए रोकी जानी चाहिए।

जिलामहामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के साथ छलावा कर रही है। निजी ट्यूबल वाले किसानों को रोस्टर बना कर मात्र सात घंटे बिजली देने वाला रोस्टर तैयार किया है। इस निर्णय को अविलंब वापस लिया जाए। जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल ने मांग की कि गौशालाओं से गर्मियों में जानवर न छोड़े जाए। इस मौके पर मंडल सचिव रामकरण सिंह, उद्यनारायण सिंह, दीपराज सिंह, बीरेंद्र सिंह, जसवंत सिंह चैहान, कमलेश पटेल, युवा विंग अध्यक्ष अर्जुन सिंह, सिद्धार्थ विक्रम, अमित पटेल, साधो प्रसाद, विजय त्रिपाठी, नीलकंठ द्विवेदी, राजकिशोर सिंह, नरेश तिवारी, नरेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# जल जीवन मिशन के तहत पानी की समस्या का समाधान- अहम पहल, जन जागरूकता अभियान में हुआ कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात




**चित्रकूट।** जल जीवन मिशन (हर घर जल) के अंतर्गत भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चित्रकूट जनपद में पानी की समस्या के समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की जा रही हैं। इन योजनाओं के माध्यम से जनपद के ग्रामीण इलाकों में पानी की उपलब्धता और स्वच्छता में सुधार लाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। चित्रकूट के विकास खण्ड कर्वी में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन और स्वच्छता अभियान के तहत एक अहम जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) की टीम ने आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) गतिविधियों का संचालन किया, जिसमें मेसर्स अंबर प्रेस प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ के माध्यम से ग्राम पंचायतों में जागरूकता बढ़ाने के लिए कई सामग्री का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत राजस्व गांव बिरहा, अमीरपुर हुलसा, भगनपुर और छपरा माफी में जल सखी, जल ग्राम समिति (VWSC) के सदस्य, और पानी की टंकी में कार्य करने वाले कार्मिकों को 13 नग जल जीवन मिशन की प्रचार सामग्री दी गई। इनमें मुद्रित फैब्रिक बैग, टी-शर्ट, कैप और राइटिंग पैड शामिल थे। इस वितरण के दौरान ग्राम प्रधानों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिससे स्थानीय समुदाय के लोग सीधे तौर पर जुड़ सके और पानी के संरक्षण एवं स्वच्छता की दिशा में अपने कर्तव्यों को समझ सकें। इस पहल के माध्यम से जल जीवन मिशन का उद्देश्य केवल जल आपूर्ति में सुधार नहीं बल्कि ग्रामीण समुदायों में जल उपयोग के प्रति जागरूकता फैलाना भी है, ताकि हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंच सके और लोग जल की महत्ता को समझते हुए उसे बचाने की दिशा में सक्रिय रहें। कहा जा सकता है कि यह अभियान जल जीवन मिशन के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है, और यह जनपद में पानी की समस्या को हल करने की दिशा में एक मजबूत प्रयास है।

# मारिफा हक ने प्राप्त किया पहला स्थान



**चित्रकूट**– जिला मुख्यालय के शैक्षणिक संस्थानों में कक्षा एक से पांच तक के बच्चों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। शहर के बचपन प्ले स्कूल में शुक्रवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें बच्चों को विद्यालय प्रबंधन द्वारा रिपोर्ट कार्ड सौंपा गया। जिसमें यूकेजी कक्षा की छात्रा मारिफा हक ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक मिनहाज खान ने बताया कि मारिफा हक विद्यालय की एक होनहार छात्रा है, जो हमेशा से विद्यालय में बेहतर अंक हासिल करके क्षेत्र का नाम रौशन करती है। इसके अलाला मारिफा हक नियमित रूप से विद्यालय आने और विज्ञान प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती है। इसी प्रकार किंग्सन इंग्लिश मीडियम जूनियर हाईस्कूल और एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल के भी परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। जिसमें श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र और शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया।

# एसीपी ने फ्री हेल्मेट वितरण कर किया जागरूक

**कानपुर।** एसीपी यातायात (पूर्वी व दक्षिण जोन) कृष्ण कांत द्वारा बर्रा बायपास चौराहा एवं रमईपुर चौराहा पर बिना हेलमेट धारण किए दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया । मौके पर टीआई दक्षिण जोन प्रथम व द्वितीय मौजूद रहे। एसीपी यातायात महोदय (पूर्वी व दक्षिण जोन) श्री कृष्ण कांत द्वारा पनचक्की चौराहा का भौतिक निरीक्षणकिया तथा सुगम, सुव्यवस्थित व सुरक्षित यातायात व्यवस्था हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए । टीएसआई सतेंद्र पाल सिंह द्वारा मंगला विहार पुलिया पर विपरीत दिशा से आने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया तथा वैधानिक कार्यवाही की गयी । उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार कानपुर कमिश्नरेट पुलिस द्वारा दिनांक 27.03.2025 को यातायात नियमों का पालन न करने वालों पर की गई कार्यवाही। रॉन्ग साइड 219 ट्रिपल सवारी टू व्हीलर 90 एचएसआरपी 31 अन्य 682 कुल 1022 चालान किए गए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मानवता को प्रेम शांति और भाईचारे का संदेश देता है रोजा इफ्तार : रईस अहमद

**मनकापुर गोंडा :** गौरा विधानसभा क्षेत्र के विकासखंड बभनजोत के अंतर्गत हबीब नगर करौहा में उस्मान अली बढ़या द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। रोजा इफ्तार में पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय



उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा रईस अहमद ने कहा कि रोजा इफ्तार मानवता को प्रेम शांति और भाईचारे का संदेश देती है। श्री अहमद ने कहा कि सभी से प्रेम करो किसी से द्वेष मत रखो हम सभी को मिलकर अंतर धार्मिक सद्भाव को बढ़ावा देना चाहिए। रोजा इफ्तार से बहुत ही सवाब मिलता है। ऐसा प्रोग्राम जरूर करना चाहिए। रोजा इफ्तार पार्टी में मुख्य रूप से कारी अब्दुल वसीम, तबरेज अहमद, सिराज खान, शाबान बेग, इरफान बेग, अमीर अहमद, सईद फरीद, मोहम्मद राशिद, रईसजादे क्षेत्र पंचायत सदस्य, फैज सहित साइकिलों लोग मौजूद रहे।

### दिनदहाड़े युवक का अपहरण, पुलिस ने 6 घंटे में किया सकुशल बरामद

सुपौल, त्रिवेणीगंज) सुपौल जिले के त्रिवेणीगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुरुवार को दिनदहाड़े बाजार क्षेत्र के साइंस कॉलेज के पास से जदिया थाना क्षेत्र के कोरियापट्टी पूरब पंचायत के राजगांव वार्ड-4 निवासी मोहम्मद इकबाल के 23 वर्षीय पुत्र मोहम्मद आमिर का अपहरण कर लिया गया। इस वारदात को पांच नामजद और पांच अज्ञात बदमाशों ने हथियार के बल पर अंजाम दिया। घटना के बाद अपहृत युवक की मां जहिरा खातून ने शाम को थाना पहुंचकर अपने बेटे की बरामदगी के लिए लिखित शिकायत दी। उन्होंने पांच नामजद और कुछ अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि उनका बेटा किसी काम से त्रिवेणीगंज बाजार गया था, जहां बदमाशों ने उसे पिस्तौल दिखाकर अगवा कर लिया। अपहरण के बाद बदमाशों ने अज्ञात मोबाइल नंबर से फोन कर 50,000 रुपये फिरौती मांगी और पैसे नहीं मिलने पर बेटे की हत्या की धमकी दी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर वरीय अधिकारियों को सूचना दी। एसडीपीओ विपिन कुमार के निर्देश पर प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसमें सब-इंस्पेक्टर रंजीत मंडल, मनीष कुमार, तनूजा कुमारी, निधि गुप्ता, पीटीसी सन्नी कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मात्र छह घंटे के भीतर अपहृत युवक मोहम्मद आमिर को मिरजावा स्कूल के पास से सकुशल बरामद कर लिया। हालांकि, पुलिस छापेमारी की भनक लगते ही सभी अपहरणकर्ता अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस ने अपहृत युवक को थाने लाकर पूछताछ की, जहां उसने पूरी घटना की जानकारी दी। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि बरामद युवक का बयान दर्ज कराने के लिए उसे न्यायालय भेज दिया गया है। वहीं, घटना में संलिप्त सभी अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### आग लगने से 150बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई खाक

**सिद्धार्थनगर।** जिले के इटवा तहसील क्षेत्र के पोखरभिटवा गांव के पूरब सीवान में अज्ञात कारणों से लगी आग लगभग 150 बीघा गेहूं की फसल जल कर खाक हो गई। पोखरभिटवा से लगी आग मुडिला



गांव से होकर आग पहुंची खुखुडी गांव नहर तक खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गया खुखुडी गांव के राम पाल मिश्रा 6बीघ राम शब्द मौर्य 6बीघ मनीराम 2बीघा ज्ञान दास2बीघा राज किशोर 2बीघा मातिवार पांडे 6 बीघा हंसराज पांडे 6 बीघा हाथीराम चार बीघा डबलू मिश्रा 6बीघा, मोहम्मद अली 3÷30 बीघा, अली हुसैन 2बीघा, विजय बहादुर 7 बीघा ,शौकत 2 बीघा, रोजन दो बीघा, बोदे दो बीघा, तीन बीघा तस्लीम ,आदि लोगों का गेहूं जलकर ख़ाक हो गया।मौके पहुंची फायर बिग्रेड व ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# महाराजा अग्रसेन मॉडल स्कूल, पीतमपुरा द्वारा बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन और उत्पीड़न के खिलाफ अभिभावकों का विरोध प्रदर्शन



**स्वतंत्र प्रभात**

नई दिल्ली, 28 मार्च 2025÷ महाराजा अग्रसेन मॉडल स्कूल, सीडी ब्लॉक, पीतमपुरा द्वारा अवैध और जबरन फीस वसूली के खिलाफ आज 50 से अधिक आक्रोशित अभिभावकों ने दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (DCPCR) के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने स्कूल द्वारा गैर-स्वीकृत और अवैध फीस न चुकाने पर बच्चों को मानसिक उत्पीड़न और प्रमोशन रोकने जैसी धमकियों का मुद्दा उठाया अभिभावकों का आरोप÷ स्कूल प्रबंधन द्वारा दिल्ली शिक्षा निदेशालय (DoE) के स्पष्ट निर्देशों की अवहेलना करते हुए छात्रों को मानसिक दबाव में रखा जा रहा है। अभिभावकों ने बताया कि DoE ने पहले ही स्कूल के फीस वृद्धि प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था और अतिरिक्त वसूली गई फीस को वापस करने का निर्देश दिया था, फिर भी महाराजा अग्रसेन मॉडल स्कूल लगातार इस आदेश की अनदेखी कर रहा है और छात्रों को अवैध फीस जमा कराने के लिए मजबूर कर रहा है। अवैध प्रथाओं और मानसिक उत्पीड़न का आरोप अभिभावकों ने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा आधिकारिक ऐप के माध्यम से संदेश भेजे जा रहे हैं, जिनमें बच्चों की ÷अगली कक्षा में प्रोन्नति बकाया राशि के भुगतान पर निर्भर÷ बताई जा रही है। इस प्रकार के जबरन वसूली के संदेशों ने विशेष रूप से कक्षा ढ्ढङ्ग, ङ्ग और ङ्गढ्ढ के छात्रों को अपमानित और मानसिक रूप से आहत किया है। कई अभिभावकों ने आरोप लगाया कि स्कूल मासूम बच्चों को ÷जबरन वसूली का माध्यम÷ बना रहा है और गैरकानूनी शुल्क वसूलने के लिए छात्रों को मानसिक तनाव में डाल रहा है कानूनी और न्यायिक आदेशों का उल्लंघन स्कूल का यह रवैया दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा W.P. (C) No. 4109/2013, दिनांक 19.01.2016 में पारित आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है, जिसमें कहा गया है कि सरकार द्वारा आवंटित भूमि पर संचालित स्कूल किसी भी फीस वृद्धि के लिए पहले शिक्षा निदेशालय (DoE) से अनुमोदन प्राप्त करने के लिए बाध्य हैं। महाराजा अग्रसेन मॉडल स्कूल, सीडी ब्लॉक, पीतमपुरा इस श्रेणी में आता है लेकिन फिर भी स्कूल ने इस आदेश की जानबूझकर अवहेलना की है, जिससे छात्रों के मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। DCPCR से तत्काल कार्रवाई की मांग प्रदर्शन के दौरान अभिभावकों ने DCPCR को औपचारिक शिकायत सौंपकर बच्चों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए त्वरित कार्रवाई की मांग की। उनकी प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं÷ उत्पीड़न की जांच÷ स्कूल द्वारा अपनाई जा रही जबरन वसूली और भेदभावपूर्ण प्रथाओं की विस्तृत जांच। उत्पीड़न से सुरक्षा÷ स्कूल को निर्देश देना कि किसी भी बच्चे को अवैध फीस न देने पर शिक्षा से वंचित न किया जाए। बिना शर्त प्रोन्नति÷ यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी पात्र छात्रों को फीस विवाद से संबंधित शर्तों के बिना प्रोन्नति दी जाए। अनुशासनात्मक कार्रवाई÷ स्कूल प्रबंधन के खिलाफ बच्चों के अधिकारों के उल्लंघन और ष्ठश्व एवं न्यायालय के आदेशों की अवहेलना के लिए उचित कानूनी और अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश। तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता अभिभावकों ने इस मुद्दे को बच्चों की भावनात्मक, मानसिक और शैक्षणिक सुरक्षा से जुड़ा बताते हुए bha से आग्रह किया कि वे तुरंत हस्तक्षेप करें और छात्रों के अधिकारों को बहाल करें। राष्ट्रीय युवा चेतना मंच भारत के महासचिव महेश मिश्रा ने कहा कि दिल्ली में निजी स्कूलों की मनमानी आम हो गई है, जिसका पूरा श्रेय शिक्षा निदेशालय (DOE), डिप्टी डायरेक्टर जोन (DDE) और डीई नामिनी को जाता है। या तो ये अधिकारी नियमानुसार कार्रवाई नहीं करते, और अगर कोई आदेश पारित भी करते हैं, तो उसे धरातल पर लागू कराने में पूरी तरह से लापरवाही बरतते हैं। इसी कारण अधिकांश अभिभावकों और दिल्लीवासियों का मानना है कि यह सब शिक्षा विभाग और स्कूलों की मिलीभगत का नतीजा है। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने वाले दोनों प्रमुख विभाग - राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) और दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (DCPCR) शिकायतें मिलने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे। अधिकांश मामलों में वे केवल DOE/DDE को जवाब सबमिट करने का निर्देश देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। यह जानते हुए भी कि समय रहते उचित कार्रवाई से मासूम बच्चों का उत्पीड़न रोका जा सकता है और वे किसी मानसिक आघात (ट्रॉमा) का शिकार होने से बच सकते हैं। यदि किसी नाबालिग बच्चे को इस लापरवाही के चलते ट्रॉमा का सामना करना पड़ता है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी इन राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय संस्थाओं की होगी। महेश मिश्रा ने शिक्षा मंत्रालय (राष्ट्रीय/राज्य) से मांग की कि कुछ आवश्यक मुद्दों पर तत्काल प्रभाव से कदम उठाए जाएं ताकि बच्चों का उत्पीड़न और स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाई जा सके। उनकी मुख्य मांगें निम्नलिखित हैं÷ 1. स्कूलों के फीस प्रस्ताव को समय रहते स्वीकृत या अस्वीकृत करना। 2. सभी स्कूलों में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई पीटीए (Parent Teacher Association) का गठन। 3. नियमों का बार-बार उल्लंघन करने वाले स्कूलों का टेकओवर। 4. फीस प्रस्तावों में फोरेंसिक ऑडिट की अनिवार्यता। 5. अधिकारियों को समय सीमा में समाधान देने के निर्देश, अन्यथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को निलंबित किया जाए। 6. सीएजी (CAG) द्वारा स्कूलों की वित्तीय ऑडिट प्रक्रिया में कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को तत्काल लागू करना, जिससे इस प्रकार की अनियमितताओं पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि हम (संस्था/अभिभावक) शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा नीतियों के सुधार में योगदान देने के लिए शिक्षा मंत्रालय के साथ चर्चा के लिए तैयार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि इन कुछ बिंदुओं पर तुरंत कदम उठाए जाएं, तो दिल्ली में शिक्षा प्रणाली में व्याप्त भ्रष्टाचार और मनमानी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है

# जनपद में जनकल्याणकारी योजनाओं का भव्य वितरण समारोह का हुआ आयोजन




**स्वतंत्र प्रभात**

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को गोंडा जिले का दौरा किया। जहां पर उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर उन्होंने 200 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री स्कूल किट, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा पोषण अभियान अन्तर्गत पोषण पोटली, स्वास्थ्य विभाग द्वारा बालिकाओं को हाईजीन किट, स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रधानमन्त्री जन आरोग्य योजनान्तर्गत आयुष्मान कार्ड वितरण, राजस्व विभाग द्वारा भूमि सुधार योजनान्तर्गत आवासीय पट्टा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को उपकरण, स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजनान्तर्गत छात्रों को टैबलेट, जिला ग्रामोद्योग विभाग द्वारा खादी नीति अन्तर्गत पापकार्न मशीन, मैजीपुर चीनी मिल द्वारा महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान माननीय राज्यपाल ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, ताकि जरूरतमंदों तक इनका लाभ पहुंच सके। कार्यक्रम में लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज की छात्राओ द्वारा दिए गए प्रेरणादायक उद्बोधन और आंगनबाड़ी के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी राज्यपाल जी ने अवलोकन किया और उनकी प्रशंसा की। इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को प्रारंभ से ही सही संस्कार और शिक्षा देने से वे आत्मनिर्भर बनेंगे और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी व्यक्ति के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं, और सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि शिक्षा और स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे और कोई भी व्यक्ति इनसे वंचित न रहे। उन्होंने बच्चों द्वारा किये गये योग कार्यक्रम की सराहना की और सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर योग का कार्यक्रम प्रतिदिन कराने को कहा, साथ ही कहा कि इससे स्वस्थ बच्चों का निर्माण होगा।

**गोंडा को बनायें बाल विवाह और दहेज प्रथा मुक्त जनपद - राज्यपाल**

महामहिम राज्यपाल ने गोंडा की जनता से अपील करते हुए कहा कि गोंडा से बाल विवाह और दहेज प्रथा को जड़ से समाप्त करें, सभी लोग संकल्प लें कि जनपद में कोई भी बाल विवाह नहीं होने दिया जाएगा तथा दहेज प्रथा को जड़ से खत्म कर दिया जाएगा।

# अलविदा जुमे की नमाज अदा कर मुल्क की तरक्की और अमन की मांगी दुआ

**स्वतंत्र प्रभात**

**त्रिवेणीगंज।** प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में अकीदत और एहतेराम के साथ मुस्लिम धर्मावलंबियों ने रमजान-उल-मुबारक के आखिरी जुमा (अलविदा जुमा) की नमाज अदा की। नमाज अदा करने के बाद नमाजियों ने अपने गुनाहों की माफी मांगी और मुल्क की तरक्की, अमन और शांति के लिए दुआ की। अलविदा जुमा को लेकर मस्जिदों में काफी रौनक रही। मुस्लिम मोहल्लों में सुबह से ही चहल-पहल देखने को मिली, खासकर बच्चों में इस दिन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। छोटे-छोटे बच्चे नए कपड़े पहनकर मस्जिद पहुंचे और नमाज अदा की। इमाम ने नमाज की पाबंदी और जकात-फितरा की अहमियत पर दिया जोर थाना रोड स्थित जामा मस्जिद में इमाम मौलाना तौसीफ नदवी ने तकरीर के दौरान कहा कि आज हम रमजान-उल-मुबारक के आखिरी जुमा यानी अलविदा जुमा की नमाज अदा कर रहे हैं। हमें सिर्फ रमजान को अलविदा कहना है, नमाज को नहीं। उन्होंने कहा कि हर मुसलमान को पांचों वक्त की नमाज की पाबंदी करनी चाहिए। उन्होंने जकात और फितरा की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि हर मुसलमान को अपनी कमाई का ढाई फीसदी हिस्सा बतौर जकात और सदका-ए-फितर निकालकर गरीबों में बांटना चाहिए, ताकि वे भी खुशी-



खुशी ईद मना सकें। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति अपने माल से जकात अदा करता है, उसका माल पाक-साफ हो जाता है और उसमें बरकत होती है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि जो रोजेदार सदका-ए-फितर अदा नहीं करता, उसका रोजा अल्लाह की राह में कबूल नहीं होता। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर प्रभारी थानाध्यक्ष राहुल कुमार समेत पुलिस बल विभिन्न मस्जिदों में गश्त करता नजर आया वक्फ संशोधन विधेयक के विरोध में नमाजियों ने किया शांतिपूर्ण प्रदर्शन शुक्रवार को जुमा की नमाज अदा करने के बाद थाना रोड स्थित जामा मस्जिद, जामा मस्जिद डपरखा समेत प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों के बाहर वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के निर्देश पर नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण विरोध जताया और अपने हाथों में पोस्टर लेकर नारेबाजी की।

# पॉलिसी संवाद द्वारा जनजातीय कल्याण के लिए लोक नीति पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**

**नई दिल्ली।** भारत की पहली द्विभाषी लोक नीति पत्रिका पॉलिसी संवाद ने इंस्टीट्यूट फॉर पब्लिक पॉलिसी रिसर्च एंड डेवलपमेंट ट्रस्ट (IPPRDT) एवं महामना मदन मोहन मालवीय मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया। ÷भविष्य का वित्तपोषण÷ जनजातीय कल्याण और समावेशी विकास के लिए सार्वजनिक नीति और वित्त÷ विषयक यह कार्यक्रम मालवीय स्मृति भवन, नई दिल्ली में संपन्न हुआ। कार्यशाला का उद्घाटन पॉलिसी संवाद के संपादक और लोक नीति विश्लेषक गौरव कुमार द्वारा अतिथि सत्कार के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री अंतर सिंह आर्य, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, ने अपने संबोधन में लोक नीति के क्षेत्र में सकारात्मक संवाद और इस विषय पर जागरूकता बढ़ाने में पॉलिसी संवाद की भूमिका की सराहना की। उन्होंने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वर्तमान केंद्रीय बजट में जनजाति कल्याण के लिए किए गए विभिन्न प्रावधानों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने जनजातीय समुदायों



के समावेशी विकास हेतु कई प्रभावी कदम उठाए हैं।इसी क्रम में, विशिष्ट अतिथि श्री निरुपम चाकमा, सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, ने अनुसूचित जनजातियों के समग्र और समावेशी विकास में लोक वित्त और उसके प्रभावी प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया। श्रीमती विजया भारती सयानी, पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष एवं सदस्य, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, ने भी कार्यशाला के विषय पर अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। श्री हरिशंकर सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामना मालवीय मिशन ने भी अपने संबोधन में जनजातीय कल्याण और नीति निर्माण की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके अलावा, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के संयुक्त सचिव अमित निर्मल ने अपने विशेष व्याख्यान में जनजातीय कल्याण और समावेशी विकास के लिए सार्वजनिक नीति और वित्त की भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए।जनजातीय कल्याण की चुनौतियों और अवसरों की खोज करते हुए डोमेन विशेषज्ञों, नीति पेशेवरों और हितधारकों के बीच विचार-विमर्श हुआ। प्रख्यात विद्वानों और विशेषज्ञों के पैनल ने अनुसूचित जनजाति विकास के अतीत, वर्तमान और भविष्य पर चर्चा को समृद्ध किया। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. प्रकाश चंद कांडपाल (प्रोफेसर, जेएनयू), प्रो. पवनेश कुमार (इग्नू), श्री चक्षु रॉय (पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च), श्री बिनय कुमार सिंह (वरिष्ठ शोधकर्ता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी फाउंडेशन), ए. के. चौबे (महासचिव, भारतीय आदिम जाति सेवक संघ), श्री प्रकाश उईके (पूर्व न्यायाधीश), और डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव (असिस्टेंट प्रोफेसर, जेएनयू) शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान ही पॉलिसी संवाद के दसवें अंक का विमोचन मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा किया गया। प्रतिष्ठित प्रोफेसरों और विश्लेषकों के एक संपादकीय बोर्ड द्वारा संपादित यह पत्रिका शासन, सामाजिक-आर्थिक विकास और नीति विश्लेषण पर अंतर्दृष्टि प्रदान करती रही है। पॉलिसी संवाद भारत के नीति परिदृश्य के भविष्य को आकार देने वाले विद्वानों के प्रभावशाली संवाद के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में काम कर रहा है। कार्यक्रम का समापन डॉ. प्रवीण कुमार झा द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के लैंप फैलो, विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र, लोक नीति से जुड़े प्रशासनिक अधिकारी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 : जिलाधिकारी ने टॉपर्स को किया सम्मानित



**स्वतंत्र प्रभात**

**सुपौल।** शुक्रवार को जिलाधिकारी कौशल कुमार ने इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2025 में विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय से जिले में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह (मोमेंटो) देकर सम्मानित किया। कला संकाय के टॉपर्स प्रथम स्थान÷ रोशनी कुमारी (बबुजन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय) द्वितीय स्थान÷ वाणी विराज (प्रोजेक्ट ललित नारायण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय) तृतीय स्थान÷ अर्चना कुमारी (नत्थु कोशी उच्च माध्यमिक विद्यालय, डगमारा, सुपौल) वाणिज्य संकाय के टॉपर्स प्रथम स्थान÷ अनुष्का कुमारी (ए.एल.वाई. कॉलेज, त्रिवेणीगंज) द्वितीय स्थान÷ मोहम्मद अल्ताफ रजा (सुपौल उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुपौल) तृतीय स्थान÷ सगुप्ता सबा (डिग्री कॉलेज, सुपौल) विज्ञान संकाय के टॉपर्स प्रथम स्थान÷ रुद्रांश प्रियम (हजारी उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुपौल) द्वितीय स्थान÷ गौतम कुमार (के.एन. इंटर कॉलेज, राधोपुर) तृतीय स्थान÷ अदिति कुमारी (डॉ. जगन्नाथ मिश्रा इंटर कॉलेज, सुपौल) सम्मान समारोह में अधिकारी एवं अभिभावकों की उपस्थिति इस अवसर पर जिलाधिकारी कौशल कुमार के साथ जिला शिक्षा पदाधिकारी संग्राम सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) राहुल चंद्र चौधरी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा एवं सर्व शिक्षा अभियान) प्रवीण कुमार, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें मेहनत व लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# डकैती और चोरी के मामलों में चार अपराधियों को दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**

नई दिल्ली पुलिस स्टेशन डिफेंस कॉलोनी, दक्षिण जिले की टीम ने अलग-अलग घटनाओं में 04 घोषित अपराधियों विनय कुमार, राजू कश्यप, दीपक स्वामी और इस्लामुद्दीन को गिरफ्तार किया है। दक्षिण जिले के डिफेंस कॉलोनी थाने के पुलिसकर्मियों को विशेष रूप से इन अपराधियों को पकड़ने का काम सौंपा गया था, इसलिए, टीमें घोषित अपराधियों पर काम कर रही थीं जो माननीय न्यायालय के समक्ष अपनी उपस्थिति से बच रहे थे। तदनुसार, पुलिसकर्मियों ने स्थानीय मुखबिरों को संवेदनशील बनाकर और मानव खुफिया जानकारी एकत्र करके ईमानदारी से प्रयास शुरू किए। पुलिस डिफेंस कॉलोनी की एक टीम जिसमें एचसी संदीप और एचसी करण सिंह शामिल थे, उन घोषित अपराधियों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग विकसित करने के लिए काम कर रही थी जो अपनी उपस्थिति से बच रहे थे। टीम के प्रयासों का फल तब मिला जब एक घोषित अपराधी की उपस्थिति के बारे में विश्वसनीय जानकारी प्राप्त हुई। सूचना को आगे बढ़ाया गया और पीओ के बारे में अधिक विवरण एकत्र किए गए। इनपुट के अनुसार, टीम ने जाल बिछाया और उसे पकड़ लिया। बाद में, उसकी पहचान घोषित अपराधी विनय कुमार के रूप में हुई। उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

इसके अलावा, तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर उपर्युक्त टीम ने फरार आरोपियों को ट्रैक करने के लिए एक व्यापक तलाशी अभियान शुरू किया। तकनीकी विश्लेषण, निगरानी और मानव खुफिया जानकारी का उपयोग करते हुए, टीम ने दो अन्य घोषित अपराधियों को पकड़ लिया। बाद में, उनकी पहचान राजू कश्यप और दीपक स्वाम के रूप में हुई। इसके अलावा, गुप्त सूचना के आधार पर एचसी संदीप, एचसी करण सिंह और सीटी की एक टीम। शिवम ने शास्त्री पार्क, दिल्ली से एक व्यक्ति को पकड़ा। बाद में उसकी पहचान इस्लामुद्दीन के रूप में हुई, जो एक घोषित अपराधी था। इन सभी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। 1.विनय कुमार पुत्र दुख लाल निवासी एच-ब्लॉक, शास्त्री पार्क, दिल्ली। उम्र 31 वर्ष। 2.राजू कश्यप पुत्र प्रेम चंद कश्यप निवासी शिव विहार, विकास नगर, उत्तम नगर, दिल्ली। उम्र 37 वर्ष। 3.दीपक स्वामी उर्फ दीपक पुत्र वासु त्रिमल स्वामी, निवासी दक्षिण पुरी, अंबेडकर नगर, दिल्ली। उम्र 26 वर्ष। 4.इस्लामुद्दीन पुत्र अलाउद्दीन निवासी डी-ब्लॉक, शास्त्री पार्क, दिल्ली। उम्र 27 वर्ष। उदलो 1.आरोपी विनय कुमार फरार था और उसे माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 21.9.2024 के आदेश के अनुसार केस एफआईआर संख्या 709/17, यू/एस 379/411 आईपीसी, पीएस न्यू उस्मानपुर, दिल्ली के संबंध में घोषित अपराधी घोषित किया गया था।

